CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 23 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 167 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम: 06°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें।
मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | माघ शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 शाबान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संतों का अपमान हुआ, तो सपा साथ खड़ी रहेगी: अखिलेश पेज 2




भारत में टी-20 विश्वकप नहीं खेलेगा बांग्लादेश खेल टाइम्स



अंतरिक्ष में वायरस में होने वाले परिवर्तन महत्वपूर्ण अध्ययन का विषय सम्पादकीय



ट्रम्प का यू-टर्न, यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ नहीं लगाएंगे पेज 12

## योगी ने राज्यमंत्री बृजेश सिंह के दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सीएम ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की

**देवबंद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनपद में राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह के पैतृक आवास जड़ौदा जट्ट, देवबंद पहुंचकर उनके दिवंगत पिता स्व. डा. राजकुमार रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

श्री योगी गांव जड़ौदा जट्ट में करीब 3.30 बजे पहुंचे एवं 3.40 बजे कुंवर बृजेश सिंह के आवास पहुंचे। मुख्यमंत्री शाम 4.05 पर सरसावा एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान होकर मेरठ के लिए रवाना हो गए। मुख्यमंत्री श्री योगी ने दिवंगत आत्मा की शान्ति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

# चुनाव आयोग ने पेश किया अपना डिजिटल मंच ईसीआईनेट

शाह टाइम्स ब्यूरो




■ प्रौद्योगिकी को दूसरे निकायों को और दूसरे देशों के साथ साझा करने का प्रस्ताव किया
■ इसे कानून की कसौटी पर परख कर विकसित किया गया है और यह 22 अनुसूचित भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध : ज्ञानेश कुमार

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने यहां लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन पर भारत के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईआईसीडीईएम-2026) में चुनाव से संबंधित सभी जानकारी और सेवाओं के लिए भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म ईसीआईनेट का उद्घाटन किया और इसकी प्रौद्योगिकी को दूसरे देशों के साथ साझा करने का प्रस्ताव किया।

तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भारत मंडपम में चल रहा है। ईसीआईनेट की परिकल्पना ज्ञानेश कुमार ने अपने साथी चुनाव आयुक्तों डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी के साथ मिलकर की है। आयोग ने इसके विकास की घोषणा मई 2025 में की थी। श्री कुमार ने विश्व भर में इसे चुनाव प्रबंधन से जुड़ी संस्थाओं और संगठनों के समक्ष ईसीआईनेट को प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसे कानून की कसौटी पर परख कर विकसित किया गया है और यह 22 अनुसूचित भाषाओं और अंग्रेजी में उपलब्ध है। उन्होंने इसकी प्रौद्योगिकी को दुनिया के दूसरे देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमपी) को अपने देशों के लिए, अपने कानूनों के अनुसार और अपनी-अपनी भाषाओं में, इसी तरह के डिजिटल प्लेटफॉर्म के विकास पर भारत के साथ सहयोग करने की पेशकश की। इस अवसर पर डा. संधू ने कहा कि ईसीआईनेट चुनाव प्रबंधन में विश्वास बढ़ाने वाला एक प्रतिष्ठित उपकरण है, क्योंकि यह अधिक पारदर्शिता लाता है और सभी कार्यों की निगरानी में मदद करता है और त्वरित निर्णय लेने तथा जानकारी के प्रसार की सुविधा प्रदान करता है।चुनाव आयुक्त डा.जोशी ने कहा कि यह सम्मेलन भारत के चुनाव आयोग जैसे दूसरे देशों के चुनाव निकायों को प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचारों को अपनाने पर वैश्विक प्रथाओं से सीखने और प्रेरणा लेने का अवसर देगा। इन प्लेटफॉर्म के बारे में जानकारी देते हुए आयोग की महानिदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) डा. सीमा खन्ना ने कहा कि साइबर सुरक्षा इसके प्रमुख स्तंभों में से एक है। उन्होंने कहा कि आज तकनीक का प्रयोग रणनीतिक आवश्यकता बन गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनकपुरी और विकासपुरी मामले में सज्जन कुमार बरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान राजधानी के जनकपुरी और विकासपुरी इलाकों में हिंसा भड़काने के आरोपी पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को गुरुवार को बरी कर दिया। विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह ने संक्षिप्त मौखिक आदेश सुनाते हुए सज्जन कुमार को बरी किया। उन्होंने कहा कि मामले का विस्तृत आदेश बाद में जारी किया जाएगा। यह मामला दंगों के दौरान हुई हिंसा की शिकायतों पर फरवरी 2015 में विशेष जांच दल (एसआईटी) की दर्ज की गई दो प्राथमिकियों से संबंधित था। अगस्त 2023 में निचली अदालत ने सज्जन कुमार के खिलाफ दंगा भड़काने और शत्रुता को बढ़ावा देने के आरोपों में आरोप तय किए थे, जबकि हत्या और आपराधिक साजिश के आरोपों को हटा दिया गया था।

### मुंबई समेत 15 नगर निगम में महिला महापौर होंगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के 29 नगर निगमों में से मुंबई समेत 15 में महिलाएं मेयर होंगी। गुरुवार को मुंबई में लॉटरी सिस्टम से इन्हें चुना गया। परभणी नगर निगम पर महिला महापौर को लेकर आपत्ति दर्ज की गई है। लॉटरी सिस्टम पर शिवसेना (यूबीटी) नेता और मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर ने विरोध किया। उन्होंने दावा किया कि यह फैसला लेने के नियम बिना किसी को बताए बदल दिए गए। पिछले दो मेयर सामान्य वर्ग के थे, इसलिए नई मेयर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) या अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग से होनी चाहिए थी।

### यूपी व हरियाणा के 21 जिलों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के बाद अब बारिश-ओलावृष्टि का दौर शुरू होने की चेतावनी है। शुक्रवार से राजस्थान, हिमाचल और पंजाब-हरियाणा में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव हो रहा है। यूपी के 15, राजस्थान और हरियाणा के 6-6 जिलों में बारिश हो सकती है। इस दौरान 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। कुछ जगहों पर ओले गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है। हिमाचल प्रदेश के चंबा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति में गुरुवार को बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट था। यहां भी 24 जनवरी तक तेज बारिश और ओलावृष्टि की आशंका जताई गई है। उत्तराखंड के 5 जिलों में शुक्रवार को बर्फबारी का अलर्ट है।

# पूजा के साथ नमाज भी अदा होगी

## विवादित भोजशाला पर सुप्रीम कोर्ट में बनी बात, सीजेआई ने निकाला बीच का रास्ता

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला में शांतिपूर्ण बसंत पंचमी पूजा और जुमे की नमाज का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार जिले में विवादित भोजशाला, कमाल मौला परिसर में बसंत पंचमी पूजा और शुक्रवार की जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से कराने के लिए विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ गुरुवार को हिंदू पक्षकारों के आवेदन पर सुनवाई कर रही थी। इसमें 23 जनवरी को पूरे दिन बसंत पंचमी की धार्मिक गतिविधियों की अनुमति मांगी गई थी।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से संरक्षित भोजशाला 11वीं सदी का स्मारक है। हिंदू इसे देवी वाग्देवी (सरस्वती) का मंदिर बताते हैं, जबकि मुस्लिम इसे कमाल मौला मस्जिद मानते हैं। वर्ष 2003 की व्यवस्था के तहत हिंदुओं को मंगलवार को पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुसलमान शुक्रवार को नमाज अदा करते हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से उपस्थित अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि बसंत पंचमी की पूजा और हवन सूर्योदय से सूर्यास्त तक किए जाने का प्रस्ताव है। वहीं मस्जिद समिति का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सलमान खुर्शीद ने अदालत को सूचित किया कि जुमे की नमाज एक से तीन बजे के बीच होती है। इसके बाद मुस्लिम समुदाय के सदस्य परिसर खाली कर देंगे। वहीं अपर महाधिवक्ता (एएसजी) के एम नटराज और मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता (एसजी) ने अदालत को आश्वासन दिया कि कानून-व्यवस्था बनाई रखी जाएगी। जब श्री जैन ने सुझाव दिया कि बिना बाधा के पूजा जारी रखने के लिए नमाज 5 बजे के बाद हो तो श्री खुर्शीद ने कहा कि जुमे की नमाज का खास वक्त होता है, इसलिए 5 बजे के बाद ऐसा करने में कठिनाई आएगी और इसे पुनर्निर्धारित नहीं किया जा सकता। एएसजी ने इसके बाद सुझाव दिया कि मस्जिद समिति नमाज में उपस्थित लोगों की अपेक्षित संख्या जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए, जिससे प्रशासन अलग से एक स्थान बना सके और यदि आवश्यक हो तो पास जारी कर सके। श्री खुर्शीद ने उसी दिन विवरण प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की। समझौते को रिकॉर्ड करते हुए पीठ ने निर्देश दिया कि दोपहर 1 से 3 बजे के बीच उसी परिसर के भीतर नमाज के लिए एक विशेष और अलग क्षेत्र उपलब्ध कराया जाए, जिसमें अलग प्रवेश और निकास हो। हिंदू समुदाय के लिए भी बसंत पंचमी की रस्में अदा करने के लिए अलग स्थान चिह्नित करने का निर्देश दिया गया। न्यायालय ने आगे निर्देश दिया कि प्रशासन उचित उपाय करे। इसमें पास जारी करना भी शामिल है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

### एसआईआर प्रक्रिया पारदर्शी हो: सुप्रीम कोर्ट
#### कोर्ट बोला: चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता
#### ईसी ने कहा: हमें गाली देकर चुनाव जीतना फैशन बना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी होनी चाहिए। चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता। कोर्ट ने सवाल किया कि क्या एसआईआर नियमों से हटकर हो सकती है। इस पर चुनाव आयोग की तरफ से दलील दे रहे एडवोकेट राकेश द्विवेदी ने कहा कि वोटर लिस्ट की जांच करना न्यायसंगत और सही है। कोर्ट को इस प्रक्रिया के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर देना चाहिए। द्विवेदी ने आगे कहा कि कुछ एनजीओ और नेताओं के कहने पर हर मामले की जांच नहीं हो सकती। बिहार में जिन 66 लाख लोगों के नाम हटे हैं, उनमें से किसी ने कोर्ट में शिकायत नहीं की। आजकल ईसी को गाली देकर चुनाव जीतना फैशन बन गया है।

# भारत की बेटियां हर क्षेत्र में बना रही हैं नए रिकॉर्ड: मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को बताया कि श्री मोदी ने कहा कि जिस देश में पुत्रियों को लक्ष्मी के समान पूजा जाता है, वहां आज से 11 वर्ष पहले इसी दिन 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान आरंभ किया गया था।

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत गर्व की बात है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नए रिकॉर्ड बना रही हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने बेटियों के महत्व पर आधारित शाश्वत भारतीय मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हुए कहा कि एक पुत्री दस पुत्रों के समान है और दस पुत्रों से प्राप्त पुण्य या सद्गुण एक पुत्री से भी प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा कि कन्या को लक्ष्मी मानने वाले हमारे देश में 11 साल पहले आज ही के दिन बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत हुई थी। यह बड़े गर्व की बात है कि आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में नित-नए रिकॉर्ड बना रही हैं। उल्लेखनीय है कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत 22 जनवरी 2015 को हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य लड़कियों के अस्तित्व, शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित करना और लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

### भारत ने क्रोएशिया में उसके दूतावास पर तोड़फोड़ की निंदा की

**नई दिल्ली।** भारत ने क्रोएशिया के जाग्रेब में उसके दूतावास में घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की है और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दूतावास पर तोड़फोड़ की घटना के बाद गुरुवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि भारत ने इस विषय को क्रोएशियाई अधिकारियों के समक्ष मजबूती से उठाया है और भारतीय दूतावास की वियना संधि के तहत सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए उन्होंने कहा कि हम क्रोएशिया के जाग्रेब स्थित हमारे दूतावास में भारत-विरोधी तत्वों द्वारा की गई अवैध घुसपैठ और तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा करते हैं।

# डोडा में सेना की गाड़ी गहरी खाई में गिरी, 10 जवानों की मौत

■ 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में गुरुवार को सेना की गाड़ी 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 10 जवानों की मौत हो गई, जबकि 11 को एयरलिफ्ट कर उधमपुर मिलिट्री हॉस्पिटल भेजा गया है। सेना के अधिकारी ने बताया कि गाड़ी में 21 जवान सवार थे। सभी डोडा से ऊपरी पोस्ट पर जा रहे थे।

भद्रवाह-चंबा इंटरस्टेट रोड पर खन्नी टॉप के पास ड्राइवर ने गाड़ी से कंट्रोल खो दिया। इस हादसे में जान गंवाने वाले जवानों के बारे में सेना ने अब तक जानकारी नहीं दी है। घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से हादसे वाली जगह से एयरलिफ्ट करके उधमपुर के मिलिट्री अस्पताल ले जाया गया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि इस हादसे से दुखी हूं। इस घड़ी में पूरा देश शोक संतप्त परिवारों के साथ एकजुटता और समर्थन में खड़ा है। घायल सैनिकों को एयरलिफ्ट करके अस्पताल पहुंचाया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों को बेहतरीन इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में हुए सड़क हादसे से मन अत्यंत व्यथित है। इस हादसे में हमने अपने जिन वीर जवानों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुखी परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। घायल सैनिकों को मेडिकल केयर मिल रही है और सबसे अच्छा इलाज पक्का करने के लिए सभी जरूरी निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने जान गंवाने वाले सैनिकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अब्दुल्ला ने त्वरित बचाव और निकासी प्रयासों की भी सराहना की। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि सेना का वाहन गहरी खाई में गिरने की वजह से कई जवानों की शहादत का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि डोडा से आई दुखद खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द ठीक होने के लिए प्रार्थना करती हूं।



नई दिल्ली: कांग्रेस द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।

# मोदी को पीछे हटाने का मौका है मनरेगा को बचाने की लड़ाई: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: भाजपा चाहती है देश में लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति एक वोट' की अवधारणा खत्म हो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने के खिलाफ शुरू हुई लड़ाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके मंसूबों में कामयाब नहीं होने देने और मनरेगा की बहाली के लिए सबको एकजुट होना पड़ेगा।

श्री गांधी ने रचनात्मक कांग्रेस के प्रमुख संदीप दीक्षित द्वारा मनरेगा बचाओ मोर्चा के कार्यकर्ताओं के गुरुवार को यहां आयोजित राष्ट्रीय संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा चाहती है कि देश में लोकतंत्र, संविधान और 'एक व्यक्ति एक वोट' की अवधारणा खत्म हो और आजादी से पहले वाला हिंदुस्तान फिर से वापस लाया जाए। इसी सोच का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को मनरेगा के तहत मिले अधिकार को खत्म करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा ने गरीबों को रोजगार की गारंटी और सम्मान से जीने का अधिकार दिया था। मनरेगा के पीछे की सोच थी कि जिसे भी काम की जरूरत हो, वो सम्मान के साथ वह अधिकार के साथ काम मांग सके और अधिकार के साथ उसे काम मिले। मनरेगा को पंचायती राज के तहत चलाया जाता था और यह लोगों की आवाज और उनका अधिकार था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे खत्म करने में लगे हैं, लेकिन कांग्रेस इसके लिए लड़ रही है और सरकार को मनरेगा की बहाली के लिए मजबूर करेगी। उनका कहना था कि इससे पहले मोदी सरकार किसानों के खिलाफ काले कानून लेकर आई थी, जिसे किसानों ने रोक दिया, जो अन्याय किसानों के साथ किया गया था, वही अब मजदूरों के साथ किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि कुछ साल पहले भाजपा सरकार 'तीन काले कृषि कानून' लेकर आई और इसके जरिये उसने किसानों पर आक्रमण किया, लेकिन किसानों और हम सबने श्री मोदी पर दबाव डालकर उसे रोक दिया। अब उसी तरह का हमला मजदूरों पर करने की कोशिश हो रही है और अब केंद्र सरकार निर्णय लेगी कि किस राज्य को कितना पैसा भेजा जाएगा। भाजपा शासित राज्य में ज्यादा पैसा जाएगा और विपक्ष शासित राज्य में कम पैसा जाएगा। केंद्र सरकार ही तय करेगी कि कब कहां काम होगा, किसको कितनी मजदूरी मिलेगी, जो अधिकार मजदूरों को मिलते थे, अब वह ठेकेदारों को मिलेंगे। भाजपा की विचारधारा है कि देश की धन, संपत्ति चुने हुए हाथों में हो और वही लोग इस देश को चलाएं। भाजपा चाहती है कि देश का पूरा धन अमीरों के हाथ में चला जाए, ताकि गरीब, दलित और आदिवासी लोग उनपर निर्भर हो जाएं और उनकी बात मानें।

# झारखंड में एक करोड़ के इनामी अनल समेत 15 नक्सली ढेर

■ सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

**रांची।** नक्सल विरोधी अभियान के तहत गुरुवार को चाईबासा जिले के सारंडा जंगल क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सली संगठन के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। यह मुठभेड़ छोटानागरा थाना क्षेत्र के घने और दुर्गम जंगलों में तब हुई, जब नक्सलियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षाबलों ने संयुक्त अभियान शुरू किया था।

मुठभेड़ में 1 करोड़ रुपये के इनामी नक्सली अनल सहित 9 से 14 अन्य साथी नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को सारंडा के जंगलों में नक्सलियों की गतिविधियों की सूचना मिली थी। इसके बाद कोबरा बटालियन, झारखंड जगुआर और जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह उत्तर प्रदेश दिवस समारोह के होंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 जनवरी को लखनऊ में आयोजित होने वाले 'उत्तर प्रदेश दिवस' समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। इस अवसर पर शाह 'एक जनपद-एक व्यंजन' योजना की शुरुआत करेंगे। इस योजना के तहत प्रत्येक जनपद/जिले के विशिष्ट पारंपरिक व्यंजन को चिह्नित कर उन्हें गुणवत्ता, ब्रांडिंग और बाजार से जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय स्वाद की केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि राष्ट्रीय और वैश्विक पहचान बन सके। शाह समारोह में सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना का भी शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कार देंगे और उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान 2025-26 का वितरण करेंगे।

### 10 हजार किमी सड़क परियोजनाओं को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-4) के जम्मू-कश्मीर, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 10,000 किलोमीटर से अधिक की सड़क परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने आज बताया कि दूरदराज की पहाड़ियों से लेकर ग्रामीण समुदायों के मध्य तक फैली ये सड़कें मात्र बुनियादी ढांचे में सुधार का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि प्रगति के लिए महत्वपूर्ण मार्ग हैं, जो कई अवसर खोलती हैं और समावेशी विकास को बढ़ावा देती हैं। इन सड़कों के निर्माण से लगभग 3,270 अलग-थलग पड़े बस्तियों को कनेक्टिविटी और आवश्यक सेवाओं तक पहुंच मिलेगी।

# उत्तर प्रदेश की 14 लखपति दीदियों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** नई दिल्ली में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की 14 'लखपति दीदियों' को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'नारी शक्ति' आज आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। गांव की बेटियां और बहुएं 'लखपति दीदी' बनकर न केवल अपने परिवार बल्कि समाज और अर्थव्यवस्था को भी सशक्त कर रही हैं। यह सम्मान प्रदेश की करोड़ों महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा। मौर्य ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए चयनित 14 लखपति दीदियों को 23 जनवरी को उनके कैंप कार्यालय, 7 कालिदास मार्ग, लखनऊ से दिल्ली के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यात्रा, ठहराव और वापसी से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने खेती, डेयरी, ई-रिक्शा संचालन, कैफे, मसाला निर्माण, सौंदर्य प्रसाधन, गो-आधारित उत्पाद और लघु उद्योगों के जरिए अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है।

# सनातन धर्म को कमजोर करने वालों से सतर्क रहना जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- एक योगी, संत और संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं होता: मुख्यमंत्री
- उप्र दिवस 2026 के दो दिन पूर्व विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर उप्र के संकल्प को दोहराया

**लखनऊ/सोनीपत।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक योगी, संत और संन्यासी के लिए धर्म और राष्ट्र से बढ़कर कुछ भी नहीं होता। उन्होंने कहा कि संन्यासी की कोई व्यक्तिगत संपत्ति नहीं होती, उसका धर्म ही उसकी संपत्ति और राष्ट्र ही उसका स्वाभिमान होता है।

सोनीपत में आयोजित मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह एवं आठ महंतों के भव्य भंडारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सनातन धर्म की आड़ में उसे कमजोर करने की साजिशें रचने वाले कालनेमि तत्व समाज के लिए खतरा हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि धर्म के विरुद्ध आचरण करने वाले तत्व न केवल सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि राष्ट्र की एकता और सांस्कृतिक विरासत पर भी आघात करते हैं। उन्होंने संत परंपरा को राष्ट्र और धर्म की रक्षा का मजबूत आधार बताते हुए कहा कि सनातन संस्कृति को सशक्त बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। गौरतलब है कि प्रयागराज माघ मेला के दौरान मौनी अमावस्या महास्नान पर्व के मौके पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के संगम स्नान से वंचित रहने का मामला गरमा गया है। वहीं उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के दो दिन पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए एक पत्र लिखा है जिसके माध्यम से विकास, सुशासन और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के संकल्प को दोहराया है।

अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि असंख्य संभावनाओं वाला उत्तर प्रदेश संघर्ष और वंचतता की बेड़ियों को तोड़ते हुए बीमार राज्य से भारत के विकास का ग्रोथ इंजन बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि दृढ़ संकल्प के साथ कानून एवं सुशासन का राज स्थापित किया गया है। सत्ता के संरक्षण में पनप रहे माफियाओं के भय के साम्राज्य का अंत कर विकास को गति दी गई। जो निवेशक कभी कानून व्यवस्था के नाम पर प्रदेश से दूरी बनाए रखते थे, आज वही उत्तर प्रदेश में निवेश की होड़ लगा रहे हैं। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की खाद्य सुरक्षा की रीढ़ बनकर उभरा है। बीज से बाजार तक की बेहतर व्यवस्था और रिकॉर्ड डीबीटी भुगतान से अन्नदाताओं की आय में वृद्धि हुई है।

### युवाओं को रोजगार सुनिश्चित हुआ

डबल इंजन सरकार के प्रयासों से प्रदेश में एक्सप्रेसवे, रेलवे, मेट्रो, एयरपोर्ट, आईटी-सॉफ्टवेयर, एमएसएमई, औद्योगिक विकास, स्टार्टअप और एक जनपद-एक उत्पाद जैसी योजनाओं ने उत्तर प्रदेश को लोकल से ग्लोबल की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ाया है। इन पहलों से प्रदेश के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार सुनिश्चित हुआ है। महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला भागीदारी में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। बेटियों के जन्म से लेकर विवाह तक सरकार आर्थिक सहायता सुनिश्चित कर रही है। निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों के लिए पेंशन की व्यवस्था है। मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार और हेल्थ टेक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ हुई हैं।

## माघ मेला मुद्दे को लेकर अखिलेश ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

# संतों का अपमान हुआ, तो सपा साथ खड़ी रहेगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- पूर्व सीएम ने कहा: जनेश्वर मिश्र ने जो सिद्धान्त, जो आंदोलन दिया, उसे आगे बढ़ाने का हम संकल्प लेते हैं

**लखनऊ।** छोटे लोहिया के नाम से विख्यात समाजवादी विचारक डा. जनेश्वर मिश्र की पुण्यतिथि पर गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनेश्वर मिश्र पार्क जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रयागराज माघ मेले में साधु-संतों के साथ दुर्व्यवहार की घटना सामने आई है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी साधु-संत का अपमान होगा, तो समाजवादी पार्टी उनके सम्मान की लड़ाई में उनके साथ खड़ी रहेगी। मीडिया से बातचीत करते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि सपा पीडीए की लड़ाई को आगे बढ़ रही है। जनेश्वर मिश्र ने जो सिद्धान्त, जो आंदोलन दिया, उसे आगे बढ़ने का हम संकल्प लेते हैं। अखिलेश यादव ने नोएडा में इंजीनियर की मौत के प्रकरण को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि घटना के बाद भी सरकारी तंत्र समय रहते पीड़ित की जान नहीं बचा सका। अखिलेश ने आरोप लगाया कि कई घंटे तक इसलिए कार्रवाई नहीं की गई, क्योंकि यह कहकर टाल दिया गया कि पानी ठंडा है। उन्होंने इसे प्रशासनिक संवेदनहीनता बताते हुए कहा कि सरकार बताए कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों, इसके लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं सम्भल प्रकरण में सीओ समेत अन्य पर केस दर्ज कराने का आदेश देने वाले जज के ट्रांसफर पर सपा अध्यक्ष ने कहा कि सच्चाई को ट्रांसफर नहीं किया जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सच सामने आने से घबराती है। मौजूदा दौर में पूंजीवादी ताकतें हावी हो रही हैं। ऐसे में समाजवादियों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे जनेश्वर मिश्र, डा. लोहिया, बाबा साहब और नेताजी के विचारों को आगे बढ़ाकर समाजवादी आंदोलन को मजबूती दें। इस दौरान अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुए कहा कि हम सभी ने देखा है कि जब वह योग कर रहे थे तो एक टांग पर लड़खड़ा रहे थे, क्या आप लोग उन्हें योगी कहेंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग, वे लोग हैं, जब उन्हें लगता है कि धर्म के आधार पर वोट नहीं मिल सकता है, सनातन के रास्ते से वोट नहीं मिल सकता है, तो इस तरह का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सनातन का रास्ता सत्य का रास्ता है, धर्म का रास्ता, न्याय का रास्ता है। हम सबको साथ लेकर चले, वही सनातनी रास्ता है। हमारे साधु संत और जितने भी पूजनीय लोग हैं उनका सम्मान करें। उनके पास समय-समय पर जाकर राय मशविरा करें। यही सनातन है। इस दौरान सतुआ बाबा के बारे में पूछने पर अखिलेश यादव ने कहा कि सतुआ बाबा को नहीं जानते हैं, हम भी मुख्यमंत्री रहे हैं।

### सत्ता जब अधर्म करने पर उतारू हो जाए, वही कलयुग है: सपा प्रमुख

**लखनऊ।** प्रयागराज माघ मेले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की पालकी रोके जाने को लेकर हुई घटना पर सियासत तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता जब अधर्म करने लगे, वही कलयुग है। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके सहयोगी 'धर्म-विरोधी' मानसिकता के साथ सनातन धर्म का अपमान कर रहे हैं, जिससे पूरे सनातनी समाज में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि सरकार की कार्यशैली से आम लोग ही नहीं, बल्कि भाजपा के समर्थक तक शर्मिंदा हैं।

# अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में सपा ने लगाए पोस्टर

**'शंकराचार्य का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान'**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रयागराज माघ मेले में ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वर नंद सरस्वती की पालकी रोके जाने को लेकर घटित घटना के विरोध में समाजवादी पार्टी मैदान में उतर आई है।

पार्टी कार्यालय के बाहर अविमुक्तेश्वरानंद के समर्थन में समाजवादी छात्रसभा के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष सिंह ने पोस्टर लगाया है। पोस्टर पर 'शंकराचार्य का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान' लिख कर समर्थन दिया है। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर लगातार भाजपा सरकार पर हमलावर हैं। अभी दो दिन पहले ही फोन पर शंकराचार्य से बात कर उनकी लड़ाई को आगे बढ़ाने की बात कही गई थी। इसी क्रम में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने शंकराचार्य से प्रयागराज माघ मेले में मुलाकात की थी। एक दिन पूर्व अखिलेश यादव ने बयान जारी कर कहा था कि यदि कोई अधिकारी शंकराचार्य से परिचय और प्रमाण-पत्र मांग रहा है, तो सनातन धर्म का इससे बड़ा अपमान कोई और नहीं हो सकता।

### मानवाधिकार आयोग से की मामले में दखल देने की मांग

**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिष्यों के साथ कथित अभद्रता का मामला अब राज्य मानवाधिकार आयोग की दहलीज पर पहुंच गया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के अधिवक्ता डॉक्टर गजेंद्र सिंह यादव ने राज्य मानवाधिकार आयोग में मामले की शिकायत करते हुए आयोग से दखल देने की मांग की है।



सेंसेक्स 82307.37
निफ्टी 25694.35



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में फिर लौटी रौनक

मुंबई, वार्ता



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्रीनलैंड पर रुख नरम करने के बाद घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आई। सप्ताह के पहले तीन दिन भारी गिरावट देखने के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 397.74 अंक (0.49 प्रतिशत) चढ़कर 82,307.37 अंक पर बंद हुआ। इसमें आज 909 अंकों का बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया।

सेंसेक्स ऊपर 82,783.18 अंक और नीचे 81,874.39 अंक तक गया। सुबह के समय यह 874 अंक चढ़ गया था, तो वहीं दोपहर बाद लाल निशान में भी गया। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड के मुद्दे पर यूरोपीय देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने का फैसला वापस ले लिया है। साथ ही, कहा है कि अमेरिका ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए बल प्रयोग नहीं करेगा। इससे शेयर बाजार में निवेश धारणा मजबूत रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 132.40 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 25,289.90 अंक पर पहुंच गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 1.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक में 0.76 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रियलटी को छोड़कर अन्य सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सार्वजनिक बैंकों का सूचकांक 2.34 प्रतिशत मजबूत हुआ। रसायन, स्वास्थ्य, फार्मा, धातु, मीडिया और एफएमसीजी सेक्टरों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में रहे। सेंसेक्स में बीईएल का शेयर सबसे ज्यादा पौने चार प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील और अडानी पोर्ट्स के शेयर ढाई फीसदी से अधिक मजबूत हुए। भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, पावरग्रिड, सनफार्मा, इंडिगो, एनटीपीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, ट्रेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे। हिदुस्तान यूनीलिवर, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एलएंडटी, इंफोसिस, एक्सिस बैंक और भारती एयरटेल के शेयर भी हरे निशान में रहे।

# इंडिगो को दिसम्बर में परिचालन व्यवधान के कारण 555 करोड़ का राजस्व नुकसान

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो को पिछले साल दिसम्बर में परिचालन व्यवधानों के कारण 555 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। एयरलाइंस ने गुरुवार को घोषित वित्तीय परिणामों में शेयर बाजार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि दिसम्बर के पहले सप्ताह में कंपनी ने अप्रत्याशित परिचालन चुनौतियों का सामना किया जिसके कारण 03 से 05 दिसम्बर के बीच बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द हुईं। इन व्यवधानों के कारण इस अवधि में यात्रियों से प्राप्त राजस्व में भारी गिरावट दर्ज की गई।ष इंडिगो ने बताया कि कंपनी प्रभावित यात्रियों को नियमों के अनुसार मुआवजा दे रही है और बुरी तरह प्रभावित यात्रियों को 10-10 हजार रुपये के वाउचर भी दे रही है। उसने बताया है कि इन सभी कारणों और संबंधित अन्य लागतों के कारण 555 करोड़ रुपये के राजस्व की हानि का अनुमान है। उसने बताया कि इसके अलावा नागर विमानन महानिदेशालय से 17 जनवरी को कंपनी को एक आदेश प्राप्त हुआ है जिसमें एयरलाइंस पर 22.2 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वित्तीय परिणाम में इस राशि के लिए भी प्रावधान किया गया है। नियामक ने कंपनी को 50 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी भी जमा कराने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि 03 से 05 दिसम्बर के बीच इंडिगो की 2,507 उड़ानें रद्द रही थीं और 1,852 उड़ानों में देरी हुई थी। लाखों की संख्या में लोगों को परेशानी हुई।

# किफायती आवास के लिए कर छूट की नीति जरूरी: नरेडको

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रीय रियल एस्टेट विकास परिषद (नरेडको) ने सभी को आवास मुहैया कराने के सपने को साकार करने के लिए सरकार से करों में छूट देने, आयकर की कुछ धाराओं में सुधार तथा किराए पर आवास के लिए नीति निर्माण का अनुरोध किया है।

नरेडको के चेयरमैन निरंजन हीरानंदानी ने यहां गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों लोगों को घर मिला है, लेकिन सबके लिए अपना घर का लक्ष्य अब भी काफी दूर है। जमीन की ऊंची कीमतों के कारण बिल्डरों के लिए किफायती आवास बनाना अब संभव नहीं है, इसलिए सरकार को नियमों में बदलाव, कर प्रोत्साहन और किराए पर आवास के विकल्प पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले साल के बजट में उद्योगों को अपने कामगारों के लिए किराए के आवास बनाने की छूट दी गई है। इसे रियल एस्टेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया जाना चाहिए। जैसे पहले चैरिटेबल ट्रस्ट चॉल बनाते थे, उसी प्रकार उन्हें किराए के लिए आवास और किफायती आवास भी बनाने चाहिए।

किराए के लिए आवास का मतलब है कि बिल्डर मकान बनाकर उसे बेचने की बजाय किराए पर लगा सकेंगे, ताकि उन लोगों को भी घर मिल सके, जो घर खरीदने में असमर्थ हैं। हीरानंदानी ने कहा कि आयकर के नियमों के तहत मकान यदि खाली हो, तब भी उसके सांकेतिक किराए पर कर लगता है। आयकर कानून की धारा 43 सीए में सर्किल रेट से 10 प्रतिशत तक कम कीमत पर ही बिक्री की अनुमति है। इससे ज्यादा छूट देने पर क्रेता और विक्रेता दोनों पर दंड लगता है। यही कारण है कि रियल एस्टेट डेवलपर चाहें भी तो कम कीमत गरीबों को घर नहीं मुहैया करा सकते। धारा 71 के तहत किराए पर दिए गए आवास के नुकसान की भरपाई दूसरे कारोबार में हुए मुनाफे से नहीं कर सकते, जबकि दूसरे कारोबारों के लिए ऐसा कोई प्रतिबंध नहीं है। इन सभी नियमों के कारण हर आदमी के लिए घर का सपना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि नरेडको ने आगामी बजट के लिए ये सभी सुझाव सरकार के समक्ष रखे हैं।

# फिक्की के सर्वे में कंपनी जगत ने अर्थव्यवस्था पर मजबूत भरोसा जताया

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल फिक्की ने आगामी वित्त वर्ष के बजट से पहले गुरुवार को जारी एक सर्वे रिपोर्ट में कहा है कि देश की आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं को लेकर भारत का कंपनी जगत आशावादी है और 2026-27 के वित्तीय वर्ष में आर्थिक वृद्धि 7.8 प्रतिशत के बीच रह सकती है।

इस सर्वे के आधार पर फिक्की ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बजट में प्रत्यक्ष कर अनुपालन में सरलीकरण, डिजिटलीकरण, कर निश्चितता, विवाद निपटान एवं मुकदमेबाजी प्रबंधन और कॉरपोरेट पुनर्गठन एवं निवेशकों की सुविधा के उपाय किए जा सकते हैं। वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के बीच बजट में निर्यात को मजबूत समर्थन की आवश्यकता, अवसंरचना, डिजिटल विनिर्माण और रक्षा उद्योग पर विशेष जोर देने की जरूरत को रेखांकित किया गया है। फिक्की के अनुसार सर्वेक्षण में विस्तृत रूप से आशावाद झलकता है, जिसमें लगभग 80 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने भारत की विकास संभावनाओं पर भरोसा जताया है। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी जगत के 50 प्रतिशत लोगों को लगता है कि 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि 7.8 प्रतिशत तक की वृद्धि की उम्मीद है। यह अनुमान ऐसे समय आया है, जबकि चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रथम अग्रिम अनुमान में वृद्धि 7.4 प्रतिशत बताई गई है। फिक्की ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत मध्यावधिक (अगले दो-तीन वर्ष की) अवधि की संभावनाओं के मुताबिक बुनियादी तौर मजबूती में विश्वास को दर्शाता है। उद्योग ने राजकोषीय अनुशासन के महत्व को भी रेखांकित किया, जहां लगभग 42 प्रतिशत उत्तरदाताओं को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी के 4.4 प्रतिशत के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल किया जाएगा, जिससे सरकार की राजकोषीय समन्वय रूपरेखा में विश्वास मजबूत होता है। सर्वे के आधार पर केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए तीन प्रमुख व्यापक आर्थिक प्राथमिकताएं स्पष्ट रूप से उभरती हैं: रोजगार सृजन, अवसंरचना पर निरंतर जोर और निर्यात को मजबूत समर्थन। जिन क्षेत्रों पर विशेष फोकस रहने की उम्मीद है, उनमें अवसंरचना, विनिर्माण, रक्षा और एमएसएमई प्रमुख हैं। सर्वे के आधार पर फिक्की की सिफारिश है कि सरकार को विनिर्माण और पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) पर अपना जोर बनाए रखना चाहिए। उद्योगमंडल ने मौलिक कल पुर्जा

# ग्रामीणों को बंधुआ मजदूर बनाने के मकसद से खत्म किया मनरेगा

नई दिल्ली, वार्ता



- भाजपा और आरएसएस का संबंध अमीरों से है और गरीबों की पीड़ा को वे नहीं समझते हैं: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि भाजपा और आरएसएस का संबंध अमीरों से है और गरीबों की पीड़ा को वे नहीं समझते हैं, इसलिए गरीबों को गुलाम बनाए रखने के इरादे से ग्रामीण श्रमिकों के हित की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) कानून को खत्म करने का कदम उठाया गया है।

खड़गे ने रचनात्मक कांग्रेस के प्रमुख संदीप दीक्षित द्वारा आयोजित मनरेगा कार्यकर्ताओं के राष्ट्रीय संवाद में 'मनरेगा बचाओ मोर्चा' के देशभर से यहां आए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गुरुवार को कहा कि मनरेगा बचाने की लड़ाई बहुत लंबी है और इस लड़ाई को एक जगह पर बैठकर या सिर्फ नारे लगाकर नहीं लड़ा और जीता जा सकता है। उनका कहना था कि सरकार मनरेगा को खत्म करने का कानून संसद के शीतकालीन सत्र में लाई थी और कांग्रेस ने इसका जमकर विरोध किया था। अब जल्द ही बजट सत्र शुरु होने वाला है और कांग्रेस शीतकालीन सत्र की तरह ही बजट सत्र में भी इस मुद्दे को उठाएगी और सरकार के इस कदम का विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने गरीबों के साथ अन्याय किया है और कांग्रेस गरीबों के हक की इस लड़ाई को तब तक लड़ती रहेगी जब तक इस कानून को बहाल नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार को नए कानून को हर हाल में वापस लेना पड़ेगा और कांग्रेस इस लड़ाई को तब तक लड़ती रहेगी जब तक सरकार मनरेगा को फिर से बहाल नहीं करती है। उनका कहना था कि कांग्रेस सरकार ने महात्मा गांधी के नाम से मनरेगा शुरू किया था, लेकिन मोदी सरकार इसे तबाह करने पर तुली है। मनरेगा को खत्म कर सरकार ने ग्रामीण भारत के गरीबों, कमजोर तबकों पर हमला किया है, जिसका देशभर में विरोध हो रहा है। जल्द ही बजट सत्र शुरू होने वाला है, जिसमें कांग्रेस मनरेगा के मुद्दे को उठाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश के तमाम हिस्सों में कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने के लिए आंदोलन कर रही है। मनरेगा को खत्म करना समाज के कमजोर तबकों पर प्रहार ही नहीं है बल्कि यह महात्मा गांधी को जन स्मृति से हटाकर, ग्राम स्वराज की सोच पर हमला करने की साजिश है। यह पहली बार है कि कोई दल महात्मा गांधी के नाम पर रखी योजना से उनका नाम हटाने की हिमाकत कर रहा है। यह देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

### देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाने उतारू भाजपा: खड़गे

मोदी सरकार मनरेगा को खत्म करने का काम इसलिए कर रही है, ताकि देश के दबे-कुचले लोगों को 'बंधुआ मजदूर' बनाया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को बंधुआ मजदूर बनाकर उनकी आबरू अमीरों के हाथ में सौंपने जा रहे हैं ताकि लोग अमीरों के इशारों पर, उनकी मर्जी के पैसों पर काम करें। मनरेगा से लोगों को 100 दिन काम की कानूनी गारंटी मिलती थी, जिसे तबाह करने का काम किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस को मनरेगा और गरीबों के काम के अधिकार को बचाने की लड़ाई लड़नी है और इसके लिए सभी श्रमिकों को एकजुट होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा बचाने की लड़ाई किसी एक दल की नहीं है और ना ही वोट पाने की लड़ाई है बल्कि यह गरीबों के हक की लड़ाई है, ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार की गारंटी देने की लड़ाई है और इसके लिए सभी दलों के नेताओं तथा गरीबों को एक साथ खड़ा होना पड़ेगा और इस लड़ाई को जीतना होगा।

# सीएम के नेतृत्व में उत्तराखंड में रेल अवसंरचना को मिली नई गति

## डीआरएम, मुरादाबाद विनीता श्रीवास्तव ने की मुलाकात, पूर्ण व प्रगतिरत परियोजनाओं की समीक्षा

■ रुड़की-देवबंद रेल लाइन कमीशन, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना 94 फीसदी पूर्ण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में डीआरएम, मुरादाबाद विनीता श्रीवास्तव ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर राज्य में रेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण, पूर्ण एवं प्रगतिरत रेल परियोजनाओं तथा भविष्य की आवश्यकताओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

भेंट के दौरान डीआरएम, मुरादाबाद विनीता श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उत्तराखंड राज्य में कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाएँ सफलतापूर्वक पूर्ण की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि रुड़की से देवबंद को जोड़ने वाली नई रेलवे लाइन परियोजना (27.45 किलोमीटर) का कमीशनिंग कर दिया गया है, जिसके अंतर्गत बनहेड़ा खास एवं झबरेड़ा में नए रेलवे स्टेशनों का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त राज्य के प्रमुख रेल मार्गों पर गति वृद्धि से संबंधित कार्य भी पूर्ण किए गए हैं, जिनमें लक्सरख्हरिद्वार रेल खंड को 110 किलोमीटर प्रति घंटा तक उन्नत किया गया है, जबकि सहारनपुरख्हरिद्वार खंड को 110 किलोमीटर प्रति घंटा करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 130 किलोमीटर प्रति घंटा गति लक्ष्य के लिए डीपीआर स्वीकृत की जा चुकी है तथा दीर्घकालिक रूप से 160 किलोमीटर प्रति घंटा गति के लिए मार्गों की पहचान की गई है। उन्होंने आगे बताया कि उत्तराखंड खंड में लक्सर, लंढौराख्धनौरा, रुड़की, चोड़ीआला एवं ऐथल सहित कई स्थानों पर आरओबी, आरयूबी एवं एलएचएस से संबंधित कार्य पूर्ण किए गए हैं, जिससे रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और व्यस्त स्थानों पर यातायात जाम की समस्या में कमी आई है। डीआरएम विनीता श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि राज्य में कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाएँ वर्तमान में प्रगति पर हैं। उन्होंने अवगत कराया कि हर्रावाला, रुड़की एवं कोटद्वार रेलवे स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है, जिसमें नए स्टेशन भवनों का निर्माण, एसी प्रतीक्षालय, फूड कोर्ट, दिव्यांगजन एवं पैदल यात्रियों के अनुकूल डिजाइन, प्लेटफार्म ऊंचाई का मानकीकरण, प्लेटफार्म शेड, नए एवं चौड़े फुट ओवर ब्रिज तथा सर्कुलेटिंग एवं पार्किंग क्षेत्र का विकास शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि हरिद्वार एवं देहरादून रेलवे स्टेशनों के लिए क्षमता वृद्धि के साथ व्यापक पुनर्विकास प्रस्तावित है, जिसमें विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएँ, आइकॉनिक टर्मिनल डिजाइन, आगमन एवं प्रस्थान का पृथक्करण तथा बेहतर बाह्य यातायात व्यवस्था विकसित की जाएगी। इसके साथ ही योग नगरी ऋषिकेश से कर्णप्रयाग को जोड़ने वाली नई रेलवे लाइन परियोजना निर्माणाधीन है, जिसकी कुल लंबाई 125.20 किलोमीटर है। इस परियोजना में मार्ग में 12 स्टेशन, 35 पुल एवं 17 सुरंगें शामिल हैं तथा प्रमुख सुरंगों का कार्य लगभग 94 प्रतिशत तक पूर्ण किया जा चुका है। डीआरएम ने यह भी जानकारी दी कि राज्य में नए माल टर्मिनलों के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है, जिसमें पत्री ( पीआरआई ) में एकीकृत माल टर्मिनल सुविधा का विकास तथा पत्री एवं ज्वालापुर (जेडबलयूपी) स्टेशनों को एलएमवी लोडिंग के लिए उन्नत किया जा रहा है। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने इकबालपुर आरओबी, जिसमें पीडब्ल्यूडी के पास अप्रोच भूमि लंबित है, धनौरा आरओबी, जिसमें रक्षा भूमि से संबंधित प्रकरण लंबित है, तथा लक्सर एलएचएस, जिसे उच्च जलस्तर के कारण संशोधित किया गया है और जहाँ दोपहिया वाहनों के अनुकूल एफओबी प्रस्तावित है, जैसे कार्यों पर राज्य एवं रेलवे के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

### हर्रावाला में 24-कोच हैंडलिंग सुविधाओं का विकास

मुख्यमंत्री ने हरिद्वार-देहरादून रेल खंड की क्षमता वृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए बताया कि हर्रावाला में 24-कोच हैंडलिंग सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, जिसमें लूप लाइन विस्तार एवं गति वृद्धि के लक्ष्य शामिल हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस परियोजना के अंतर्गत वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सहयोग से वन्यजीव न्यूनीकरण योजना तैयार की जा रही है।

### टनकपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए जरूरी कार्यवाही की जाए: सीएम

मुख्यमंत्री धामी ने निर्देश दिए कि टनकपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए तथा आगामी अर्द्धकुंभ के दृष्टिगत रेल एवं यात्री सुविधाओं से संबंधित सभी तैयारियाँ समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएँ, ताकि श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सके।

# दुष्प्रचार और षड्यंत्र में कांग्रेस को महारत : चौहान



■ जनता कांग्रेस के चरित्र से वाकिफ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस को दुष्प्रचार और धड्यंत्र मे महारत हासिल है और किच्छा विधायक के पुत्र का प्रकरण आँख खोलने वाला है। कांग्रेस को दुष्प्रचार के लिए प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

चौहान ने कहा कि कांग्रेस अब तक हर मामले मे कानून व्यवस्था का हौव्वा खड़ा कर दुष्प्रचार करती रही है और इस घटना से यह साबित भी हो गया है। अब तक पुलिस को कटघरे मे खड़ा कर कानून व्यवस्था पर प्रदेश में नकारात्मक छवि परोस रही कांग्रेस को प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

चौहान ने कहा कि अंकिता हत्याकांड में जांच को लेकर तमाम दावे कर रही कांग्रेस यह कहती रही कि आरोपी आसानी से छूट जायेंगे, लेकिन ठोस तथ्य और कड़ी पैरवी के बदौलत आरोपी आजीवन कारावास भुगत रहे हैं और जब से जेल गए तब से बेल नही ले पाए। हालांकि जन भावनाओं को देखते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सीबीआई जांच की संस्तुति की है, लेकिन मुद्दा हाथ से निकलते देख कांग्रेस फिर भ्रम और दुष्प्रचार के लिए जुट गयी है। उन्होंने कहा कि जनता सब जानती है और देख रही है। उन्होंने कहा कि काशीपुर में सुखवंत आत्महत्या मे भी पुलिस हर तरह से जांच कर रही है। कानून व्यवस्था में जीरो टॉलरेंस को भर्ती घोटाले में सब देख चुके हैं। कांग्रेस सरकार के सरंक्षण में रहे खनन और शराब माफियाओं के दिन लद गए हैं। राज्य को खनन में अब पुरस्कार मिल रहा है और कई गुना राजस्व मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जांच एजेंसियों के मनोबल तोड़ने की नीति से बाज आना चाहिए। अब थाने चौकी से लेकर मुख्यमंत्री तक जनता की सीधी सुनवाई होती है।

# AI सहायता के साथ 23 भाषाओं में उपलब्ध हैं UCC सेवाएं

■ एक साल में उत्तराखंड समान नागरिक संहिता बनी तकनीकी उत्कृटता का मॉडल'

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की सेवाएं, अंग्रेजी के अलावा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं में उपलब्ध है। साथ ही आवेदक एआई की सहायता से भी यूसीसी की प्रक्रिया को समझने के साथ ही अपना पंजीकरण करवा सकता है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता लागू करने से पहले ही अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि, यूसीसी के तहत विभिन्न सेवाओं के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया को बेहद सरल रखा जाए। इसी क्रम में आईटीडीए ने यूसीसी की वेबसाइट को आठवीं अनुसूची में शामिल 22 अनुसूचित भाषाओं ख्र असमिया, बंगाली, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, तमिल, तेलुगु, उर्दू, सिंधी, बोडो, डोगरी, मैथिली, संथाली और मणिपुरी के साथ अंग्रेजी में तैयार किया है। आवेदक अपनी भाषा के अनुसार पंजीकरण के लिए दस्तावेजों की जानकारी ले सकता है।

## मुख्यमंत्री ने नेताजी का किया भावपूर्ण स्मरण

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती की पूर्व संध्या पर उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि नेताजी भारत के महान और अग्रणी स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। उन्होंने अपने अद्वितीय नेतृत्व और साहस के बल पर देश की आजादी के आंदोलन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं सेनानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए नेताजी द्वारा किया गया संघर्ष, त्याग और उनका अतुलनीय योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

# विश्वविद्यालय छात्रों को डीजी लॉकर पर उपलब्ध करायें सर्टिफिकेट: डॉ. रावत

■ 10 फरवरी तक अनिवार्य रूप से भर्ती विज्ञापन जारी करने के दिये निर्देश



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों के अधिकारियों को समस्त छात्र-छात्राओं का शत-प्रतिशत शैक्षणिक डाटा डीजी लॉकर पर अपलोड़ करने के निर्देश दे दिये गये हैं। ताकि छात्र-छात्राओं को अपने अंकप्रमाण पत्र एवं उपाधियां ऑनलाइन प्लेटफार्म पर आसानी से उपलब्ध हो सके। इसके अलावा विश्वविद्यालयों में लम्बे समय से रिक्त शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर पदों पर आगामी 10 फरवरी तक अनिवार्य रूप से भर्ती विज्ञापन जारी करने को कहा गया है। प्रत्येक सेमेस्टर में 90 दिन कक्षाएं संचालित करने एवं नियत समय पर परीक्षा परिणाम घोषित करने के लिये आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं।

सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को सचिवालय स्थित सभागार में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें सभी उच्च शिक्षा विभाग एवं राजकीय विश्वविद्यालयों के उच्चाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में डॉ. रावत ने विश्वविद्यालयों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि 31 मार्च 2026 तक सभी छात्र-छात्राओं के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र आनला. इन प्लेटफार्म डीजी लॉकर पर अनिवार्य रूप से अपलोड़ कर लिये जाय। ताकि छात्र-छात्राओं को अंक प्रमाणपत्र व उपाधियां आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने विगत शैक्षणिक सत्रों का लैगेसी डाटा भी समर्थ पोर्टल के सहयोग से डीजी लॉकर पर अपलोड़ करने के निर्देश दिये। जिसकी साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट शासन एवं मंत्रालय को भी उपलब्ध कराने को कहा। राजकीय विश्वविद्यालयों में लम्बे समय से रिक्त शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर पदों को भरने में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुये विभागीय अधिकारियों को सभी रिक्त पदों के सापेक्ष 10 फरवरी तक भर्ती विज्ञापन जारी करने के निर्देश दिये।

बैठक में सभी राजकीय विश्व. विद्यालयों को विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगों से एमओयू कर संबंधित विषयों के छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से औद्योगिक प्रशिक्षण करने के निर्देश दिये, जिसकी मासिक प्रगति आख्या भी शासन को उपलब्ध कराने को कहा। छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के लिये खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के आयोजन को भी अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिये। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस वर्ष अंतर. विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसके आयोजन की जिम्मेदारी पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय को दी है।बैठक में सचिव उच्च शिक्षा डॉ. रंजीत सिन्हा, निदेशक उच्च शिक्षा वी.एन. खाली, संयुक्त निदेशक डॉ. ए.एस. उनियाल, उप सचिव उच्च शिक्षा अजीत सिंह, हरीश सागर, राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलसर्. चव खेमराज भट्ट, दिनेश चन्द्रा, डॉ. जे.एस. बिष्ट, दुर्गेश डिमरी, वित्त अधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बारिश न होने से हुए नुकसान का आंकलन कर शीघ्र रिपोर्ट करें पेश: जोशी

■ कृषि मंत्री ने कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ की विभागीय समीक्षा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को अपने शासकीय आवास पर कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में बारिश न होने से फसलों को हो रहे नुकसान की समीक्षा की।

विभागीय मंत्री जोशी ने प्रदेश में बारिश न होने से फसलों को हो रहे नुकसान के सही आंकड़े न देने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत देते हुए निर्देश दिए कि जिलेवार सर्वे कर बारिश न होने से हुए नुकसान का आंकलन कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसानों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि सर्वेक्षण व रिपोर्टिंग में कोताही पाई गई तो अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर सचिव आनंद श्रीवास्तव, निदेशक कृषि दिनेश कुमार, संयुक्त निदेशक रतन कुमार, औद्यानिकी परिषद सीईओ नरेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीएम ने प्रदेशवासियों को दी बसंत पंचमी की शुभकामनाएं

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को बसंत पंचमी की बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। बसंत पंचमी की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि बसन्तोत्सव प्रकृति के श्रृंगार एवं नई ऊर्जा का संचार करने वाला पर्व है। यह दिन माता सरस्वती को भी समर्पित है, जो ज्ञान, संगीत और कला की देवी हैं। यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने और समाज में ज्ञान, संगीत और कला को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी का अवसर हमें प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन की भी प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि बसन्तोत्सव का यह पर्व हम सभी के जीवन में नई उमंग, उत्साह और खुशियों का संचार करने वाला होगा।

# अविमुक्तेश्वरानन्द के साथ किया गया व्यवहार निन्दनीय: कांग्रेस

■ संत समाज के प्रति सम्मान रखना हमारी नेतिक जिम्मेदारी: गोदियाल

**शाह टाइम्स प्रमुख सवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने धर्म नगरी प्रयागराज में ज्योतिर्मठ पीठ के जगतगुरू शंकराचार्य अविमुक्तश्वरा नन्द के साथ किये गये दुर्व्यवहार की कडे शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि शंकराचार्य जैसे पूज्य संत के साथ किया गया दुर्व्यवहार न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक व धार्मिक परंपराओं और सनातनी मूल्यों पर सीधा प्रहार है, जिसकी कठोर शब्दों में निन्दा की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि संत समाज हमेशा से देश को दिशा देने का कार्य करता आया है और उनके प्रति सम्मान रखना प्रत्येक सरकार और समाज की जिम्मेदारी है। गोदियाल ने कहा कि दुख की बात है कि आज उत्तर प्रदेश में सत्ता के संरक्षण में ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जो राज्य एवं देश की छवि को कलंकित कर रही हैं। यह भाजपा सरकारों की प्रशासनिक असंवेदनशीलता और अहंकार का परिणाम है कि देश में सनातन धर्म के सर्वोच्च पद पर बैठे पूज्य संतों को भी अपमानित होना पड़ रहा है। कांग्रेस पार्टी सभी धर्मों, संत समाज के सम्मान और सनातन धर्म की गरिमा की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी शंकराचार्य अभिमुक्तेश्वरानन्द के साथ हुई दुर्व्यवहार की इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती है।

जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस के निवर्तमान मीडिया प्रभारी राजीव महर्षि ने कहा कि जगतगुरू शंक. राचार्य अभिमुक्तश्वरानन्द के साथ किये गये दुर्व्यवहार के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की और से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के आह्वान पर 24 व 25 जनवरी 2026 को प्रदेशभर के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मन्दिर प्रांगणों में 2 घंटे का मौन उपवास कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के कांग्रेसजन सभी विधानसभा क्षेत्रों में 24 व 25 जनवरी को मन्दिर प्रांगणों में 2 घंटे का मौन उपवास रखेंगे।

## प्रत्येक सेमेस्टर में 90 दिन कक्षाओं का संचालन करने के निर्देश

**देहरादून।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने ने अधिकारियों को एनईपी के अनुरूप प्रत्येक सेमेस्टर में 90 दिन कक्षाओं का संचालन करने तथा समय पर परीक्षा का आयोजन कर परीक्षा परिणाम घोषित करने की कार्ययोजना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। चाहे उसके लिये परीक्षा पैटर्न में परिवर्तन ही क्यों न करना पड़े। उन्होंने विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों के लिये बायोमेट्रिक उपस्थिति को भी अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिये।

# विजिलेंस का एक्शन: अमीन 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

■ विद्युत विभाग के कई अधिकारी वर्षों से जमे, विजलेंस के रडार पर: सूत्र

■ सड़क निर्माण के दौरान कटान हुई भूमि के मुआवजे के एवज में ली थी रिश्वत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** देहरादून से आई विजिलेंस टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रांतीय खंड लोनिवि भटवाडी ( उत्तरकाशी) के अमीन टीका राम नौटियालको 100 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

गुरूवार को विजिलेंस टीम ने प्रांतीय खंड लोनिवि भटवाडीघ के अमीन टीका राम नौटियाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

बता दें कि टीका राम नौटियाल, अमीन, प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग भटवाड़ी कैंप कार्यालय, उत्तरकाशी ने सड़क निर्माण के दौरान कटान हुई भूमि के मुआवजे के एवज में शिकायतकर्ता से 10,000 रुपए की रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने पर विजिलेंस ने जाल बिछाया और गुरुवार को आरोपी को रिश्वत की धनराशि लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।



विजिलेंस की इस कार्रवाई से विभागों में हड़कंप मच गया है। धामी सरकार ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। विजिलेंस द्वारा मामले में आगे की जांच की जा रही है।

गौरतलब है कि भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बनी उत्तरकाशी जनपद के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भ्रष्टाचार के खिलाफ एक बड़ा प्रहार माना जा रहा है।सरकार ने साफ किया है कि राज्य में भ्रष्टाचार को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विजिलेंस की इस कार्रवाई की सरकार ने प्रशंसा की है और कहा है कि दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे।

विजिलेंस विभाग ने यह भी बताया कि मामले की गहन जांच चल रही है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि कहीं इस तरह की गति. विधियों में अन्य लोग भी शामिल तो नहीं हैं। जरूरत पड़ने पर और गिरफ्तारियां भी की जा सकती हैं।

वहीं लोनिवि भटवाडीघ के अमीन के गिरफ्तार होने के बाद उत्तरकाशी में कई भ्रष्ट्र अधिकारियों में हड़प्पा मचा हुआ है।

सूत्रों के माने तो विद्युत विभाग समेत कई अधिकारी अधिकारी वर्षो से भ्रष्टाचार के बलबूते पर उत्तरक. ाशी जनपद में डटे हैं। उनके ऊपर उनके आकाओं का भी हाथ माना जा रहा है। इस घटना के बाद भ्रष्टाचारियों पर हड़कंप मचा हुआ है।सूत्रों कीर्ति माने तो विद्युत विभाग और कुछ अन्य अफसर लंबे समय से विजलेंस के रडार पर है।



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के दिल्ली प्रस्थान से पूर्व उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में गंगाजल का कलश भेंट करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। इस मौके पर राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी मौजूद रहे।

# भारत पर्व पर प्रदर्शित होगी "आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड" की झांकी

■ सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक एवं झांकी के नोडल अधिकारी के. एस. चौहान ने दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** रक्षा मंत्रालय की और से राष्ट्रीय रंगशाला शिविर, नई दिल्ली में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान विभिन्न प्रदेशों एवं मंत्रालयों की झांकियों को प्रेस के सामने अपने-अपने राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत की।

इस अवसर पर जानकारी दी गई कि उत्तराखण्ड राज्य की झांकी इस वर्ष "आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड" थीम के अंतर्गत भारत पर्व में प्रदर्शित होगी।

भारत पर्व के आयोजन के दौरान 26 से 31 जनवरी तक दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में उत्तराखण्ड की विकास यात्रा के दर्शन किए जा सकेंगे। इस वर्ष उत्तराखण्ड की झांकी की थीम "आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड" रखी गई है, जो आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप राज्य की सांस्कृतिक, आर्थिक एवं पारंपरिक आत्मनिर्भरता को दर्शाती है।

सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक एवं झांकी के नोडल अधिकारी के.एस. चौहान ने बताया कि




"आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड" झांकी के ट्रैक्टर सेक्शन में पारंपरिक वाद्ययंत्रों ढोल और रणसिंघा की आकर्षक तांबे की प्रतिकृतियां हैं, जो उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शिल्पी कारीगरों की कलात्मक महारत का प्रतीक हैं। ट्रेलर सेक्शन के पहले भाग में तांबे के मंजीरे की एक बड़ी मूर्ति दिखायी गई है, जो तांबे की कला की बारीकियों को विस्तार से उजागर करती है। बीच का सेक्शन खूबसूरती से बनाए गए तांबे के बर्तन जैसे गागर, सुरही, कुण्डी को दर्शाया गया है, जो उत्तराखण्ड के पारंपरिक घरेलू जीवन के आवश्यक तत्व हैं। इस सेक्शन के नीचे, साइड पैनल पारंपरिक वाद्ययंत्र भोंकोर के प्रमुख चित्रणों से सजाए गए हैं, जो सांस्कृतिक कहानी को और समृद्ध करते हैं।झांकी के पिछले सेक्शन में तांबे के कारीगर की एक आकर्षक और प्रभावशाली मूर्ति है, जो हाथ से तांबे के बर्तन बनाने की प्रक्रिया में लगा हुआ है। कारीगर के चारों ओर बारीकी से बनाए गए तांबे के बर्तन हैं, जो पीढ़ियों से मिले ज्ञान, कौशल और श्रम की गरिमा का प्रतीक हैं।

## शिल्पी समुदाय की कारीगरी को दर्शाती है झांकी: चौहान

**देहरादून।** सूचना विभाग के संयुक्त निदेशक एवं झांकी के नोडल अधिकारी के.एस. चौहान ने कहा कि उत्तराखण्ड की यह झांकी प्रदेश के शिल्पी समुदाय की कारीगरी, सांस्कृतिक योगदान, आर्थिक आत्मनिर्भरता, आजीविका, कौशल एवं परम्परा को दर्शाती है। चौहान ने आगे बताया कि उत्तराखण्ड की झांकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उसकी प्राचीन शिल्प कला के माध्यम से प्रभावी रूप से प्रस्तुत करती है, जो आज भी जीवंत रूप में समाज का हिस्सा बनी हुई है। स्थानीय कारीगरों द्वारा पारंपरिक तकनीकों से निर्मित तांबे के बर्तन एवं उपकरण उत्कृष्ट शिल्प कौशल का उदाहरण हैं।

१ੴ ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫ਼ਤਹਿ

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (भारत सरकार का उपक्रम)

Punjab & Sind Bank (A Govt. of India Undertaking)

Where service is a way of life

ई-नीलामी (केवल ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री)

परिसंपत्ति वसूली शाखा; ग्राउंड फ्लोर, सिद्धार्थ एन्क्लेव, आश्रम चौक, नई दिल्ली-110014 ई-मेल: d0707@psb.bank.in फोन 011-26346827, 26349590

**परिशिष्ट-IV-A, अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस**

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस।

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/गारंटरों को नोटिस दिया जाता है कि सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसका कब्जा पंजाब एण्ड सिंध बैंक, सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे 31.12.2014 तक रु. 7,24,29,193.86 (रुपये सात करोड़ चौबीस लाख उनतीस हजार एक सौ तिरानबे और छियासी पैसे) की वसूली के लिए 07.03.2026 को "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जाएगा, साथ ही निम्न उधारकर्ता/गिरवीदार/सह-उधारकर्ता/भागीदार/गारंटरों से सुरक्षित लेनदार को देय भविष्य के ब्याज, लागत, शुल्क और खर्च भी वसूल किए जाएंगे :-

1) **मैसर्स अरुण देव बिल्डर्स लिमिटेड,** कंपनी अधिनियम 1956 के तहत विधिवत पंजीकृत एक लिमिटेड कंपनी, जिसका कार्यालय:-612, होली चौक, देवली, नई दिल्ली-110062 पर है, अपने निदेशकों के माध्यम से।
2) **श्री मनोज भारद्वाज पुत्र श्री आर. आर. शर्मा,** निवासी बी-8, राजू पार्क, खानपुर, नई दिल्ली-110062
3) **श्री रमेश चंद्र शर्मा पुत्र श्री ज्वाला प्रसाद,** निवासी 275, सेक्टर 16/29, फरीदाबाद, हरियाणा।
4) **श्री पवन कुमार शर्मा पुत्र श्री रमेश चंद्र शर्मा** निवासी 275, सेक्टर 16/29, फरीदाबाद, हरियाणा।
5) **श्री प्रवीण भारद्वाज पुत्र श्री राम रतन शर्मा,** निवासी बी-8, राजू पार्क, खानपुर, नई दिल्ली: 110062
6) **श्रीमती नीना भारद्वाज पत्नी श्री मनोज भारद्वाज** निवासी बी-8, राजू पार्क, खानपुर, नई दिल्ली-110062
7) **मैसर्स पारस जैन फूड प्राइवेट लिमिटेड** जिसका पंजीकृत कार्यालय अपने निदेशक श्री मनोज भारद्वाज के माध्यम से है।

संपत्ति का विवरण, आरक्षित मूल्य, बयाना जमा राशि और अन्य विवरण संपत्ति के सामने नीचे दिए गए हैं :

**ई-नीलामी तिथि एवं समय : 07-03-2026 को दोप. 12.00 से अप. 02.00 बजे, निरीक्षण की तिथि : 05-03-2026 को प्रातः 10.00 से सायं 05.00 बजे के मध्य।**

| अचल संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि | ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि और समय खाता विवरण | दिनांक 21.01.2026 तक कुल बकाया (अन्य सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री आय से सभी वसूलियों के समायोजन के बाद) |
|---|---|---|---|
| वह संपूर्ण भाग और पार्सल अचल संपत्ति (औद्योगिक संपत्ति) क्षेत्र माप 32210 वर्ग मीटर, खाता संख्या 5, खसरा संख्या 9 में से, क्षेत्रफल 0.8290 हेक्टेयर और खसरा संख्या 79 में से, क्षेत्र माप 23920 हेक्टेयर, औद्योगिक क्षेत्र में गांव दढ़ाकी परगना मंगलोर, तहसील-रुड़की, जिला-हरिद्वार, उत्तराखंड में स्थित है। **कब्जा प्रकार : प्रतीकात्मक** | रु. 11,50,00,000/- / रु. 1,15,00,000/- / रु. 1,00,000/- (प्रत्येक बोली) | 06/03/2026 को सायं 5:00 बजे तक ईएमडी खाता संख्या- 06125040050001 लाभार्थी : पंजाब एण्ड सिंध बैंक आईएफएससी- PSIB0000612 | रु. 7,48,40,972.40/- (रुपये सात करोड़ अड़तालीस लाख चालीस हजार नौ सौ बहत्तर और चालीस पैसे मात्र) प्लस भविष्य का ब्याज और शुल्क |

बिक्री की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी श्री पृथ्वी राज (मोबा. नंबर 8094333353) और प्रोणॉय घोष (मोबा. नंबर 9015285882) से संपर्क करें। विस्तृत जानकारी और बिक्री के नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com/ में दिए गए लिंक को देखें।

दिनाँक : 21-01-2026, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब एण्ड सिंध बैंक

# कलम सिंह को सेनाध्यक्ष ने किया सम्मानित

## पूर्व सैनिक को सेवानिवृत्ति के बाद दिल्ली में मिला ऑनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** विकास खंड देवाल के अंतर्गत मन्दोली निवासी पूर्व सैनिक कलम सिंह बिष्ट को सेनाध्यक्ष (एसओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सेना मुख्यालय दिल्ली में उनके द्वारा सेवानिवृत्त के बाद किए गए असाधारण जीवन एवं उनकी हालिया उपलब्धि पर उन्हें सम्मानित किया।

चमोली जिले के पूर्व नायक कलम सिंह बिष्ट को सेना की ओर से जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एक समारोह में बुधवार की देर सांय सेना मुख्यालय दिल्ली में उनके द्वारा समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के लिए सेना की ओर से सम्मानित किया। इस मौके पर जनरल ने नायक बिष्ट का पीठ थपथपाते हुए उनके द्वारा समाज हित में किए गए और किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि बिष्ट के द्वारा अल्ट्रा रनिंग में उपलब्धियां सेना के हरेक जवान के लिए एक उदाहरण पेश कर रहा है।इस मौके पर जनरल ने उन्हें समाज के लिए और बेहतरीन कार्य करने की शुभकामनाएं भी दी। ष्सेनाध्यक्ष ने नायक बिष्ट को सौंपे सराहना पत्र में कहा है कि पूर्व सैनिक बिष्ट ने सेवानिवृत्त के बाद सार्थक कर्तव्यनिष्ठा एवं कार्यदक्षता का परिचय देते हुए देश भक्ति को सर्वप्रथम रखते हुए देश की



प्रगति में अनमोल योगदान दिया हैं और देश के नागरिकों एवं पूर्व सैनिकों के लिए अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। मैं इस अद्भुत योगदान के लिए आप की सराहना करता हूं।

उल्लेखनीय हैं कि नायक बिष्ट ने चौथी गढ़वाल राइफल्स(नूरानांग) से सेवानिवृत्त के बाद अपने गांव मन्दोली के नाम से मन्दोली राइडर्स क्लब की स्थापना कर क्षेत्र के गरीब किंतु हुनरमंद युवक, युवतियों एवं बच्चों को साइकिलिंग, पर्वतारोही, लंबी दौड़ों, अल्ट्रा ट्रेल रनिंग, पर्यावरण संरक्षण सहित तमाम अन्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा युवाओं को सेना की भी तैयारियां करवा रहें हैं।

यहीं नहीं वें भी लगातार अल्ट्रा ट्रेल रनिंग की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर उत्तराखंड एवं देश का नाम पूरे विश्व पटल पर रोशन कर चुके हैं। नायक की सामाजिक गति. विधियों में बढ़-चढ़कर कर भाग लेने के चलते क्षेत्र में उनकी विभिन्न मंचों पर भी जमकर सराहना होती आ रही हैं।

## जल संस्थान के ऑपरेटरो को नहीं मिला चार माह से वेतन

**श्रीनगर।** उत्तराखण्ड जल संस्थान देवप्रयाग में कार्यरत पंप ऑपरेटर, फिल्टर ऑपरेटर, फिटर, लाइन मैन को समय पर वेतन व बोनस न दिए जाने पर रोष व्यक्त किया है। इस संदर्भ में जल संस्थान देवप्रयाग के अधिशासी अभियंता नरेश पाल को ज्ञापन प्रेषित करते हुए संगठन के प्रदेश महामंत्री मंगलेश लखेड़ा, प्रदेश उपकोषाध्यक्ष सूर्य प्रकाश, देवप्रयाग शाखा अध्यक्ष सुनील गैरोला, मंडलीय मीडिया प्रभारी मुकेश बडोनी ने कहा कि जल संस्थान देवप्रयाग में कार्यरत पंप ऑपरेटर, फिल्टर ऑपरेटर, फिटर, लाइन मैन एवं वाल मैन कर्मचारियों को चार माह से वेतन न मिलने पर रोष व्याप्त है। कर्मचारियों को न ही वर्ष 2025 में देय बोनस राशि का भुगतान अब तक किया गया है। वेतन न मिलने से कर्मचारियों कि आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ा है। कहा कि लक्ष्मोली, हडिम की धार, झंडीधार, भरपूर, चौरास एवं नैथाना पेयजल योजना में कार्यरत कार्यरत लाइन मैन, फिटर एवं कर्मचारियों को 15 वर्षों से मानकों के अनुरूप वेतन नहीं दिया जा रहा है।

# ब्रेन स्ट्रोक से पीड़ित को मिला जीवनरक्षक उपचार

### एयर एम्बुलेंस से एम्स ऋषिकेश किया गया रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विकासखंड अगस्त्यमुनि के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज बीना में कार्यरत प्रवक्ता प्रभाकर थपलियाल की तबीयत विद्यालय में कार्य के दौरान अचानक बिगड़ गई। चिकित्सकीय परीक्षण में उन्हें ब्रेन स्ट्रोक होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद उनकी स्थिति गंभीर हो गई।

विद्यालय प्रशासन एवं सहकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। स्वास्थ्य की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें उच्च उपचार केंद्र रेफर करने की संस्तुति की।

घटना की जानकारी प्राप्त होते ही जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने मानवीय संवेदनशीलता एवं प्रशास.



निक तत्परता का परिचय देते हुए तत्काल एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए।

जिला प्रशासन की त्वरित कार्यवाही के फलस्वरूप अल्प समय में एयर एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। इसके उपरांत गंभीर रूप से बीमार शिक्षक प्रभाकर थपलियाल को एयरलिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार किया जा रहा है। मरीज के परिजन उपेन्द्र सती ने उत्तराखण्ड सरकार की एयर एम्बुलेंस सेवा को पर्वतीय क्षेत्रों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया गया है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवान ने बताया कि राइंका बीना में कार्यरत प्रवक्ता प्रभाकर थपलियाल की तबीयत अचानक गंभीर हो गई। कार्य के दौरान उन्हें ब्रेन स्ट्रोक आ गया, जिसके चलते उनका स्वास्थ्य तेजी से बिगड़ने लगा।

जिला चिकित्सालय में इलाज के बाद उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए एयर लिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर किया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उनका उपचार चल रहा है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने ली जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

### अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** मुख्य विकास अधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में गुरुवार को जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए जल संस्थान और पेयजल निगम के अधिकारियों को अवशेष कार्यों में तेजी लाने और समय पर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

विकास भवन में आयोजित बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जल संस्थान और पेयजल निगम के अधिकारियों को जल जीवन मिशन की योजनाओं के कार्यों में तेजी लाते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने योजना को पूर्ण करने में आ रही समस्याओं को लेकर समन्वय स्थापित कर निस्तारण करने की बात कही। उन्होंने सोर्स जियो टैग की समीक्षा करते हुए जल संस्थान और पेयजल निगम के अधिकारियों को अवशेष 105 सोर्स टैग करने की बात कही। इस मौके पर परियोजना अधिकारी आनंद भाकुनी, डीडीओ केके पंत, पेयजल निगम के अधिशासी अभियंता राजेश कुमार, अरुण प्रताप, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार और सहायक अभियंता राहुल राय मौजूद थे।

# श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देने के बाद दिवारा यात्रा पहुंची भीरी

### आचार्यो ने भगवती कालीमाई का आहवान कर उतारी आरती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** आस्था, श्रद्धा और परंपरा की प्रतीक भगवती कालीमाई की दिवारा यात्रा विगत दिनो मकर संक्रान्ति पर्व पर अलक. नंदा भागीरथी के संगम स्थल देवप्रयाग में पवित्र गंगा स्नान एवं विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत आज अपने गंतव्य की ओर लौटते हुए चन्द्रापुरी से श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान करती हुई भीरी पहुंच गई।

यात्रा के भीरी आगमन पर क्षेत्र में धार्मिक उल्लास एवं भक्ति का वातावरण देखने को मिला। शुक्रवार को भगवती कालीमाई की दिवारा



यात्रा विभिन्न यात्रा पडाध्वों पर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए रात्रि प्रवास के लिए सेमी गांव पहुंचेगी। गुरूवार को चन्द्रापुरी मे ब्रह्म बेला पर विद्वान आचार्यो ने भगवती कालीमाई सहित 33 कोटि देवी-देवताओं का आहवान कर आरती उतारी तथा ठीक दस बजे भगवती कालीमाई की दिवारा अपने अगले पड़ाव के लिए रवाना हुई। चन्द्रापुरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दिवारा यात्रा के दर्शन हेतु एकत्रित हुए। यहां मां कालीमाई के दिवारा ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने देवी के समक्ष शीश नवाकर सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर दिवारा यात्रा का स्वागत किया गया।

सांयकाल यात्रा भीरी पहुंची, जहां पहले से ही भक्तों का जनसैलाब मौजूद था। भीरी गांव में दिवारा यात्रा के आगमन पर विशेष पूजा, आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने इसे क्षेत्र के लिए मंगलकारी बताते हुए कहा कि भगवती कालीमाई की दिवारा यात्रा से गांव में शांति, समृद्धि और आपसी सौहार्द बना रहता है। दिवारा यात्रा महामंत्री सुरेशानंद गौड़ ने बताया कि भगवती कालीमाई की दिवारा यात्रा के देवप्रयाग भ्रमण के दौरान विभिन्न क्षेत्रो ग्रामवासियों का सहयोग सराहनीय रहा। इस मौके पर दिवारा यात्रा मे साथ चल रहे सैकड़ो हक - हकूकधारी, चन्द्रापुरी, बांसबाड़ा व भीरी के सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थे।

## एक नजर .......

### क्षेत्राधिकारी ने किया कोतवाली कीर्तिनगर का निरीक्षण

**श्रीनगर।** गुरूवार को क्षेत्राधिकारी नरेंद्रनगर सुरेंद्र सिंह भंडारी ने कोतवाली कीर्तिनगर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने थाना, कोतवाली के प्रशासनिक कार्य, अभिलेख, सुरक्षा व्यवस्था एवं आपदा प्रबंधन की तैयारियों का विस्तृत रूप से अवलोकन किया गया। मौके पर कोतवाली में उपलब्ध अस्लाह, दंगारोधी उपकरण, आपदा प्रबंधन उपकरण एवं अन्य सरकारी सम्पत्ति का भौतिक निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त की गयी। इस दौरान उन्होने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सहित अन्य कर्मियों को लंबित विवेचनाओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा एसएसपी द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी में दिए गए आदेशों, निर्देशों का पूर्ण अनुपालन करने के निर्देश दिए गए।

### अलकनंदा नदी में छलांग लगाने वाले का नहीं लगा सुराग

**श्रीनगर।** बीते बुधवार को कीर्तिनगर पुल से छलांग मारने वाले व्यक्ति का 24 घंट के बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। कीर्तिनगर पुलिस, एसडीआरएफ, जल पुलिस और गोताखोर की टीम लगातार रेस्क्यू कर व्यक्ति के खोजबीन में जुटी गई है। कीर्तिनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि व्यक्ति के खोजबीन के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बताया कि सर्च ऑपरेशन में पुलिस, एसडीआरएफ, जल पुलिस और गोताखोर की टीम लगी हुई है। साथ ही राफ्ट के माध्यम से व्यक्ति की खोजबीन की जा रही है।

### एमवे इंडिया ने लॉन्च किया न्यूट्रिलाइट बायोटिन सी प्लस

**देहरादून।** आज के तेज-रफ्तार जीवन में देर रात तक जागने की आदत, बढ़ते तनाव और पोषक तत्वों की कमी वाले आहार के कारण, स्वस्थ दिखने वाले बाल, त्वचा और नाखून भी अपनी प्राकृतिक चमक और मजबूती खो सकते हैं। स्वास्थ्य और वेलनेस के क्षेत्र में अग्रणी कंपनी एमवे इंडिया ने न्यूट्रिलाइट बायोटिन सी प्लस (जिंक एवं बीटा कैरोटीन के साथ) लॉन्च किया है ,जो एक वैज्ञानिक रूप से तैयार न्यूट्रास्युटिकल है जिसमें भीतर से स्वस्थ बालों, त्वचा और नाखूनों को सहारा देने वाले तत्व शामिल हैं। इसे 'बायोटिन से परे' फॉर्मूलेशन के रूप में प्रस्तुत किया गया है। यह उत्पाद केवल एकल-घटक सप्लीमेंट तक सीमित न रहकर बायोटिन, विटामिन सी और जिंक जैसे तीन आवश्यक पोषक तत्वों का 100 प्रतिशत अनुशंसित आहार मात्रा (आरडीए) प्रदान करता है, साथ ही बीटा कैरोटीन भी शामिल करता है। यह एमवे के विज्ञान-समर्थित पोषण और पादप-आधारित वेलनेस पर निरंतर फोकस को दर्शाता है। न्यूट्रिलाइट की 90 प्लस वर्षों की पोषण विशेषज्ञता के साथ विकसित, यह उत्पाद अनुशंसित आहार भत्तों (आरडीए) के अनुरूप आवश्यक पोषक तत्वों को प्रदान करता है, जो एमवे के रोजमर्रा के पोषण पर फोकस को मजबूत करता है।

### चौरास और पौड़ी के विभिन्न विद्यालयों में चला जागरूकता अभियान

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सीयूईटी (यूजी) प्रवेश परीक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरूवार को चौरास परिसर में एक विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. वरुण बर्थवाल, डॉ. कपिल पंवार एवं डॉ. गंभीर सिंह कठैत ने पौड़ी गढ़वाल जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं को सीयूईटी परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पौड़ी तथा गढ़वाल विश्व. विद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में चल रहें एक कार्यक्रम के दौरान चौरास परिसर स्थित आईटी विभाग में सीयूईटी जागरूकता के लिए गठित टीम ने 40 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को सीयूईटी की आवेदन प्रक्रिया, परीक्षा स्वरूप एवं विषय चयन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर डॉ. कपिल पंवार ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया की पर्याप्त जानकारी नहीं होती, जिसके कारण वे समय रहते सीयूईटी परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर पाते और बोर्ड परीक्षाओं के पश्चात पंजीकरण से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से गढ़वाल विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपी. गुसाईं के निर्देशन में विश्वविद्यालय की टीमों द्वारा इससे पूर्व रुद्रप्रयाग और चमोली जनपद के 25 से अधिक विद्यालयों में भी सीयूईटी परीक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर शिक्षिका दिव्या नौटियाल, कांति किमोठी, अमिता सिंह, अंजना सहित आदि मौजूद थे।

## नागरिक संहिता दिवस की तैयारियों का एडीएम ने लिया जायजा

**चमोली।** जिलाधिकारी गौरव कुमार के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर समान नागरिक संहिता दिवस के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। गुरुवार को कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण का अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

यूसीसी के नोडल अधिकारी और अपर जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को सफाई, पेयजल, विद्युत सहित सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्व दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि समान नागरिक संहिता दिवस के मौके पर जनपद के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सीयूईटी का उद्देश्य, छात्रों को उच्च शिक्षा के अवसरों से जोड़ना: डॉ कपिल

### गढ़वाल विवि का तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम संपंन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की ओर से तीन दिन तक सीयूईटी प्रवेश परीक्षा जागरूकता अभियान संपंन हो गया है। इस दौरान पांच सदस्यीय दो टीमों ने जनपद के 20 से अधिक इंटरमीडिएड विद्यालयों में सीयूईटी परीक्षा की जानकारी दी।

राजकीय इण्टर मीडिएट कॉलेज चन्द्रापुरी पहुंची टीम ने बताया कि कुलपति प्रो प्रकाश सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक



स्तर पर प्रवेश के लिए सीयूईटी (यूजी) 2026 को लेकर विशेष जागरूकता एवं मार्गदर्शन अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के अवसरों से जोड़ना है।

पर्वतीय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं को सीयूईटी प्रवेश की प्रक्रिया की पर्याप्त जानकारी नहीं है, जिसके कारण वे समय रहते सीयूईटी परीक्षा के लिए आवेदन नहीं कर पाते और बोर्ड परीक्षाओं के पश्चात पंजीकरण से वंचित रह जाते हैं।

विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ कपिल पंवार ने कहा कि गढ़वाल विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो ओपी गुसाईं के निर्देशन में विश्वविद्यालय की टीमों द्वारा इससे पूर्व रुद्रप्रयाग और चमोली जनपद में भ्रमण कर रही है।

टीम के सदस्य डॉ गंभीर कठैत, डॉ वरुण बर्थवाल ने छात्र-छात्राओं को अवगत कराया कि सीयूईटी (यूजी) परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जनवरी निर्धारित है, इसलिए इंटरमीडिएड के छात्र-छात्राओं को शीघ्रातिशीघ्र आवे. दन प्रक्रिया पूर्ण करनी चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजापति चमोली ने टीम का धन्यवाद किया।

## आपदा प्रबंधन जागरूकता एवं लाइफ सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**रुद्रप्रयाग।** आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, के तत्वावधान में विकासखण्ड जखोली, अगस्त्यमुनि एवं ऊखीमठ के अंतर्गत राइंका गोर्ती, राइंका बाड़ा बच्छणस्यूं एवं राइंका खुमेरा में आपदा प्रबंधन जागरूकता एवं लाइफ सेफ्टी पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन एवं न्यूनीकरण, त्वरित राहत एवं बचाव कार्य तथा जनजागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। प्रशिक्षण में एसआई आशीष डिमरी एवं एचसी प्रेम बिष्ट, मास्टर ट्रेनर सीमा परमार व जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा डीडीआरएफ की टीम ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया।

## बालिका फुटबॉल टीम रही सांसद चैम्पियन ट्रॉफी में अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** मुख्यमंत्री चौम्पियन ट्रॉफी के अंतर्गत आयोजित सांसद चौम्पियन ट्रॉफी 2025 का आयोजन प्रदेशभर में उत्साह के साथ किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद चमोली में जिला क्रीड़ा मैदान, गोपेश्वर में सांसद चौम्पियन ट्रॉफी प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिता के पांचवें दिन गुरुवार को कार्यक्रम का शुभारंभ चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी गौरव कुमार ने उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद चौम्पियन ट्रॉफी जैसे आयोजन ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि जनपद चमोली की पांच विधानसभाओं बदरीनाथ, कर्णप्रयाग, थराली,



बागेश्वर एवं कपकोट से आए खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर धीरेन्द्र नाथ द्विवेदी जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक अधिकारी, आदर्श पंत क्षेत्रीय प्रांतीय रक्षक अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हेल्पेज इंडिया प्रांगण में मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का शुभारंभ

### मोबाइल सचल स्वास्थ्य टीम 20 दूरस्थ गांवों में जाकर देगी सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर हेल्पेज इंडिया प्रांगण में मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का विधिवत शुभारंभ किया गया। मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी रुद्रप्रयाग डॉ. राम प्रकाश द्वारा किया गया।

मोबाइल सचल स्वास्थ्य टीम जनपद के अगस्त्यमुनि एवं जखोली विकासखंडों के कुल 20 दूरस्थ एवं ग्रामीण गांवों में जाकर अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। इस सेवा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बुजुर्गों एवं जरूरतमंद लोगों को उनके गांव के समीप ही प्राथमिक स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे उन्हें अस्पतालों तक लंबी दूरी तय करने से राहत मिलेगी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने कहा कि मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में




स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने हेल्पेज इंडिया के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से बुजुर्गों और कमजोर वर्ग के लोगों को समय पर उपचार मिल सकेगा। इस दौरान हेल्पेज इंडिया के राज्य प्रमुख चौतन्य उपाध्याय, जनपदीय समन्वयक प्रवीण राय, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रदीप चौहान, वरिष्ठ पत्रकार अनुसूया प्रसाद मलासी, डॉ. बनवारी लाल सैनी, रंगालाल यादव, विष्णु दुबे सहित अन्य मौजूद थे। सभी ने मोबाइल स्वास्थ्य सेवा को जनहित में एक सराहनीय पहल बताते हुए इसके सफल संचालन की शुभकामनाएं दीं।

# गौरव का क्षण: रुद्रप्रयाग से पांच लोगों को राज्य स्तरीय कबड्डी रेफरी की मान्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगस्त्यमुनि।** रुद्रप्रयाग जनपद के खेल जगत के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण और ऐतिहा. सिक उपलब्धि है। पारंपरिक एवं लोकप्रिय खेल कबड्डी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में जनपद ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जनपद के पांच खेल प्रेमियों को राज्य स्तरीय कबड्डी रेफरी के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है, जो न केवल रुद्रप्रयाग बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

इनका चयन सितंबर 2025 में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी रेफरी प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कोर्स के माध्यम से हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर प्रेमनगर आश्रम में आयोजित किया गया था, जिसमें उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों से आए कुल 61 शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कबड्डी को पेशेवर और अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के



दौरान प्रतिभागियों को कबड्डी के नियमों, तकनीकी पहलुओं, निष्पक्ष निर्णय प्रणाली, मैच संचालन, स्कोरिंग सिस्टम, फाउल एवं निर्णय प्रक्रिया की गहन जानकारी दी गई। इस शिविर में एमेच्योर कबड्डी फेडरेशन ऑफ इंडिया के तकनीकी निदेशक श्री जगदीश्वर यादव एवं अंतरराष्ट्रीय तकनीकी अधिकारी श्री राणा रंजीत सिंह ने प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया।

यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि रुद्रप्रयाग अब केवल प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए ही नहीं, बल्कि उच्च स्तरीय खेल अधिकारियों और रेफरियों के लिए भी एक पहचान बनता जा रहा है।

**इन्हें मिला स्टेट रेफरी का दर्जा:** इस प्रतिष्ठित प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रुद्रप्रयाग जनपद के जिला क्रीड़ा समन्वयक शिव सिंह नेगी, व्यायाम शिक्षक मोहन सिंह रावत,योगम्बर कंडारी, सुभाष नेगी, मीना बिष्ट ने राज्य स्तरीय कबड्डी रेफरी का दर्जा प्राप्त किया।

इन सभी की इस उपलब्धि से जनपद में कबड्डी को नई पहचान मिलेगी तथा स्थानीय खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय मार्गदर्शन और बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। पाँचों के चयन पर खेल प्रेमियों, शिक्षकों, खिलाड़ियों एवं स्थानीय नागरिकों में हर्ष का माहौल है। जनपद के खेल संगठनों ने इसे रुद्रप्रयाग के लिए गर्व का क्षण बताते हुए विश्वास जताया कि यह उपलब्धि जिले में कबड्डी के विकास को नई दिशा देगी।

## आमजन को निशुल्क विधिक सहायता के दिए निर्देश

**पौड़ी।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल एवं जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पौड़ी गढ़वाल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पौड़ी गढ़वाल द्वारा सिविल जज /सचिव नाजिश कलीम की अध्यक्षता में स्वयंसेवकों एवं अधिकार मित्रों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल कमल प्रसाद बमराड़ा, डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल महेश बलूनी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार, पैनल अधिवक्ता कुसुम नेगी, सदस्य स्थायी लोक अदालत अतुल पोखरियाल सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र उपस्थित रहे।

# तेफना में गैस सिलेंडर में लगी आग,तीन घंटे तक मचा हड़कंप

### होमगार्ड जवान की सूझबूझ से टली बड़ी अनहोनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** विकास खंड कर्ण प्रयाग के ग्राम तेफना में गुरुवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक आवासीय भवन में चाय बनाते बक्त गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि घर में रखा अधिकांश सामान जलकर स्वाहा हो गया।

घटना के समय मकान मालिक गजपाल सिंह कुंवर एवं उनके पुत्र विक्रम सिंह कुंवर घर के अंदर मौजूद थे, जिन्होंने बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि सिलेंडर में लगी आग लगभग तीन घंटे तक लगातार धधकती रही, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे होमगार्ड जवान विमल मुनियाल ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए स्थिति को संभाला। उन्होंने जोखिम उठाकर सिलेंडर की आग पर काबू पाया और उसे पूरी तरह बुझाने में सफलता हासिल की, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

स्थानीय ग्रामीणों ने होमगार्ड जवान की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो नुकसान और भी बड़ा हो सकता था।

# एमडीडीए ने ऋषिकेश में की सीलिंग और ध्वस्तीकरण की बड़ी कार्रवाई

■ बिना नक्शा मंजूरी पर सीलिंग व अवैध प्लॉटिंग पर एमडीडीए सख्त





**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरीख्देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत अवैध निर्माणों और अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई निरंतर जारी है। प्राधिकरण द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बिना मानचित्र स्वीकृति एवं नियमों के विरुद्ध किए जा रहे किसी भी निर्माण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में एमडीडीए की टीम द्वारा देहरादून एवं ऋषिकेश क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर चिन्हित अवैध निर्माणों एवं अवैध प्लॉटिंग पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान संबंधित निर्माणों को सील करने के साथ-साथ जहां आवश्यक हुआ, वहां ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया भी अपनाई गई।

ऋषिकेश क्षेत्र में निर्मल बाग बी-ब्लॉक मार्ग, लेन नंबरख्10 के समीप किए जा रहे अवैध निर्माण पर प्राधिकरण की टीम द्वारा सीलिंग की कार्रवाई की गई। निर्माण कार्य बिना आवश्यक अनुमति के किए जाने पर यह कार्रवाई की गई।

तुलसी देवी द्वारा ओल्ड पोस्ट ऑफिस, बनखंडी क्षेत्र, ऋषिकेश में किए जा रहे अवैध निर्माण को भी नियमों के उल्लंघन के चलते सील कर दिया गया। इसके अतिरिक्त ऋषिकेश क्षेत्र में सुनील सोनी द्वारा किए जा रहे अवैध बहुमंजिले भवन पर एमडीडीए द्वारा सख्त रुख अपनाते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

यह भवन बिना स्वीकृत मानचित्र एवं नियमानुसार अनुमति के निर्माणाधीन था।

ध्वस्तीकरण की इस कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता अभिषेक भारद्वाज, अवर अभियंता अमित भारद्वाज, पूनम सकलानी सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित रूप से संपन्न कराई जा सके।देहरादून क्षेत्र में भी अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए फुरकान अन्य आदि द्वारा आसन विहार, हरभजवाला क्षेत्र में लगभग 20 से 25 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों के क्रम में की गई। कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता विजय सिंह रावत, अवर अभियंता अभिजीत सिंह थलवाल एवं सुपरवाइजर मौके पर उपस्थित रहे।

एमडीडीए द्वारा दोहराया गया कि अवैध प्लॉटिंग न केवल शहरी नियोजन को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि आम नागरिकों के लिए भविष्य में गंभीर समस्याएं भी उत्पन्न करती है। प्राधिकरण आम जनता से अपील करता है कि किसी भी प्रकार की भूमि खरीदने या निर्माण कार्य शुरू करने से पूर्व संबंधित प्राधिकरण से आवश्यक अनुमति एवं मानचित्र स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें।

प्राधिकरण ने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में भी अवैध निर्माणों एवं प्लॉटिंग के विरुद्ध ऐसी कार्रवाइयां लगातार जारी रहेंगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## भूमि क्रय या निर्माण से पूर्व संबंधित प्राधिकरण से अवश्य लें अनुमति: तिवारी



उपाध्यक्ष, मसूरीख्देहरादून विकास प्राधिकरण बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध एमडीडीए की कार्रवाई पूरी सखष्ती के साथ लगातार जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना स्वीकृत मानचित्र एवं नियमों के विरुद्ध किए जा रहे किसी भी निर्माण को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। अवैध प्लॉटिंग शहरी नियोजन, पर्यावरण और नागरिक सुविधाओं के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि भूमि क्रय या निर्माण से पूर्व संबंधित प्राधिकरण से अनुमति अवश्य लें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## आमजन के हितों की रक्षा एमडीडीए की सर्वोच्च प्राथमिकता : बर्निया

सचिव, मसूरीख्देहरादून विकास प्राधिकरण मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि अवैध निर्माणों और प्लॉटिंग के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई नियमानुसार और चरणबद्ध तरीके से की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण की टीमें लगातार क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही हैं और जहां भी अनियमितता पाई जा रही है, वहां तत्काल सीलिंग या ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। आमजन के हितों की रक्षा एमडीडीए की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# राजस्व मामलों में लापरवाही पर डीएम सख्त, अफसरों को दी फटकार

■ एक साल से पुराने लंबित वादों को तुरंत निपटाने के आदेश, बड़े बकायेदारों से होगी सख्ती से वसूली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने गुरुवार को राजस्व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर लंबित वादों और सुस्त वसूली पर कड़ा रुख अपनाया। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि धारा-34 (दाखिल-खारिज), 143 (अकृषिक) और सीमांकन से संबंधित एक साल से अधिक पुराने सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण किया जाए।अधिकारियों की जवाबदेही तय अंश निर्धारण और पड़ताल के कार्यों में सदर, विकासनगर और डोईवाला तहसीलों की धीमी प्रगति पर डीएम ने अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि राजस्व उप-निरीक्षकों (पटवारियों) का लक्ष्य निर्धारित कर जवाबदेही तय की जाए। लापरवाही मिलने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

बड़े बकायेदारों पर कसेगा शिकंजा वसूली की समीक्षा के दौरान डीएम ने चकराता, त्यूनी और कालसी तहस. ीलों में कम वसूली पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि जीएसटी विभाग और आरसीएस कार्यालय से समन्वय कर बड़े बकायेदारों की संपत्तियों का विवरण जुटाया जाए और वसूली में तेजी लाई जाए।पारदर्शिता के लिए बनेगी एसओपी भूमि सीमांकन के विवादों को कम करने के लिए जिलाधिकारी ने मानक प्रचालन प्रक्रिया तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम के. के. मिश्रा सहित सभी तहसीलों के एसडीएम और तहसीलदार मौजूद रहे।

## गैरसैंण को सैरगाह न समझे सरकार: जोशी

**देहरादून।** सरकार के बजट सत्र गैरसैंण में आयोजित कराने के फैसला पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने कहा कि ये केवल चुनाव पास आता देख लिया जा रहा फैसला मात्र है। कांग्रेस ने भराड़ीसैंण में मूलभूत आवश्यकताओं व सुविधाओं की पूर्ति की है। अब केवल सरकार को बड़ा दिल दिखाकर और राज्य निर्माण आंदोलनकारियों की भावना के अनुकूल स्थाई राजधानीघोषित करनी चाहिए जिससे विकास की गंगा पहाड़ से मैदान की ओर बहे। सरकार की मंशा पर भरोसा नहीं किया जा सकता है क्योंकि पिछले दिनों आयोजित सत्र दो ही दिन में समाप्त कर इति श्री की गई जिसमें करोड़ों रुपए के सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार केवल वाहवाही लूटने को बजट सत्र गैरसैंण में आयोजित कर रही है और यहां की जनता की भावनाओं से खेल रही है। उन्होंने कहा कि गैरसैंण को सैरगाह न समझे सरकार। बजट सत्र एक सप्ताह का हो जिसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार: अब तक 445 कैम्पों का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी अभियानों के माध्यम से शासन को आम जनता के द्वार तक पहुँचाने का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है। "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" की भावना के अनुरूप आयोजित कैम्प राज्य में सुशासन का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं।

गुरुवार को प्रदेशभर में कुल 17 कैम्पों का आयोजन किया गया, जिनमें 9,674 नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता की। इन कैम्पों के माध्यम से आम नागरिकों ने अपनी समस्याएँ प्रशासन के समक्ष रखीं तथा विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित जानकारी और लाभ प्राप्त किया।अब तक की अवधावधि में राज्य में कुल 445 कैम्पों का सफल आयोजन किया जा चुका है, जिनमें 3,54,059 नागरिकों ने प्रत्यक्ष रूप से सहभागिता की है।



■ मुख्यमंत्री धमी के नेतृत्व में कैम्प आधारित सुशासन को मिली नई गति, एक दिन में 17 कैम्प, 9,674 लोगों की सहभागिताख्रजनसेवा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण ,अब तक 3.54 लाख से अधिक नागरिकों तक पहुँची सरकार ,कैम्पों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान, योजनाओं का सीधा लाभ

यह उपलब्धि मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की उस दूरदर्शी सोच का परिणाम है, जिसके अंतर्गत शासन को जनता के निकट लाकर पारदर्शी, संवेदनशील एवं जवाबदेह प्रशासन की स्थापना की जा रही है।कैम्पों के माध्यम से न केवल शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है, बल्कि पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे शासन और जनता के बीच विश्वास मजबूत हुआ है तथा प्रशासनिक प्रक्रियाओं में गति और प्रभावशीलता आई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार की प्राथमिकता अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को पहुँचाना है। इसी संकल्प के साथ आयोजित ये कैम्प उत्तराखंड में सुशासन और जनसेवा की दिशा में एक मजबूत आधार बनते जा रहे हैं।

# सरकार को बदनाम करने के लिए निचले स्तर तक गिर चुकी कांग्रेस: चमोली

■ विधायक पुत्र प्रकरण पर खुलासा, कांग्रेसी नकारात्मक और षड्यंत्रकारी राजनीति की पराकाष्ठा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने कांग्रेस विधायक पुत्र प्रकरण में हुए खुलासे को नकारात्मक और षड्यंत्रकारी राजनीति की पराकाष्ठा बताया है। वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता श्री विनोद चमोली ने इसके आधार पर लगाए सभी झूठे आरोपों पर कांग्रेस से माफी मांगने को कहा है। वहीं अफसोस जताया, विश्वास नहीं होता कि कांग्रेस, भाजपा सरकार को बदनाम करने के लिए इतने निचले स्तर तक गिर सकती है।

मीडिया में दी प्रतिक्रिया में उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार सभी दलों से सकारात्मक राजनीति कर, राज्य के विकास में सहयोग का आग्रह करती रही है। लेकिन उनके नेता, विशेषकर कांग्रेस, प्रदेश की छवि खराब करने की कीमत पर सिर्फ और सिर्फ भाजपा को सरकार के प्रति झूठे नेरेटीव गढ़ने में लगी है। सरकार और पार्टी को टारगेट करने के लिए वह भ्रम और अफवाह का माहौल खड़ा करने का प्रयास करती रहती है। और प्रत्येक बार उसे मुंह की खानी पड़ती है, चाहे दुखद अं. कता प्रकरण हो, चाहे काशीपुर किसान आत्महत्या हो, चाहे आपदा का मुद्दा हो या बाबा केदारनाथ धाम का विषय हो।

उन्होंने हाल में कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ के पुत्र पर हमले को लेकर हुए खुलासे को भी इससे जोड़ते हुए राजनैतिक दुर्भावना का उदाहरण बताया। अफसोस जताते हुए कहा, भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस इस सीमा तक गिर जायेगी, ऐसा सोचा भी नहीं था। कांग्रेस के नेताओं द्वारा विधायक के घर जाकर, खराब कानून व्यवस्था के बढ़चढ़ कर एकतरफा आरोप लगाए गए थे। अब पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपियों ने स्वीकार कर लिया कि हमला षडयंत्र का हिस्सा था। लिहाजा सच सामने आने के बाद सभी बड़े कांग्रेस नेताओं को सरकार पर लगाए अपने अनर्गल, झूठे,अपमान. जनक और षड्यंत्रकारी आरोपों के लिए तत्काल सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।

# विधानसभा चुनाव में महिला कांग्रेस को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा: गावडे

■ बूथ स्तर पर महिला कांग्रेस की भागीदारी बढाने को हुआ मंथन महिला कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने ली चुनाव तैयारी के संबंध में बैठक



**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव व उत्तराखंड प्रभारी सुनीता गावडे के प्रदेश आगमन पर गुरुवार को उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के गढ़वाल मंडल के पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय महासर्.चव शिल्पी अरोड़ा, राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश सहप्रभरी पूनम पंडित ने भी प्रतिभाग किया।

बैठक में प्रदेश प्रभारी सुनीता गावडे ने महिला कांग्रेस पदाधिकारियों को आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हमें बूथ स्तर पर महिला कांग्रेस की उपस्थिति दर्ज करते हुए प्रत्येक बूथ पर कम से कम दो महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपना बूथ मजबूत करना है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा विधानसभा चुनाव में महिला कांग्रेस को उचित प्रतिनिधित्व दिया जायेगा तथा जहां भी महिला कांग्रेस प्रत्याशी मजबूत होंगे वहां पर उन्हें पूर्ण मौका दिया जायेगा।

प्रदेश प्रभारी सुनीता गावडे ने कहा कि भाजपा सरकारें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देती है, आज देश एवं प्रदेश में भाजपा सरकारों में सबसे अधिक अत्याचार महिलाओं पर हो रहे हैं, हमें भाजपा सरकार की इस महिला विरोधी नीतियों के खिलाफ भी पूरी मजबूती से लडना है।इससे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने कहा कि प्रदेश महिला कांग्रेस मल्लिकार्जुन खडगे, राहुल गांधी, अल्का लाम्बा व प्रभारी एवं सहप्रभारी के मार्गदर्शन में महिला कांग्रेस प्रदेश में मजबूती के साथ मुख्य संगठन से कंधे से कंधा मिलाकर आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की पुन: सत्ता में भारी बहुमत वापसी के लिए सरकार की नीतियों के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा विगत समय में अंकिता भंडारी हत्याकांड सहित सरकार के खिलाफ जनहित के मुद्दों पर आयोजित कार्यक्रमों की भी जानकारी दी।बैठक में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय कोर्डिनेटर शिवानी थपलियाल, प्रदेश उपाध्यक्ष आशा डोबरियाल शर्मा, चन्द्रकला नेगी, महानगर अध्यक्ष उर्मिला थापा, शोभा बडोनी, जिलाध्यक्ष पूनम सिंह, रश्मि पटवाल, आशा रावत, अंशुल त्यागी, लता जोशी, महासर्. चव पुष्पा पंवार, निधि नेगी, सुशीला शर्मा, अनुराधा तिवाडी, सरिता बिष्ट, दर्शनी रावत, सरिता कुरैशी, गार्गी राय, रेखा ढींगरा आदि उपस्थित थे।

## हरिद्वार जाते समय मुस्लिम सेवा संगठन के पदाधिकारी गिरफ्तार

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में मुसलमानों पर हो रहे कथित प्रशास. निक अत्याचारों, भेद्भावपूर्ण कार्रवाइयों और संवैधानिक अधिकारों के हनन के विरोध में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने जा रहे मुस्लिम सेवा संगठन, उत्तराखंड के पदाधिकारियों को पुलिस ने हरिद्वार प्रस्थान से पहले बल प्रयोग करते हुए गिरफ्तार कर लिया।मुस्लिम सेवा संगठन का कहना है कि वह शांतिपूर्ण एवं लो. कतांत्रिक तरीके से गृह मंत्री को प्रदेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे कथित अन्याय, एकतरफा प्रशासनिक कार्रवाइयों, धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक और कानून के चयनात्मक प्रयोग से अवगत कराना चाहता था, लेकिन पुलिस कार्रवाई ने लोकतांत्रिक अधिकारों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। संगठन का आरोप है कि उत्तराखंड में एक विशेष समुदाय को निशाना बनाकर प्रशासनिक सखती बढ़ाई जा रही है और उकसाऊ व विभाजनकारी भाषणों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।

## एक नजर .......

### यूसीसी दिवस पर तैयारियों को लेकर सीडीओ ने परखा कार्यक्रम स्थल

**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 27 जनवरी को आयोजित होने वाले श्यूसीसी दिवस की तैयारियां तेज हो गई हैं। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने गुरुवार को संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह, नींबूवाला स्थित प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गरिमामय और सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को मंच, साउंड सिस्टम और पार्किंग जैसी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि इस भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह सहित अन्य नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

### मसूरी में बुलाख व्हाइटफ्लावर रिसॉर्ट की हुई शुरुआत

**देहरादून।** उत्तराखंड की उभरती आतिथ्य कंपनी व्हाइटफ्लावर होटल



एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने संचालन का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस मौके पर कंपनी ने अपने नए प्रोजेक्ट बुलाख व्हाइटफ्लावर रिसॉर्ट मसूरी के लॉन्च की जानकारी दी है। मसूरी में शुरू किया गया बुलाख व्हाइटफ्लावर रिसॉर्ट खास तौर पर वेलनेस और आरामदायक जीवनशैली को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

# स्वर्ण पदक पर भारत का कब्जा, अथर्व पाटीदार ने नेपाल में लहराया तिरंगा



## एक रेड में 6 अंक लेकर बनाया रिकॉर्ड

मैच के दौरान मुख्य रेडर की भूमिका निभा रहे अथर्व पाटीदार ने अपने असाधारण खेल से सभी को अचंभित कर दिया। उन्होंने एक ही रेड में रिकॉर्ड 6 अंक हासिल कर भारतीय टीम की जीत सुनिश्चित कर दी। उनके इस प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें श्ओपनश् श्रेणी से श्अंडर-19श् श्रेणी में पदोन्नत किया गया है।ड्रीमर्स एजु हब ने अपने होनहार छात्र की इस वैश्विक सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है। संस्थान संस्थापक हरिओम चौधरी ने बताया की अथर्व की यह उपलब्धि अनुशासन और कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस गौरवपूर्ण जीत के बाद अब अथर्व का अगला मुकाबला थाईलैंड की टीम से होगा, जिसके लिए पूरा ड्रीमर्स परिवार उन्हें शुभकामनाएं दे रहा है।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर भारतीय युवाओं का दबदबा बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में ड्रीमर्स एजु हब के 11वीं कक्षा के छात्र अथर्व पाटीदार ने नेपाल के काठमांडू में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश और अपने संस्थान का नाम रोशन किया है।

इंडियन फेडरेशन फॉर ऑल गेम्स और वर्ल्ड कबड्डी फेडरेशन द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में भारत, नेपाल, भूटान, थाईलैंड और जापान समेत कई देशों की टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबले में भारत का सामना मेजबान नेपाल से हुआ। एक बेहद कड़े संघर्ष में भारतीय टीम ने 24ख्27 के अंतर से नेपाल को परा. जित कर चौंपियनशिप अपने नाम की।

# राम मंदिर स्थापना दिवस पर राज प्लाजा के व्यापारियों ने बांटा प्रसाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राम मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर राज प्लाजा एसोसिएशन की और से राजपुर रोड स्थित राज प्लाजा परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राम दरबार की विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा श्रद्धालुओं को फल, छोले और हलवे का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर ने कहा कि राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था का प्रतीक है और यह हमें सत्य, मर्यादा व सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक नारंग, नंद किशोर, नवीन कटारिया, रोहित, माधव, बलबीर सिंह व एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# 40 साल बाद टोला के ग्रामीणों को सड़क की सौगात

■ ढोल-दमाऊ की गूंज में विधायक विनोद कंडारी का ऐतिहासिक स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा के दूरस्थ डागर पट्टी स्थित टोला गांव में चार दशक के लंबे इंतजार के बाद पहली बार गांव तक सड़क पहुंची। सड़क पहुंचते ही गांव में उत्सव का माहौल छा गया। ग्रामीणों ने ढोल-दमाऊ की थाप पर खुशी मनाई और इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए क्षेत्रीय विधायक विनोद कंडारी का चांदी का मुकुट पहनाकर भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया। गुरूवार को टोला गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक विनोद कंडारी ने राड़ागाड़ा से टोला तक 5 किलोमीटर लंबे मोटर मार्ग के नव निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। 1 करोड़ 66 लाख 87 हजार रुपये की धनराशि से गांव तक मोटरमार्ग को पहुंचाया गया। इस अवसर पर देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी ने कहा कि मैं पहले मानता था कि यह डागर पट्टी का अंतिम गांव है, लेकिन सड़क जुड़ने के बाद आज यह मेरी डागर पट्टी का पहला गांव बन गया है। कहा कि इस गांव और यहां के लोगों से मेरा बहुत गहरा रिश्ता है। कहा कि विधायक बनने के बाद उन्होंने गांव तक सड़क पहुंचाने का वादा किया था और आज उस वादे को पूरा कर गांव तक पहुंचे हैं। बताया कि तब प्रसव पीड़ा से जूझ रही एक महिला की रास्ते में ही मौत हो गई थी, जिसने उन्हें इस सड़क के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी।

इस मौके पर दिल्ली, चंडीगढ़, देहरादून, रुद्रप्रयाग सहित देश के विभिन्न हिस्सों से लोग सड़क लोकार्पण के अवसर पर अपने पैतृक गांव पहुंचे, जिससे गांव में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

कार्यक्रम के दौरान विधायक कंडारी ने भविष्य की योजनाओं का जिक्र करते हुए सड़क को जाखी-घनसाली और बडियारगढ़ से जोड़ने का आश्वासन दिया। साथ ही गांव के विकास के लिए 5 लाख रुपये देने और भूमि उपलब्ध होने पर खेल मैदान बनाने की घोषणा भी की। मौके पर टोला, ग्वाड और राड़ागाड़ा विकास मंच के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र बर्तवाल ने विधायक का आभार जताया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्र पाल चौहान, प्रधान शोभा देवी, उपप्रधान राजेश्वरी देवी, आलम सिह बर्तवाल, विजयपाल बर्तवाल, गुलाब सिह बर्तवाल, विजय सिह, कर्ण सिह, सुर्जन सिंह, मंगल सिंह, अनुसूया प्रसाद, कृपाल सिह, विक्रम नेगी, रमेश सिंह, सुशीला देवी, बुद्धा देवी, पिंकी देवी सहित आदि मौजूद थे।

# गायत्री मंत्र जन-जन की चेतना है, यही राष्ट्र परिवर्तन की शक्ति है : अमित शाह

## गायत्री परिवार रूपी बीज आज एक विशाल वटवृक्ष का स्वरूप : पुष्कर सिंह धामी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि पूज्य आचार्यश्री पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने सम्पूर्ण मानवता को व्यक्ति निर्माण का मार्ग दिखाया, जो सर्वजन कल्याण के लिए है। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र के जागरण का समय आ गया है। केन्द्रीय गृहमंत्री श्री शाह अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा आयोजित शताब्दी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की पावन भूमि पर विशेषकर सप्तर्षि भूमि शांतिकुंज में आकर हजारों वर्षों की तपस्या की ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष पूज्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के उपकारों से कभी ऋणमुक्त नहीं हो सकता। आचार्यश्री ने गायत्री महामंत्र को जन-जन तक सर्वसुलभ बनाया, वैश्विक मानवतावाद की अवधारणा को सुदृढ़ किया और वैज्ञानिक अध्यात्मवाद को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया। श्री शाह ने कहा कि "हम बदलेंगे, युग बदलेगा" का सूत्र ही राष्ट्र परिवर्तन की कुंजी है। गायत्री महामंत्र केवल संस्कृत का मंत्र नहीं, बल्कि जप करने वाले साधक के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने वाला जीवन मंत्र है। उन्होंने




कहा कि जो भारत और उसकी संस्कृति को समझता है, वह जानता है कि विश्व की समस्त समस्याओं का समाधान भारतीय संस्कृति में निहित है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि पूज्य गुरुदेव पं० श्रीराम शर्मा आचार्य जी द्वारा रोपित अखिल विश्व गायत्री परिवार रूपी बीज आज एक विशाल वटवृक्ष का स्वरूप धारण कर चुका है, जो विश्वभर के असंख्य लोगों को ज्ञान, संस्कार और सद्भाव की छाया प्रदान कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गायत्री परिवार केवल एक धार्मिक संस्था नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक, नैतिक एवं आध्यात्मिक नवजागरण का एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है, जो भारत की आध्यात्मिक चेतना को देश की सीमाओं से बाहर ले जाकर विश्व के कोने-कोने तक पहुँचा रहा है।

शताब्दी समारोह के दलनायक डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि यह आयोजन सभी के लिए हम सभी के सौभाग्य का दिन है, जो पूज्य माताजी के अवतरण के शताब्दी वर्ष से जुड़ा हुआ एक ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक अवसर है। डॉ. पण्ड्या जी ने कहा कि यह भूमि योगियों और साधकों की रही है, जहाँ से स्वाभिमान, साधना और तप की परंपरा ने राष्ट्र को दिशा दी है। उन्होंने पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी के संदेशों का स्मरण करते हुए कहा कि जीवन में आने वाली बाधाओं से घबराना नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें परिवर्तन और प्रगति का माध्यम बनाना ही साधक का कर्तव्य है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत करुणा, दया और ज्ञान की भूमि है तथा भारत के जागरण में ही सम्पूर्ण विश्व का जागरण निहित है। डॉ. पण्ड्या जी ने राष्ट्र-निर्माण के इस यज्ञ में सभी से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। इससे पूर्व राष्ट्र जागरण के समय आ गया है विषय पर आयोजित सभा में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं श्रीराम शर्मा के जीवनवृत्त पर आधारित डॉक्यूमेंट्री दिखाई गयी। समापन से पूर्व गृहमंत्री श्री शाह, मुख्यमंत्री श्री धामी सहित अतिथियों को रुद्राक्ष की माला, गंगाजली आदि भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गृहमंत्री श्री अमित शाह, राज्यपाल (हिमाचल प्रदेश) श्री शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री श्री धामी, शताब्दी समारोह के दलनायक डॉ चिन्मय पण्ड्या व अतिथियों ने सतयुग का सूर्योदय एवं मातृवाणी, अनुकंपा एवं वात्सल्य (माताजी की अमृतवाणी) आदि पुस्तक का विमोचन किया। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धनसिंह रावत, उप्र के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, विधायक मदन कौशिक, जिला प्रशासन के अनेक अधिकारी, पत्रकार भारत सहित 80 से अधिक देशों से आये हजारों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# भव्य स्वागत से गूंजा हरिद्वार, भाजपाइयों ने गृह मंत्री अमित शाह का किया अभिनंदन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में 20 से अधिक जगह पर हजारों कार्यकर्ताओं ने और स्थानीय लोगों ने स्वागत और अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर हरिद्वार शहर में जगह-जगह चौराहा को सजाया गया और भाजपा के झंडों , बैनरो और पोस्टरो से सजाया गया। कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस में गृहमंत्री अमित शाह को अभिवादन करने का उत्साह नजर आया। बहादराबाद तिराहा पर ज्वालापुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर जयपाल चौहान तेलूराम प्रधान के नेतृत्व में, मोहनपुरा चौराहा बहादराबाद पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान और लव शर्मा के नेतृत्व में ,होटल एलिट प्राइड के बाहर कार्यकर्ताओं के द्वारा आशु चौधरी और राजन खन्ना के नेतृत्व में ,हरिलोक तिराहे पर कार्यकर्ताओं के द्वारा राजन मेहता और वरुण चौहान के नेतृत्व में, गुरुकुल विद्युत सब स्टेशन के बाहर युवा मोर्चा और गुरुकुल कांगड़ी महाविद्यालय के छात्रों द्वारा जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट और जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के गेट के बाहर विक्रम भुल्लर और नकली सिंह सैनी के नेतृत्व में ऋषिकुल तिराहे पर हरिद्वार विधानसभा के कार्यकर्ताओं के द्वारा राजकुमार अरोड़ा और अनिल पुरी के नेतृत्व में, शंकराचार्य चौक पर युवा मोर्चा, महिला मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने संजीव चौधरी और अरविंद कुशवाहा के नेतृत्व में शांतिकुंज हाईवे कट एवं शांतिकुंज गेट नंबर १ पर महिला कार्यकर्ताओं द्वारा विनित जोलीऔर तरुण नय्यर के नेतृत्व में सहगल पेट्रोल पंप पर किसान मोर्चा ,ओबीसी मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा एवं कनखल मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा निपेंद्र चौधरी और अरविंद कुशवाहा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि अमित शाह के देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार आगमन पर कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह है और प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का जोर का स्वागत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अमित शाह ऋषिकेश और हरिद्वार में दो दिवसीय दौरे में अनेको कार्यक्रमो में प्रतिभाग कर रहे हैं। जिसमें पतंजलि विश्वविद्यालय में उद्घाटन समारोह और शांतिकुंज में शताब्दी वर्ष समारोह प्रमुख कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सहकारिता और गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा धारा 370 को हटाकर एक भारत और श्रेष्ठ भारत बनाने का काम किया है उनके नेतृत्व आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्त किया जा रहा है। इस अवसर पर रीता सैनी ,प्रताप प्रधान, अश्विनी कंबोज, विपिन शर्मा, कैलाश भंडारी, बिंदरपाल, संजीव कुमार, संजय देवगन, उमेश पाठक, अजय मलिक, भूपेंद्र कुमार ,लोकेश कुमार, जसवीर बसेड़ा, आकाश भाटी, मनोज शर्मा ,अभिनव चौहान ,भोला शर्मा ने अमित शाह जी को हरिद्वार आगमन पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

# जहरखुरानी गिरोह ने नशीली चाय पिलाकर महिला के सोने कुंडल व चांदी की पाजेब लेकर हुए फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रही एक अधेड़ महिला को शातिर जहरखुरानी गिरोह ने नशीली चाय पिलाकर लूट लिया। होश खो बैठी महिला के कानों से सोने के कुंडल और पैरों से चांदी की पाजेब निकालकर आरोपी फरार हो गए। पीड़िता के स्वस्थ होने के बाद मामले की जानकारी जीआरपी को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। 55 वर्षीय कल्पना देवी निवासी लक्सर मंगलवार सुबह हरिद्वार के पुराने औद्योगिक क्षेत्र में एक वैद्य से दवा लेने पहुंची थीं। दवा लेने के बाद वह वापस लक्सर जाने के लिए हरिद्वार रेलवे स्टेशन पहुंचीं और प्लेटफार्म नंबर एक पर बैठकर ट्रेन का इंतजार करने लगीं। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति बच्चे के साथ उनके पास आया और बातचीत शुरू कर दी। आरोपी ने खुद को भी लक्सर जाने वाला यात्री बताया और विश्वास में लेकर चाय पिलाई।

आरोप है कि कुछ देर बाद आरोपी ने ट्रेन के प्लेटफार्म बदलने की बात कही और महिला को प्लेटफार्म नंबर आठ पर ले गया। वहां बेंच पर बैठते ही महिला की तबीयत बिगड़ गई और वह अचेत जैसी स्थिति में पहुंच गई। इसी का फायदा उठाकर आरोपी महिला के आभूषण लेकर मौके से फरार हो गया। होश में आने पर महिला किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को आपबीती बताई। गुरुवार को परिजन उन्हें लेकर हरिद्वार जीआरपी थाने पहुंचे। जीआरपी थानाध्यक्ष बिपिन चंद्र पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

### उत्तराखंड जल सस्थान कर्मचारी सगंठन के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न

# रघुवीर सिंह रावत अध्यक्ष व अमित कुमार सचिव चुने गए

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखण्ड जल संस्थान कर्मचारी संगठन हरिद्वार शाखा के गुरुवार को देवपुरा स्थित संगठन कार्यालय में शांतिपूर्ण तरीके से निर्विरोध सम्पन्न हुए द्विवार्षिक चुनाव में रघुवीर सिंह रावत शाखा अध्यक्ष व अमित कुमार लगातार तीसरी बार शाखा सचिव चुने गए। इसके अलावा दिवाकर वरिष्ठ शाखा उपाध्यक्ष, वकार मौहम्मद रजा और सुरेंद्र यादव शाखा उपाध्यक्ष, संजय शर्मा कोषाध्यक्ष, मंयक रावत मीडिया प्रभारी, रमेश कुमार तथा हरिओम संगठन सचिव, नेहा गौड़ व दिनेश चौहान संयुक्त सचिव, आरती शर्मा सम्परीक्षक, मालदत्त सती कार्यालय सचिव, विष्णुदत्त जोशी, विश्वास चौहान और जगदीश शर्मा प्रचार सचिव चुने गए। गढ़वाल मंडल अध्यक्ष प्रवीण सैनी की अध्यक्षता



में चुनाव अधिकारी राहुल असवाल और नत्थी सिंह ने चुंनाव प्रक्रिया संपन्न करायी। इस दौरान संगठन के पूर्व अध्यक्ष अशोक हरदयाल भी मौजूद रहे। चुनाव में संगठन के ७८ सदस्यों ने सहभागिता की। गढ़वाल मंडल अध्यक्ष प्रवीण सैनी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और संगठन को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प जताया।

# सीएम की घोषणाएं लागू न होने पर जताई नाराजगी

## सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी समिति के जिला अध्यक्ष सूर्यकांत भट्ट के नेतृत्व में राज्य आंदोलनकारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। धरने को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष विनोद डंड्रियाल ने कहा कि राज्य गठन की रजत जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य आंदोलनकारियों से संबंधित कई घोषणाएं की थी। लेकिन किसी भी घोषणा को अभी तक लागू नहीं किया गया है। सतीश जैन ने कहा कि चिन्हित राज्य आंदोलनकारियों के चिन्हिकरण के लंबित आवेदनों पर कार्यवाही को लेकर ६ माह का समय मुख्यमंत्री द्वारा बढ़ाया गया था। लेकिन आज तक शासन स्तर पर कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। कमला पांडे ने कहा कि वर्तमान सरकार लगातार राज्य आंदोलनकारियों की भावनाओं के साथ मजाक और खिलवाड़ करती नजर आ रही है। समिति के जिला



संरक्षक उमाशंकर वशिष्ठ ने कहा कि उत्तराखंड शासन प्रशासन ने राज्य आंदोलनकारी को दिए जा रहे आरक्षण को लेकर भी काफी हीला हवाली की और इस मामले को कई सालों तक उलझाए और दबा कर रखा गया। जिससे सरकार पर भरोसा कायम नहीं हो पा रहा है। जिला अध्यक्ष सूर्यकांत भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी सभी घोषणाओं को अति शीघ्र पूरा कर उनका शासनादेश जारी करें और चिन्हिकरण से वंचित राज्य आंदोलनकारियों को न्याय प्रदान करते हुए उनका शीघ्र ही चिन्हिकरण करें। उन्होंने कहा कि यदि मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो सरकार के खिलाफ प्रदेश स्तर पर व्यापक रूप से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान भीमसेन रावत, रोहित प्रताप सिंह, कमला पांडे, साधना नवानी, आनंदी नेगी, बसंती पटवाल, कमला ढोंढीयाल, सरिता सेमवाल, आशा बिष्ट, तेहसीना अल्वी, सत्यभामा बडोनी, बिमला नैनवाल, राधा बिष्ट, जयप्रकाश मलकोटी, शमशेर खान, बलवीर सिंह नेगी, नत्थीलाल जुयाल, राजेश गुप्ता, आनंदसिंह नेगी, सतीश जैन, गुलाब सिंह थपलियाल, सुरेंद्र कुमार, उमाशंकर वशिष्ठ, सूर्यकांत भट्ट आदि मौजूद रहे।

# लोक निर्माण विभाग ने हरिद्वार-पुरकाजी-लक्सर मार्ग से हटाए अवैध होर्डिंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार-पुरकाजी-लक्सर मार्ग पर अवैध होर्डिंग और अतिक्रमण के खिलाफ गुरुवार को प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर राष्ट्रीय राजमार्ग खंड लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता सुरेश कुमार तोमर के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग बोर्ड और कब्जों को हटाया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने मार्ग के दोनों ओर निरीक्षण कर नियमों के विपरीत लगाए गए सभी होर्डिंग हटवा दिए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इससे पूर्व भी इसी मार्ग पर अवैध होर्डिंग हटाए गए थे, लेकिन नियमों की अनदेखी कर दोबारा बोर्ड लगाए जा रहे थे। जिसे इस बार पूरी तरह से हटाया गया है। अधिकारियों ने संबंधित लोगों को सख्त चेतावनी दी है कि यदि



भविष्य में दोबारा अतिक्रमण या अवैध होर्डिंग लगाए गए तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। अधिशासी अभियंता सुरेश कुमार तोमर ने बताया कि पुरकाजी, लक्सर, हरिद्वार मार्ग को अवैध होर्डिंग और कब्जों से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले किसी भी अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी नियमित निगरानी जारी रहेगी। अभियान के दौरान सहायक अभियंता परमवीर सिंह, अपर सहायक अभियंता भीम सिंह मेहर, महावीर बेरावान और अनूप रावत सहित विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### यतीश्वरानंद ने यूपी के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह का किया स्वागत

# धामी सरकार के निर्णयों का देश में जा रहा सकारात्मक संदेश : दयाशंकर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वेद मंदिर आश्रम पहुंचे उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह का पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। दयाशंकर सिंह ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और निर्णयों की सराहना की। उन्होंने कहा कि धामी सरकार के निर्णयों का सकारात्मक संदेश पूरे देश में जा रहा है। बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह हरिद्वार में वेद मंदिर आश्रम पहुंचे। जहां भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने उनका स्वागत किया। स्वागत के दौरान दयाशंकर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दूरदर्शी हैं। उन्होंने नकल विरोधी कानून के साथ सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता लाने, विवाह, तलाक, विरासत जैसे व्यक्तिगत मामलों में सभी धर्मों के लिए यूसीसी कानून बनाने के साथ उपद्रवियों पर नकेल कसने का काम



किया है। उन्होंने आमजन को जागरूक करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जन-जागरूकता सबसे बड़ा और प्रभावी हथियार है। दोपहिया वाहन चलाते समय स्वयं हेलमेट पहनें और पीछे बैठने वाले को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करें। चार पहिया वाहन वाले सीट बेल्ट अवश्य पहने, ओवर स्पीडिंग से बचे और शराब पीकर वाहन न चलाएं। सभी यातायात नियमों को अपनी आदत में शुमार कर लें तो सड़क हादसों में मौतों की संख्या बहुत कम हो जाएंगी। प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरनंद ने कहा कि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास से उत्तर प्रदेश के यातायात में निरंतर सुधार हो रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत चेयरमैन किरण चौधरी, उपाध्यक्ष अमित चौहान, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष लोकेश पाल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष यशवीर चौधरी, विशेष चौहान, उप प्रमुख धर्मेंद्र प्रधान, शुभम चौधरी, अंकित चौहान, सचिन चौहान, सरदार करण सिंह आदि शामिल रहे।

# बसंत पंचमी : हरिद्वार में हुए हैं एक से एक पतंगबाज

### चाईनीज डोर ने बिगाड़ा पतंगबाजी का मजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार में बसंत पंचमी पर पतंगबाजी की पुरानी परंपरा है। एक दौर में हरिद्वार में एक से एक पतंगबाज हुए लेकिन अब चाईनीज डोर के चलन में आने के बाद न पहले सी पतंगबाजी रही न पतंगबाज। हरिद्वार में आमतौर पर दीपावली के बाद पतंगें आसमान पर थिरकने लगती हैं। मकर संक्रांति के बाद इसमें तेजी आ जाती है और बसंत पंचमी पर तो लोग पूरे परिवार के साथ पतंगबाजी करते हैं लेकिन नये दौर में अब पतंगबाजी में पहले सा मजा नहीं रहा। चाइनीज डोर ने तो पतंगबाजी का हुनर ही खत्म कर दिया। अब पतंगबाजी से कहीं ज्यादा चर्चे खूनी डोर के रक्तरंजित किस्सों के होते हैं वरना एक दौर में पंचपुरी में एक से एक हुनरमंद पतंगबाज हुए हैं, जिन्होंने पतंगबाजी में अपना नाम चमकाया। पंचपुरी में ज्वालापुर शुरू से ही पतंगबाजी का गढ़ रहा। यहां इजहार अहमद, फुरकान, अच्छन मियां, मैला उस्ताद आदि ने पतंगबाजी में खूब नाम कमाया। यह उस्ताद लोग अपने हाथ से पतंग-डोर तैयार कर उड़ाया करते थे।चौक बाजार के निकट हाकम के कुएं पर इनकी पतंगबाजी के मुकाबले हुआ करते थे। हरिद्वार में देवीदयाल, चंडी, मदन भांडिया, जुग्गी, टिंडा, किशन मनचंदा, गंगाराम बब्बी की पतंगबाजी के लोग मुरीद रहे। कनखल में चम्मी आचार्य, डा.के के. बोस, सोहनलाल भाटिया, लिली भारद्वाज, सोमदत्त सराय वाले, घनश्याम सिखौला भी पतंगबाजी के उस्ताद रहे। यहां सुदर्शन मल्होत्रा अपनी खींच की पतंगबाजी के लिए खासतौर पर जाने जाते थे। बताते हैं वह सौ, दो-सौ गज डोर लेकर ही पतंग उड़ाया करते थे और एक ही खींच में दस-बारह पतंग ढेर कर दिया करते थे। लेकिन अब चाईनीज मांझे के चलन के कारण बसंत पंचमी पर होने वाली पतंगबाजी में पहले सा उल्लास नहीं रहा। चाईनीज मांझे ने लंबे पेंचे, ढील के पेंचे तो खत्म किये ही पतंगबाजी के हुनरमंद उस्ताद भी खत्म कर दिए।

### पारंपरिक मांझे पर चाईना डोर भारी

एक वक्त हरिद्वार में पारंपरिक डोर से ही पतंगबाजी होती थी, जो या तो पतंगबाज खुद सूतते थे या फिर बरेली, रामपुर, लखनऊ, मुरादाबाद के कारीगरों द्वारा तैयार की जाती थी। ढाई दशक पूर्व ग्लोबल मार्केट के खुलने से चाईनीज मांझे ने हमारे पतंग बाजारों में कब्जा जमा लिया। हालांकि इसकी रोकथाम के लिए प्रशासन कार्रवाई कर रहा है लेकिन सस्ती होने के कारण यह चोरी छिपे और छद्म नामों से अब भी बेची जाती है।



# परिवार सहित राहुल गांधी से मिले महानगर कांग्रेस अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आयोजित किए जा रहे कांग्रेस के संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर के दौरान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड व हरियाणा के जिला एवं महानगर कांग्रेस अध्यक्षों के परिवारजनों से मुलाकात की। इसी क्रम में हरिद्वार महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग भी अपने परिवारजनों के साथ राहुल गांधी से मिले। इस अवसर पर हरिद्वार महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग ने हरिद्वार क्षेत्र की समस्याओं, संगठनात्मक गतिविधियों के संबंध में राहुल गांधी को अवगत कराया। अमन गर्ग ने बताया कि संगठन सृजन प्रशिक्षण शिविर में हुई नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से हुई मुलाकात कांग्रेस परिवार की वैचारिक निरंतरता और पारिवारिक जुड़ाव का प्रतीक बनेगी। इस दौरान अमन गर्ग के पिता विपिन गुप्ता ने राहुल गांधी से कहा कि यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें कांग्रेस नेतृत्व की तीसरी पीढ़ी से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व वे देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से भी व्यक्तिगत रूप से मिल चुके हैं। अमन गर्ग की माता एवं पूर्व पार्षद मंजू गर्ग ने राहुल गांधी से बातचीत में उनके सरल, सौम्य और सहज स्वभाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आम लोगों से बहुत अपनत्व के साथ मिलते हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार होता है। इस अवसर पर अमन गर्ग की धर्मपत्नी श्वेता गर्ग तथा भाई मनीष गुप्ता भी मौजूद रहे।




**सूचना ( खोया-पाया )**

मेरी हाई स्कूल 2004-05 की मार्कसीट 02.01.2026 कौ मौहल्ला घोसियान, ज्वालापुर, हरिद्वार में घर पर कहीं वास्तव में गुम हो गई है। जिसको काफी तलाशने पर भी नहीं मिली। सिम्मी पुत्री उमर शाद, निवासी - 472, मौहल्ला घोसियान, ज्वालापुर, तहसील व जिला हरिद्वार-249407

**सूचना ( नाम परिवर्तन )**

मेरे अभिलेखों में मेरा नाम मुनव्वर (Manvvar) अंकित किया गया था, जो कि गलत है, जबकि मेरा सही नाम मुनव्वर नाज (Munawwar Naaz) है। अब मैंने अपना सही नाम मुनव्वर नाज अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाते आदि सभी दस्तावेजों में दर्ज करा लिया है। अब मुझे केवल मुनव्वर नाज नाम से ही जाना, पहचाना एवं संबोधित किया जाए। मुनव्वर नाज पत्नी मेहताब आलम, निवासी ग्राम मोहनपुर मोहम्मदपुर, डाकघर मिलाप नगर, रुड़की, हरिद्वार-247666

**सूचना ( खोया-पाया )**

मेरे व्यवहारी जबुल निशा पत्नी श्री कारी सलीम की सम्पत्ति का पुराना विक्रय पत्र जो कि जिसका बही सं.1 जिल्द सं. 3417 के पृष्ट संख्या 29 से 58 में दस्तावेज सं. 579 दिनांक 24.01.2024 व अन्य विक्रयपत्र जो कि जिसका बही सं.1 जिल्द संख्या 3718 के पृष्ट संख्या 281 से 302 में दस्तावेज सं. 4094 दिनांक 26.05.2015 है जो कही खो गया है। अगर किसी को मिले तो 7 दिन के अंदर सम्पर्क करे- विरेन्द्र सिंह एडवोकेट, चैंबर नंबर 27, तहसील रुड़की मो. 9412073170

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**

ब्यूरो चीफ

शाह टाइम्स हरिद्वार

कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार

मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

## एमडीडीए के कार्यों से आमजन को मिलेगी राहत

# सीएम के नेतृत्व में डोईवाला क्षेत्र में सड़क नेटवर्क मजबूत

**■ स्थानीय विधायक गैरोला ने संबधित वार्डों के पार्षदों के साथ किया विकास कार्यों का शिलान्यास**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/ डोईवाला।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देहरादून शहर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। इसी क्रम में डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों और ग्राम क्षेत्रों में सड़क निर्माण एवं आंतरिक मार्गों के विकास से जुड़े कार्यों का गुरुवार को स्थानीय विधायक बृजभूषण गैरोला द्वारा संबधित वार्डों के पार्षदों के साथ एमडीडीए अधिकारियों की मौजूदगी में शिलान्यास किया गया। विधायक ने कहा इन विकास कार्यों से स्थानीय नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा के साथ-साथ सुरक्षित और सुचारु यातायात का लाभ मिलेगा। डोईवाला विधानसभा क्षेत्र में किए गए इन सड़क निर्माण कार्यों का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों को मजबूत कनेक्टिविटी प्रदान करना है, जिससे स्थानीय निवासियों, विद्यार्थियों, बुजुर्गों और व्यापारियों को दैनिक आवागमन में सुविधा हो सके। विधायक डोईवाला विधानसभा बृजभूषण गैरोला के मार्गदर्शन में तथा क्षेत्रीय पार्षदों के सहयोग से इन विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जायेगा।

डोईवाला के वार्ड संख्या-08 अठुरवाला क्षेत्र में निर्मल डिमरी के आवास से दीपक पंवार के आवास तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसके साथ ही वार्ड संख्या-07 जोग्याणा में भी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इन कार्यों में स्थानीय पार्षद रमेश बिष्ट की सक्रिय भूमिका रही।इसके अलावा डोईवाला विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बुल्लावाला मारखमग्रांट मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। वार्ड संख्या-17 कुड़कावाला में हरजिंदर सिंह के आवास से खुशहाल सिंह के आवास तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इन कार्यों में पार्षद विनीत राजपूत की सक्रिया भूमिका रही।वार्ड संख्या-08 अठुरवाला के सुरकंडा विहार क्षेत्र में आंतरिक सड़क निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। उक्त कार्य में पार्षद संदीप सिंह नेगी की भूमिका सराहनीय रही।

इसी क्रम में वार्ड संख्या-10 भानियावाला क्षेत्र में जगदम्बा चमोली के आवास से रौथाण मार्ट तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसी क्रम में वार्ड नंबर-10 बौराड़ी में निर्मल जुयाल के घर से शीशपाल नेगी के घर तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। वार्ड 10 की आंतरिक सड़कों के निर्माण कार्यों का भी शिलान्यास किया गया। इन सभी विकास कार्यों में पार्षद ईश्वर सिंह रौथाण द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

### बेहतर सड़कों से आवागमन सुगम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी : तिवारी

उपाध्यक्ष, बंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देहरादून एवं आसपास के क्षेत्रों में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए एमडीडीए लगातार कार्य कर रहा है। डोईवाला विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण कार्य आमजन की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। बेहतर सड़कों से आवागमन सुगम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और स्थानीय विकास को गति मिलेगी। प्राधिकरण का प्रयास है कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाए।

### आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे : बर्निया

सचिव मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि भविष्य में भी क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप सड़क, जल निकासी एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे। एमडीडीए का लक्ष्य आम नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और टिकाऊ अधोसंरचना उपलब्ध कराना है, जिससे देहरादून शहर और आसपास के क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

# बसंत पंचमी पर गलियाखेत के छात्रों ने भरी रचनात्मकता की उड़ान

**■ नत्था सिंह पोखरियाल राइंका में उकेरी गई पहाड़ की संस्कृति और समसामयिक घटनाएं, भाषा अध्यापक के मार्गदर्शन में निखरी प्रतिभा, प्रधानाचार्य दिवाकर प्रसाद पैन्यूली ने किया दीवार पत्रिका का लोकार्पण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती के पावन पर्व बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर नत्था सिंह पोखरियाल राजकीय इंटर कॉलेज गलियाखेत में सृजन और अभिव्यक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय के कक्षा 9 के होनहार छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार की गई दीवार पत्रिका "उड़ान" का विधिवत विमोचन एक सादे लेकिन गरिमामयी समारोह में किया गया। इस पत्रिका के माध्यम से नौनिहालों ने अपनी लेखनी, कल्पनाओं और विचारों को एक नया आकाश देने का प्रयास किया है, जिसकी विद्यालय परिवार ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

भाषा अध्यापक मनोहर लाल के कुशल मार्गदर्शन में तैयार की गई इस हस्तलिखित पत्रिका का विमोचन विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर प्रसाद पैन्यूली और वरिष्ठ अध्यापकों ने संयुक्त रूप से किया। "उड़ान" में छात्रों की बालसुलभ रचनात्मकता की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। इसमें स्वरचित कविताएं, कहानियां, रोचक यात्रा वृत्तांत, पहाड़ की लोक कथाएं और देश-दुनिया की समसामयिक घटनाओं का सुंदर और समावेशी संकलन किया गया है। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, इस दीवार पत्रिका के निर्माण का मुख्य उद्देश्य छात्रों के भीतर छिपी साहित्यिक प्रतिभा को निखारना, उनमें लेखन कौशल विकसित करना और उनकी वैचारिक क्षमता को सशक्त बनाना है, ताकि वे भविष्य में एक जागरूक नागरिक बन सकें।

पत्रिका के संपादन का दायित्व कक्षा 9 की छात्रा पूजा ने बखूबी निभाया, जबकि सह-संपादन में मिष्टी, दीपिका और प्रवेश रावत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पत्रिका में प्रकाशित सभी लेख छात्रों की मौलिक सोच का परिणाम हैं। विमोचन समारोह के साथ ही विद्यालय में "बसंत पंचमी संवाद" कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसका सफल संचालन छात्र सागर पंवार ने किया। इस दौरान छात्रों ने बसंत ऋतु के प्राकृतिक सौंदर्य, बदलते पर्यावरण और मानव जीवन में इसके महत्व पर सारगर्भित विचार रखे। पूजा, दीपिका, मिष्टी और प्रवेश रावत ने पर्यावरण संतुलन और जीवन मूल्यों को केंद्र में रखते हुए अपने विचार साझा किए।

इस बौद्धिक और रचनात्मक आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नीरज पैन्यूली, प्रमेश कुमार, शिव कुमार, उदय कुमार, विजेंद्र सिंह रावत, दीपक चौहान, अरविंद कुमार, मनोहर लाल, विनोद सेमवाल, सचिन राणा, महादेव, विमल बिष्ट, स्मिता पंवार, पूजा सरज्यूली और शिवानी जोशी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उपस्थित रहकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

## छात्रा-छात्राओं ने बसंत पंचमी का त्यौहार धूमधाम से मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर एक भव्य विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया।

इसके पश्चात छात्राओं द्वारा मधुर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों ने मनोहारी नृत्य एवं गीत की प्रस्तुति एवं मधुर कविताओं के माध्यम से बसंत ऋतु के आगमन का आनंदपूर्ण संदेश दिया।इसके साथ ही नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने भी पतंग उड़ाकर वसंत पंचमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया। इसके साथ ही सेपियंस विद्यालय विकासनगर में श्री राम मंदिर परिसर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा द्वितीय वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम जैसे प्रार्थना, विषय-विचार, कविता, प्रश्नोत्तरी, गीत, नृत्य आदि के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। 'सिया राम मय सब जग जानि' चौपाई द्वारा वातावरण को बड़ा ही मनमोहक बना दिया गया।

कार्यक्रम विद्यालय की निदेशिका रश्मि गोयल, विकासनगर प्रधानाचार्य नवीन तनेजा एवं हरबर्टपुर प्रधानाचार्या गीता नेगी, विद्यालय अध्यक्षा इंदिरा रानी, सेक्रेटरी रविकांत सपरा, प्रबंधक रशिता सपरा, तथा सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

## महाविद्यालय डाकपत्थर में यूसीसी जागरूकता दिवस का आयोजन

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद्र राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपथर में यूसीसी जागरूकता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और एनसीसी कैडेट्स के बीच एक समान नागरिक संहिता के महत्व को समझाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जो भारत के सामाजिक एकता और न्यायपूर्ण व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। प्राचार्य डॉ. डी.एस. नेगी ने कहा कि यूसीसी न केवल कानूनी सुधार का माध्यम है, बल्कि यह सभी नागरिकों के बीच समानता और एकरूपता स्थापित करने का सशक्त कदम है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे इस संहिता को अपनाकर एक आधुनिक और समावेशी भारत के निर्माण में योगदान दें। । इस अवसर पर डा. अमित गुप्ता, डा. कृतिका नेगी, महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राधेश्याम गंगवार, मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. अविनाश भट्ट सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# 18 सूत्रीय मांगों को लेकर अस्पताल गेट पर जमकर की नारेबाजी

**■ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का चरणबद्ध आंदोलन तेज, एसीपी और पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तराखंड के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर अपनी 18 सूत्रीय मांगों को लेकर टिहरी जनपद के कर्मचारियों ने भी मोर्चा खोल दिया है। सरकार की उपेक्षापूर्ण नीति के विरोध में चल रहे चरणबद्ध आंदोलन के तहत गुरुवार को जिला कार्यकारिणी की ओर से जिला चिकित्सालय बौराड़ी के परिसर में एक विशाल गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। परिषद के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की और सरकार को चेताया कि यदि उनकी न्यायोचित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन और संयुक्त नेतृत्व जिला मंत्री जयवीर सिंह रांगड़, मुख्य सलाहकार प्रेम लाल शाह और मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग की सुधा पाण्डेय ने किया।

गेट मीटिंग के दौरान कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को विस्तार से रखा। वक्ताओं ने प्रमुखता से एसीपी व्यवस्था को पूर्ववत बहाल करने और विभिन्न संवर्गों में व्याप्त वेतन विसंगतियों को तत्काल दूर करने की मांग उठाई। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें केंद्र सरकार के कर्मचारियों की भांति मकान किराया भत्ता और संशोधित वाहन भत्ता दिया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके कर्मचारियों के हित में 30 जून और 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को काल्पनिक वेतनवृद्धि का लाभ देने की मांग जोर-शोर से उठाई गई। प्रदर्शनकारियों ने पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली को बुढ़ापे का सहारा बताते हुए इसे अनिवार्य रूप से लागू करने, पेंशन राशिकरण की अवधि घटाने और वर्कचार्ज कर्मचारियों को भी पेंशन व ग्रेच्युटी का लाभ देने की वकालत की। स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर भी कर्मचारियों में गहरा रोष देखने को मिला। उन्होंने गोल्डन कार्ड योजना के तहत पूर्ण कैशलेस चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने और सेवानिवृत्त कार्मिकों के चिकित्सा बिलों के भुगतान के लिए स्पष्ट शासनादेश जारी करने की मांग की।

आंदोलन को व्यापक समर्थन देते हुए उत्तरांचल मिनिस्ट्रियल फेडरेशन टिहरी के अध्यक्ष पूरण सिंह राणा ने परिषद की सभी मांगों को जायज ठहराते हुए पूर्ण सहयोग की घोषणा की। सभा में वक्ताओं ने आठवें वेतन आयोग में कर्मचारी परिषद की भागीदारी सुनिश्चित करने, पदोन्नति में शिथिलीकरण देने और विभागीय पुनर्गठन में कर्मचारी संगठनों से संवाद करने की बात कही। आंदोलन की आंच केवल जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रही, बल्कि विकासखंड स्तर पर भी इसका व्यापक असर देखने को मिला।

घनसाली में खंड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में विकासखंड स्तरीय समन्वय समिति ने जोरदार गेट मीटिंग की, जिसका नेतृत्व उपेंद्र बमोला, दीपक थपलियाल और सुषमा ने संयुक्त रूप से किया। यहां कर्मचारियों को एकजुट होकर जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान किया गया। प्रदर्शन में ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, वन विभाग, सहकारिता, उद्यान, स्वास्थ्य, नगर पालिका, जिला पंचायत और बाल विकास सहित विभिन्न विभागों के कार्मिकों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की। इस मौके पर रतन सिंह शाह, सतेंद्र चौहान, आशीष जोशी, सुनील कलेठा, प्रीतम नेगी, सुनीता रावत, रेनू चमोली, अनीता पंवार, आरती रावत, एमपी पुंडीर, विनोद सकलानी, सरिता ममगाईं सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खेल महाकुंभ की मल्लखंभ प्रतियोगिता का आयोजन



**विकासनगर( शाह टाइम्स संवाददाता )।** सांसद चैम्पियनशिप ट्रॉफी, देहरादून (उत्तराखंड) के अंतर्गत खेल महाकुंभ 2025-26 की मल्लखंभ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा सहसपुर के विधायक सहदेव सिंह पुंडीर शामिल हुए और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि मल्लखंभ जैसे पारंपरिक खेल हमारी सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो युवाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के साथ अनुशासन और आत्मविश्वास भी प्रदान करते हैं। खेल महाकुंभ जैसे आयोजनों से प्रतिभावान खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है। यह प्रतियोगिता युवा कल्याण, खेल एवं शिक्षा विभाग सहसपुर, देहरादून द्वारा आयोजित की गई, जिसमें राज्यसभा सांसद नरेश बंसल के मार्गदर्शन में सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सेपियंस विद्यालय विकासनगर का शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस विद्यालय विकासनगर के छात्र छात्राओं ने मुख्यमंत्री चौंपियंस ट्रॉफी 2025-26 में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता का आयोजन 19-20 जनवरी 2026 को देहरादून के अमवाला खेल परिसर में किया गया, जिसमें सेपियंस स्कूल विकासनगर के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया और विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें पहचान मिली और भविष्य के लिए प्रेरणा मिली, क्योंकि यह ट्रॉफी जमीनी स्तर से प्रतिभाओं को निखारती है और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करती है। प्रतिभागी खुशी चौहान स्वर्ण पदक एवं 1500 रुपये नकद पुरस्कार, आदित्य तोमर कांस्य पदक एवं 900 रुपये नकद पुरस्कार मिला। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सहित प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, विद्यालय निदेशिका रश्मि गोयल तथा समस्त अध्यापको ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

## विधायक ने किया शहीद सुरेंद्र सिंह नेगी द्वार का शिलान्यास

**सहसपुर( शाह टाइम्स संवाददाता )।** विधानसभा सहसपुर के अंतर्गत बड़ोंवाला से प्रेम नगर मार्ग पर शहीद सुरेंद्र सिंह नेगी द्वार का शिलान्यास विधायक सहदेव सिंह पुंडीर द्वारा किया गया।इस अवसर पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने कहा कि शहीदों के नाम पर होने वाले ऐसे कार्य आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और बलिदान की प्रेरणा देते हैं। यह द्वार क्षेत्र की पहचान के साथ-साथ शहीद सुरेंद्र सिंह नेगी के प्रति सम्मान और गौरव का प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम में बद्री केदार समिति की अध्यक्ष विनीता कुलसरी, वार्ड 92 के पार्षद अनिल नौटियाल, वार्ड 93 की पार्षद किरण, विधायक प्रतिनिधि विजेंद्र उनियाल, दर्शन रावत, प्रमोद रतूड़ी, जीवन रावत, समिति के सदस्य एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मदरसे में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** दी रूरल एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा मनाये जाने वाले 'गणतंत्र सप्ताह' के अंतर्गत जीवनगढ़ स्थित द डिवाइन स्कूल तथा मदरसा इशातुल कुरान मे ड्राइंग, निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता कराई गयी जिसमे दोनों विद्यालयों के लगभग 125 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

उपाध्यक्ष फतेह आलिम ने बताया कि सोसाइटी द्वारा ये आयोजन बच्चों मे देश प्रेम की भावना को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है और ऐसी प्रतियोगितायें समय-समय पर कराई जानी चाहिए। द डिवाइन स्कूल से ड्राइंग मे उजमा, रिजा, प्रियांशी ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय निबंध मे आफिया, सोनाक्षी, आस्था गुप्ता ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मदरसा इशातुल कुरआन से ड्राइंग मे लाइबा, फरहीन, आलिया ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय निबंध मे इनायत, सबा व हलीमा ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किये।

इस प्रतियोगिता के मोके पर प्रधानाचार्य नसीम अहमद मदरसा नाजिम मुफ्ती मोहम्मद शादाब, बनीता चौहान, कल्पना रावत, अंजू, चाँद मोहम्मद, आमिर व सोसाइटी सदस्य आसिफ अली मोहम्मद इस्लाम, अय्यूब, कुलविंदर आदि उपस्थित रहे।

# रैका पट्टखी में गूंजे सरकार विरोधी नारे, विक्रम नेगी ने नापी सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नियमों में किए गए बदलावों और इसके स्वरूप को बदलने के विरोध में कांग्रेस पार्टी का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। "मनरेगा बचाओ संग्राम" अभियान के तहत गुरुवार को प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी के नेतृत्व में विकासखंड प्रतापनगर की पट्टी रैका में एक विशाल पदयात्रा निकाली गई। पड़िया से शुरू होकर भेनगी और छेरपधार होते हुए ओखलाखाल तक पहुंची इस यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलनकारियों ने दो टूक चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने मनरेगा के पुराने कानून को बहाल नहीं किया, तो कांग्रेस पार्टी देशव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक देगी।




गुरुवार को विधायक विक्रम सिंह नेगी की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ता पड़िया गांव में एकत्रित हुए और वहां से पदयात्रा का शुभारंभ किया। ओखलाखाल में समापन के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर "विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार" कर दिया है। यह न केवल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ टैगोर जैसी महान विभूतियों का अपमान है, बल्कि यह रोजगार के मौलिक अधिकार को कमजोर करने की एक साजिश भी है। उन्होंने चिंता जताई कि सरकार ने मनरेगा को कानूनी "रोजगार गारंटी" से हटाकर महज एक सामान्य "योजना" में तब्दील कर दिया है। इससे अकुशल और कुशल श्रमिकों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो जाएगा, क्योंकि अब रोजगार मांगना उनका कानूनी अधिकार नहीं रह जाएगा।

विधायक ने केंद्र सरकार पर उत्तराखंड के मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य हरियाणा में मनरेगा की मजदूरी 400 रुपये तय है, जबकि विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले उत्तराखंड में यह मात्र 252 रुपये है, जो यहां के श्रमिकों के साथ घोर अन्याय है। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था में केंद्र और राज्य की हिस्सेदारी का अनुपात 60रू40 करने का प्रस्ताव है, जिससे राज्य सरकारों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा और अंततः मजदूरों को ही काम मिलने में कठिनाई होगी। इसके अलावा, पहाड़ों में कमजोर मोबाइल नेटवर्क और कनेक्टिविटी के बावजूद बायोमेट्रिक उपस्थिति और तकनीकी जटिलताओं को अनिवार्य करना पूरी तरह अव्यावहारिक है। संचार सुविधाओं के अभाव में यह तुगलकी फरमान गरीबों को रोजगार से वंचित कर रहा है।

विधायक ने स्पष्ट किया कि 100 दिन के सुनिश्चित रोजगार की जगह 125 दिन की बात तो की जा रही है, लेकिन उसमें "गारंटी" शब्द गायब है, जो सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करता है।

उन्होंने कहा कि जब तक सरकार मनरेगा कानून में किए गए बदलावों को वापस नहीं लेती, उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस पदयात्रा में ग्राम प्रधान मनीष चौहान, अरविंद चौहान, प्रदीप खरोला, राम सिंह भंडारी, धीरज रावत, सैन सिंह पंवार, धन्ना रावत, धनपाल राणा, रजनी खरोला, कविता खरोला और रूशना खरोला सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, मातृशक्ति और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

**एक नजर .......**

## टर्म इंश्योरेंस भारतीय परिवारों के लिए वित्तीय सुरक्षा की नींव

**देहरादून ।** भारत जैसे तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था में, टर्म लाइफ इंश्योरेंस परिवार की आर्थिक सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। अगर घर के कमाने वाले व्यक्ति के साथ कोई अनहोनी हो जाती है, या फिर असमय उसकी मौत हो जाती है तो यह इंश्योरेंस उसके पीछे छूटे परिवार को वह वित्तीय मदद देता है जिसकी उन्हें सख्त जरूरत होती है।उदाहरण के लिए, अगर 30 साल का कोई स्वस्थ व्यक्ति जो धूम्रपान नहीं करता, वह हर महीने करीब 1,000 रुपये देकर 1 करोड़ रुपये तक का बीमा कवर ले सकता है। इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी (आईएसी-लाइफ) के एक सदस्य ने कहा, "जैसे-जैसे परिवार की जिम्मेदारियां बढ़ती हैं, टर्म इंश्योरेंस लेना दिखावा नहीं बल्कि एक जरूरत बन जाता है। यह आपके परिवार के आर्थिक भविष्य को सुरक्षित करता है, जिससे आप बिना किसी चिंता के जीवन में आगे बढ़ सकते हैं।

## लाखामंडल की जनहित मांगों को लेकर रक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**चकराता।** विधानसभा क्षेत्र चकराता के अंतर्गत देवभूमि लाखामंडल से



जुड़ी जनहित की प्रमुख मांगों को लेकर भाजपा मंडल क्वासी के पूर्व उपाध्यक्ष बचना शर्मा ने केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (भारत सरकार, नई दिल्ली) को उनके आवास पर ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में देवभूमि लाखामंडल स्थित प्राचीन शिव मंदिर को धार्मिक धाम घोषित करने की मांग की गई। बताया गया कि यहां वर्षभर देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचते हैं और महाशक्ति के दर्शन करते हैं, ऐसे में इसे आधिकारिक रूप से धार्मिक धाम का दर्जा दिया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही क्षेत्र में महिला अस्पताल की स्थापना को अत्यंत जरूरी बताते हुए कहा गया कि इससे स्थानीय महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी। ज्ञापन में एक अन्य महत्वपूर्ण मांग के तहत देवभूमि लाखामंडल में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने का भी आग्रह किया गया, जिससे दुर्गम क्षेत्र में आवागमन सुगम हो सके।इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष बचना शर्मा, ओम प्रकाश, युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी करनाल, राजीव रावत (संयोजक, भाजपा राम सेतु), कुलदीप सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मेडिकल स्टोर में दिनदहाड़े चोरी

**विकासनगर।** दिन दहाड़े पहाड़ी गली में स्थित एक मेडिकल स्टोर से चोर ने नकदी पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के मुताबिक, जिस वक्त यह घटना हुई उस समय मेडिकल स्टोर पर कोई मौजूद नहीं था। इसी का फायदा उठाकर एक शातिर चोर दुकान में घुसा और कैश काउंटर से नगदी चोरी कर फरार हो गया। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना सामने आने के बाद इलाके के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। तो वहीं पीड़ित मेडिकल संचालक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने किया पतंजलि इमरजेंसी एण्ड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल का लोकार्पण

**हरिद्वार।** पतंजलि योगपीठ द्वारा संचालित विश्व के प्रथम इंटीग्रेटेड मैडिसिन सिस्टम तथा योग, आयुर्वेद व आधुनिक चिकित्सा के समन्वय का वैश्विक केंद्र पतंजलि इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल समस्त भारत के नागरिकों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। आज देश के माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित भाई शाह ने उक्त हॉस्पिटल का उद् घाटन किया।

इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने इमरजेंसी एंड क्रिटिकल केयर हास्पिटल का निरीक्षण भी किया और इंटीग्रेटेड मेडिसिन सिस्टम की इस पहल को सराहा। उन्होंने कहा कि यह हॉस्पिटल विश्व का प्रथम हाइब्रिड हॉस्पिटल बन गया है। ज्ञात हो कि माननीय गृह मंत्री जी दो दिनों के पतंजलि प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने योग, आयुर्वेद व सनातन जीवन पद्धति को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठापित करके रोगमुक्त विश्व का निर्माण कैसे हो, इस पर पूज्य स्वामी जी के साथ गहन विमर्श व मंथन किया। कल रात गृहमंत्री ने पतंजलि योगपीठ परिसर में आत्मीयतापूर्ण रात्रि विश्राम किया और चिकित्सा, शिक्षा, सनातन जीवन पद्धति, एवं ऋषियों की ज्ञान विरासत को विश्व पटल पर प्रतिष्ठा दिलाने की दिशा में पूज्य स्वामी रामदेव जी एवं आचार्य बालकृष्ण महाराज से विमर्श एवं विचार मंथन किया और पतंजलि द्वारा भविष्य में इस दिशा में अग्रणी भूमिका निभाने के बारे जानकारी ली। उनके आत्मीय आगमन से पतंजलि परिवार में गौरव, प्रेरणा और ऊर्जा का संचार हुआ और पतंजलि योगपीठ परिवार की ओर से पूज्य स्वामी रामदेव जी महाराज और श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने अनेक संतों, भक्तों, शिष्यों, पतंजलि गुरुकुलम एवं आचार्यकुलम के विद्यार्थियों के साथ उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव जी ने कहा कि यह सम्पूर्ण पतंजलि परिवार के लिए गौरव की बात है कि आज विश्व के इतिहास के प्रथम इंटीग्रेटेड हॉस्पिटल का लोकर्पण अपने राष्ट्रधर्म के साथ-साथ सनातन धर्म को सर्वोपरि रखने वाले, योग-आयुर्वेद को सर्वोपरि देखने वाले देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित भाई शाह जी द्वारा किया गया। स्वामी जी ने कहा कि यहां हम 90 से 99 प्रतिशत लोगों को योग, आयुर्वेद, नेचुरोपैथी, पंचकर्म, षट्कर्म, पंच महाभूत चिकित्सा, मेडिकेटिड वाटर व फूड, उपवास, उपासना से ठीक करेंगे। उन्होंने कहा कि बीमारियों के मुख्य कारण- स्ट्रेस, इंफ्लामेशन तथा शरीर का अशुद्धिकरण है। पतंजलि में शिरोधारा, अक्षी तर्पण, कर्ण पूर्ण, नस्य, अभ्यंग, शंख प्रक्षालन, कोलोन थैरेपी, 100 से ज्यादा प्रकार की बस्ती आदि से शरीर का शुद्धिकरण करते हैं। उन्होंने बताया कि ऋषिकेश, दिल्ली, गुवाहाटी, जम्मू कश्मीर, भोपाल आदि लगभग 10 एम्स में पतंजलि संयुक्त रिसर्च कर रहा है। इसके साथ-साथ आस्ट्रेलिया, यूरोप, अमेरिका सहित विश्व के 25 बड़े मैडिकल इंस्टीटड्यूशंस के साथ मिलकर वैश्विक स्तर का हम



रिसर्च कर रहे हैं।

एनिमल ट्रायल, ह्यूमन ट्रायल, ड्रग डिस्कवरी का पूरा साइंटिफिक मैथड पतंजलि के पास है। इस देश के 100 करोड़ से ज्यादा लोग योग-आयुर्वेद का अनुसरण करते हैं, जिनका रियल वर्ल्ड एविडेंस हमारे पास है। इसके साथ-साथ हमारे पास 1 करोड़ 38 लाख लोगों का क्लिनिकल एविडेंस ईएमआर डेटा द्धम्डत् कंजंत्र के रूप में है। स्वामी जी ने कहा कि हमने इस हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजी विभाग में हृदय रोगियों के लिए एंजियोप्लास्टी, बायपास सर्जरी व पेसमेकर की व्यवस्था की है लेकिन हमारा प्रयास है कि 90 से 99: लोगों को इनकी आवश्यकता न पड़े। यहां हम उन्हीं की सर्जरी करेंगे, उन्हीं को पेसमेकर व स्टंट लगाएंगे जो अपने को रिकवर नहीं कर पा रहे हैं। हमारा प्रयास रहता है कि हृदयामृत, कार्डियोग्रिट, अर्जुन की छाल, दाल. चीनी, लोकी के जूस का प्रयोग कर इजेक्शन फ्रेक्शन को बढ़ाया जा सके, हार्ट ब्लॉकेज को प्राकृतिक तरीकों से रिवर्स किया जा सके। हमने बीपी, डायबिटीज, थायराइड आदि के लिए सिंथेटिक दवा इंसुल.ीन आदि की डिपेंडेंसी को घटाया है, किडनी व लिवर डिजीज को रिवर्स किया है जिसके पूरे साइंटिफिक माडड्ल्स, क्लिनिकल डाटा हमारे पास हैं। फैटी लिवर ग्रेड-1, 2, 3, 4, लिवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस व लिवर कैंसर को रिवर्स किया है। लोग कहते थे कि स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण व पतंजलि एलोपैथी के विरोधी हैं, एलोपैथी से भी हमारी सिंपैथी है लेकिन नितांत आवश्यकता होने पर ही । हम गैर जरूरी दवा, गैर जरूरी ऑपरेशन, गैर जरूरी टेस्टिंग के विरोधी हैं। किडनी रोगियों के लिए हमारे यहां डायलिसिस की भी व्यवस्था है लेकिन जब तक डायलिसिस से बचा जाए तब तक हम पूर्ण प्रयास करते हैं। ब्रेन सर्जरी से पहले हम मेधा वटी, मैमोरी ग्रिट पर विश्वास करते हैं। यज्ञ चिकित्सा में मेधा यिष्टी, ब्राह्मी, शंखपुष्पी, ज्योतिष्मति से हवन कराते हैं। नैनो मेडिसिन से भी ज्यादा सूक्ष्म पीको मेडिसिन की बात होने लगी है। स्वामी जी ने कहा कि आर्थिक .ष्टि से कमजोर रोगियों को पतंजलि में उपचार मिलेगा, वहीं समर्थ लोगों को न्यून शुल्क पर बहुत बड़ी उपचार व्यवस्था यहां खड़ी की गई है। विश्व का पहला इंटीग्रेटेड हाइब्रिड हॉस्पिटल पतंजलि में स्थापित किया गया है, भविष्य में इसका विस्तार दिल्ली से लेकर पूरे देश तथा सम्पूर्ण विश्व में किया जाएगा। इंटीग्रेटेड हॉलिस्टिक ट्रीटमेंट के रूप में आज एक नए युग का आरंभ पतंजलि से हो रहा है। चिकित्सा के क्षेत्र में यह अभिनव कीर्तिमान है जिससे आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा लेंगी।

हमारा सपना है कि पूरी दुनिया का हेल्थ डेस्टिनेशन भारत बने। पूरी दुनिया के लोग योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म, षट्कर्म व शिक्षा लिए भारत आएं। शिक्षा, चिकित्सा व स्वस्थ जीवन पद्धति की दिशा दुनिया भारत से प्राप्त करेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 250 बेड की क्षमता वाला यह नया परिसर अत्याधु.निक अस्पताल पतंजलि इंटीग्रेटेड मेडिसिन सिस्टम पर आधारित है, जिसमें एलोपैथी की आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार की मशीनों से डायग्नोज द्धजांचत्र की सुविधा है तथा अत्यन्त जटिल मानी जाने वाली ब्रेन, हार्ट, स्पाईन वाली सर्जरी की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, जनरल सर्जरी, रेडियोलॉजी, एनेस्थीसिया, पैथोलॉजी, डेंटल, और इमरजेंसी मेडिसिन के अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टर 24ग्7 सेवाओं में तैनात हैं। यह अस्पताल केवल रोग का उपचार नहीं करेगा अपितु योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा एवं जीवनशैली परामर्श के माध्यम से रोग की जड़ पर काम करेगा। इस अवसर पर पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा इंटीग्रेटेड मेडिसिन सिस्टम का हॉस्पिटल पतंजलि द्वारा स्थापित किया गया है।

यहां हम पहले से योग, आयुर्वेद, पंचकर्म, षट्कर्म, नेचुरोपैथी आदि के माध्मय से देश व दुनिया के 1 करोड़ 38 लाख लोगों का उपचार कर चुके हैं। यहां माडर्न मेडिसिन सिस्टम द्वारा छोड़ दिए गए रोगी बड़ी संख्या में आते हैं। यद्यपि हम यहां पहले से ही 90 से 99 प्रतिशत रोगियों का उपचार करते थे परन्तु कुछ क्रिटिकल कंडिशन तथा इमरजेंसी की स्थिति में हम रोगियों को माडर्न सपोर्ट सिस्टम के साथ उपचार करने में सक्षम नहीं थे। क्रिटिकल कंडिशन तथा एक्यूट मेनेजमेंट के लिए हमने यह हॉस्पिटल स्थापित किया है। क्रानिक डिजीज में हम पहले से ही बेहतरीन परिणाम दे रहे थे। यहां मेन स्ट्रीम में आयुर्वेद से उपचार किया जाएगा जबकि एलोपैथी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति के रूप में रहेगी। रोगीहित सर्वोपरि मानकर यहां रोगियों के लिए सभी विकल्प उपलब्ध रहेंगे।

यहां बीमारियों को डायग्नोज करने में माडर्न मशीनों व अत्याधु.निक तकनीक का उपयोग किया जाएगा, पतंजलि हॉस्पिटल में बहुत आवश्यक होने पर ही सर्जरी की जाएंगी। सर्वप्रथम योग, आयुर्वेद, पंचकर्म, षटकर्म आदि पारम्परिक चिकित्सा पद्धति से ही चिकित्सा करेंगे, जिन रोगों में नितान्त आवश्यकता होगी उन्हीं रोगों में सर्जरी करेंगे। पतंजलि में विज्ञान और परंपरा का संगम है। पतंजलि के 500 से अधिक वैज्ञानिकों ने वर्षों के रिसर्च से एविडेंस-बेस्ड मेडिसिन्स विक.सित की हैं, जो लिवर, किडनी, हार्ट, ब्रेन और रेस्पिरेटरी सिस्टम के रोगों को जड़ मूल से नष्ट कर रही हैं। पतंजलि रिसर्च टीम द्वारा परम पूज्य जी व परम पूज्य आचार्य जी के निर्देशन में 5000 से अधिक रिसर्च प्रोटोकॉल और 500 से अधिक इंटरनेशनल जनरल में रिसर्च पेपर्स के पब्लीकेशन ने आयुर्वेद को रिसर्च एवं एविडेंस बेस्ड मेडिसिन का दर्जा दिलाने का बहुत बड़ा कार्य किया है। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी ने पतंजलि इमरजेंसी एण्ड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि पतंजलि हॉस्पिटल में इमरजेंसी एवं ट्रॉमा सेवाएं संचा.लित रहेंगी। इसमें 24 घंटे कार्यरत आधुनिक इमरजेंसी विभाग, इमरजेंसी मेडिसिन विभाग, ट्रॉमा केयर यूनिट, हाई-एंड प्ब्न् एवं वेंटिलेटर सपोर्ट, क्रिटिकल केयर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध रहेंगी। आचार्य जी ने बताया कि इस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में कार्डियोलॉजी विभाग के अन्तर्गत कैथ लैब, कोरोनरी एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं स्टेंट प्रत्यारोपण, पेसमेकर एवं प्ब्क इम्प्लांट, म्ब्ळ, म्बीव, जतमे म्बीव, ज्डज की सुविधा रहेगी जबकि न्यूरो सर्जरी विभाग के अन्तर्गत ब्रेन एवं स्पाइन की सर्जरी भी संच.ालित की जा सकेंगी। साथ ही अस्थि रोगों के लिए ऑर्थोपेडिक विभाग में जॉइंट रिप्लेसमेंट घुटना, कूल्हा एवं फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा सर्जरी, जनरल सर्जरी विभाग के अन्तर्गत लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, गॉल ब्लैडर, अपेंडिक्स, लिवर एवं पैंक्रियास सर्जरी, लेजर सर्जरी एवं डायबिटिक फुट ट्रीटमेंट की सुविधा रहेगी। स्त्री रोग एवं प्रसूति विभाग में सामान्य एवं सी-सेक्शन डिलीवरी के साथ-साथ लेप्रोस्कोपिक एवं ओपन सर्जरी की भी व्यवस्था है। नेफोलॉजी एवं डायलिसिस यूनिट में B-Braun Dialog+ हेमोडायलिसिस सिस्टम भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अब रोगियों को जांच के लिए कम खर्च में उच्च स्तरीय जांच सुविधा पतंजलि में सुलभ हो सकेगी। इसके लिए अत्याधुनिक इमेजिंग एवं डायग्नोस्टिक सेंटर स्थापित किया गया है जिसमें डत्प्डिजिटल ग्-त्ंल तथा अल्ट्रासाउंड की सुविधा 24 घंटे संचालित की जाएंगी।

## धामी सरकार का बड़ा ट्रांसपोर्ट प्लान चढ़ेगा परवान

# देहरादून सहित प्रमुख शहरों में ई-बीआरटी और रोपवे नेटवर्क की तैयारी

**देहरादून में ई-बीआरटी परियोजना को मिली सैद्धांतिक सहमति, आवास सचिव डॉ. आर. राजेश की अध्यक्षता में यूकेएमआरसी की समीक्षा बैठक, देहरादून में शहरी परिवहन परियोजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार राज्य में आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरणख्रअनुकूल शहरी परिवहन प्रणाली विकसित करने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठा रही है।

इसी क्रम में देहरादून सहित प्रमुख शहरों में मेट्रो रेल, ई-बीआरटी एवं रोपवे जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आज सचिवालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूकेएमआरसी) द्वारा संचालित एवं प्रस्तावित विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान यूकेएमआरसी के प्रबंध निदेशक द्वारा राज्य में शहरी परिवहन को सुदृढ़ करने से जुड़ी योजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक में प्रबंध निदेशक, यूकेएमआरसी ने बताया कि यूकेएमआरसी बोर्ड द्वारा देहरादून शहर में दो प्रमुख कॉरिडोरों पर ई-बीआरटी (इलेक्ट्रिक बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) परियोजना लागू करने के लिए सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी गई है। इसके लिए आवश्यक अध्ययन कराने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अध्ययन पूर्ण होने के पश्चात परियोजना प्रस्ताव को कैबिनेट अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाएगा। आवास सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि देहरादून शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या को देखते हुए ई-बीआरटी जैसी पर्यावरणख्रअनुक.ूल मास रैपिड ट्रांजिट प्रणाली की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल प्रदूषण को कम करेगी, बल्कि आम नागरिकों को तेज, सुरक्षित और किफायती परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराएगी।बैठक में ब्रजेश कुमार मिश्रा, प्रबंध निदेशक, उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन; संजीव मेहता, निदेशक (वित्त); धीरेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, आवास विभाग; कृष्णानन्द शर्मा, कंपनी सचिव; अजय बाबू, संयुक्त महाप्रबंधक (संकेतन एवं दूरसंच.ार); सौरभ शेखर, संयुक्त महाप्र.बंधक (विद्युत); सर्वेश कुमार, खंड अभियंता तथा अशोक डोभाल, सहायक खंड अभियंता उपस्थित रहे।

### हरकी पौड़ी के लिए इंटीग्रेटेड रोपवे परियोजना को हरी झंडी

बैठक में हरिद्वार स्थित हरकी पौड़ी के लिए प्रस्तावित इंटीग्रेटेड रोपवे परियोजना पर भी चर्चा की गई। प्रबंध निदेशक ने बताया कि यूकेएमआरसी बोर्ड द्वारा इस परियोजना को अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है तथा प्रस्ताव शीघ्र ही सक्षम प्राधिकरण को प्रस्तुत किया जाएगा। आवास सचिव ने निर्देश दिए कि प्रस्ताव को शीघ्र प्रस्तुत करते हुए आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुगम आवागमन सुविधा मिल सके।

### त्रिवेणी घाटख्रनीलकंठ रोपवे परियोजना में बड़ी प्रगति

त्रिवेणी घाट से नीलकंठ महादेव मंदिर तक प्रस्तावित रोपवे परियोजना के संबंध में प्रबंध निदेशक ने जानकारी दी कि इस परियोजना को राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेजख्र1 की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। सचिव ने निर्देश दिए कि सभी आवश्यक अनुमोदन समयबद्ध रूप से पूर्ण कर टेंडर प्रक्रिया शीघ्र आरंभ की जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा विकल्प उपलब्ध हो सके।

### नैनीताल, कांची धाम और मसूरी में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाएं

बैठक में नैनीताल, कांची धाम और मसूरी में प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई। यूकेएमआरसी द्वारा इन स्थलों के लिए संभाव्यता अध्ययन कराया जा रहा है। आवास सचिव ने इन प्रस्तावों की सराहना करते हुए कहा कि विशेष रूप से नैनीताल और मसूरी जैसे पर्यटन स्थलों पर रोपवे परियोजनाएं यातायात जाम को काफी हद तक कम करने में सहायक सिद्ध होंगी और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी उपयोगी रहेंगी।

### देहरादून में सेकंड ऑर्डर मास ट्रांजिट पर भी मंथन

बैठक में देहरादून शहर में सेकंड ऑर्डर मास ट्रांजिट सिस्टम की संभावनाओं पर भी सचिव को अवगत कराया गया। इस पर सचिव ने कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक परिवहन योजना तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में यूकेएम आरसी द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। बैठक उपरोक्त निर्देशों के साथ संपन्न हुई।

# देवप्रयाग ने खोया अपना जननायक, पूर्व ब्लॉक प्रमुख कल्याण सिंह चौहान का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**नई टिहरी।** देवप्रयाग विकासखंड की राजनीति के एक सशक्त स्तंभ और जनसेवा के पर्याय माने जाने वाले वरिष्ठ जनप्रतिनिधि कल्याण सिंह चौहान का निधन हो गया है। 85 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली। लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे कल्याण सिंह की तबीयत अचानक बिगड़ने पर परिजन उन्हें उपचार के लिए जौलीग्रांट अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था और उन्होंने अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया। उनके निधन की खबर से पूरे देवप्रयाग क्षेत्र और राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई है। गांधी ग्राम महड़ की मिट्टी में जन्मे कल्याण सिंह चौहान का राजनीतिक सफर उपलब्धियों भरा और प्रेरणादायी रहा। वे देवप्रयाग ब्लॉक के इतिहास में एकमात्र ऐसे प्रमुख रहे, जिन्होंने लगातार 14 वर्षों तक ब्लॉक प्रमुख के पद पर आसीन होकर अनवरत जनस.ेवा की मिसाल पेश की। वर्ष 1988 में उन्होंने पहली बार ब्लॉक प्रमुख का पद संभाला और 1996 तक इस दायित्व का निर्वहन किया। जनता के अटूट विश्वास और उनके समर्पण के चलते उन्हें दोबारा वर्ष 2002 तक ब्लॉक प्रमुख के रूप में सेवा करने का अवसर मिला। उनका यह लंबा और निर्बाध कार्यकाल उनकी लोकप्रियता और कार्यकुशलता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अपने कार्यकाल के दौरान कल्याण सिंह चौहान ने विकास की जो इबारत लिखी, वह आज भी धरातल पर दिखाई देती है। देवप्रयाग ब्लॉक मुख्यालय हिंडोलाखाल को सुव्यवस्थित और आधुनिक स्वरूप देने का श्रेय उन्हीं को जाता है। उन्होंने अपनी दूरदर्शी सोच का परिचय देते हुए मुख्यालय में ब्लॉक प्रमुख, खंड विकास अधिकारी और कर्मचारियों के लिए भव्य कार्यालय भवन, सभागार और आवासों का नवनिर्माण कराया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2021 में कक्षा-X कारमन एंड डे स्कूल,रोल नंबर U-BG 90095640 व वर्ष 2023 में कक्षा-XII की परीक्षा कारमन एंड डे स्कूल, डालनवाला देहरादून से रोल नंबर BN 30092737 पास की थी जिसमें मेरी माता का नाम श्रीमती दीपा सिंह (**DEEPA SINGH**) व पिता का नाम कृष्ण सिंह (**KRISHAN SINGH**) गलत अंकित हो गया है। जबकि मेरी माता का सही नाम श्रीमती दीपा (**DEEPA**) एवं पिता का सही नाम श्री कृष्ण कुमार (**KRISHAN KUMAR**) है मेरे स्कूल सर्टिफिकेट और मार्कशीट में मेरे माता-पिता के सही नाम श्रीमती दीपा (**DEEPA**) और श्री कृष्ण कुमार (**KRISHAN KUMAR**) अंकित किया जाए।

कुमारी नैना सिंह, पुत्री श्री कृष्ण कुमार, निवासी ए-28, नेहरू कॉलोनी, पोस्ट ऑफिस- आराघर, देहरादून।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्याः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763507
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांकः 60 | **ई-निविदा सूचना** | दिनांक 22.01.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), खोदरी पावर स्टेशन, डाकपत्थर (देहरादून), द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत हैः
ई-निविदा सं0 11/EE(Gen)/Khodri/2025-26 : खोदरी विद्युत गृह की सफाई एवं रखरखाव हेतू वार्षिक अनुबन्ध।
अनुमानित लागत : रू0 40,37,885/- जी एस टी अतिरिक्त
पोर्टल पर निविदाप्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 23.01.2026 10:00 बजे
पोर्टल पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :13.02.2026, 16:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट "www.ujvnl.com" देखें। निविदाप्रपत्र के डाउनलोड एवं अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "https:/uktenteders.gov.in" देखें।
**अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: 40101UR2001SGC025866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-57 | **ई-निविदा प्रथम समय विस्तार सूचना** | दिनांक- 22/01/2026

अपरिहार्य कारणों से इस कार्यालय द्वारा निर्गत ई-निविदा सं0: 23/अधि.अभि मौ0वि0गृ0/2025-26 की तिथियां निम्नानुसार विस्तारित की जाती है।
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि** : 23.01.2026
**वेबसाईट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि**: 31.01.2026 16:00 बजे तक
सम्बन्धित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट "**http://uktenders.gov.in**" पर लाग ऑन करें। निविदा के अन्य नियम व शर्ते पूर्ववत् रहेगी।
**अधिशासी अभियन्ता (अनु0एवंउत्पा0)**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**निविदा विस्तारीकरण**

इस कार्यालय के पत्रांक 43/वि०वि०ख०ब०/दिनाँक 07.01.2026 एवं 25/वि०वि०ख०ब० दिनाँक 05.01.2026 द्वारा निविदा संख्या 16, 21/25-26 जिनकी निविदा विक्रय की तिथि 21.01.2026 एवं निविदा खोले जाने की तिथि 22.01.2026 थी, को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। अब निविदा पुनः विक्रय की तिथि 05.02.2026 एवं खुलने की तिथि 06.02.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। अन्य नियम एवं शर्ते यथावत् रहेंगे।
पत्रांक : 256/वि०वि०ख०ब०/टी-7 | दिनांक : 22.01.2026 | **अधिशासी अभियंता**
"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**प्रपत्र संख्या यूआरसी-2**
**अध्याय XXI के भाग I के अंतर्गत पंजीकरण के बारे में सूचना देने वाला विज्ञापन**
[कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(बी) और कंपनी (पंजीकरण के लिए प्राधिकृत) नियम, 2014 के नियम 4(1) के अनुसार]

1. इसके द्वारा यह सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2) के अनुसार, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (सीआरसी) इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स (आईआईसीए), प्लॉट नंबर 6, 7, 8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव (हरियाणा) - 122050 में रजिस्ट्रार को एक आवेदन दिया गया है, कि **फ्रेन्जी फार्म एलएलपी** नामक **एलएलपी** को कंपनी अधिनियम 2013 के अध्याय XXI के भाग I के तहत, शेयरों द्वारा सीमित कंपनी के रूप में पंजीकृत किया जाए।
2. कंपनी के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं: **फसल कटाई एवं मड़ाई से संबधित मशीनरी का व्यवसाय करना, जिसमें भूसा या चारा बेलर, घास या भूसा काटने की मशीनें, अंडों फलो एवं अन्य कृषि उत्पादों की सफाई, छंटाई एवं ग्रेडिंग की मशीनें तथा अन्य जैविक यौगिक आदि सम्मिलित हैं।**
3. प्रस्तावित कंपनी के ड्राफ्ट मेमोरेंडम और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की एक कॉपी मौजा मटली, पट्टी लल्लूर, पोस्ट ऑफिस टिकरी, तहसील नैनबाग, टिहरी गढ़वाल उत्तराखंड-249186 में कार्यालय में देखी जा सकती हैं।
4. इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि जो भी व्यक्ति इस आवेदन पर आपत्ति करना चाहता है, वह इस नोटिस के पब्लिकेशन की तारीख से इक्कीस दिनों के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में रजिस्ट्रार, सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सेंटर (CRC) इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स (IICA), प्लॉट नंबर 6, 7, 8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव (हरियाणा) - 122050 को भेज सकता है, साथ ही इसकी एक प्रति कंपनी को उसके पंजीकृत कार्यालय में भी भेजनी होगी।

**आवेदक का नाम**
**1. सुबोध कुमार शाह**
**2. शैलेश कुमार सिंह**
**दिनांक 22 जनवरी, 2026**

**RBL BANK** apno ka bank
**आरबीएल बैंक लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालय** : प्रथम लेन, शाहुपुरी, कोल्हापुर - 416001
**क्षेत्रीय कार्यालय** : प्रथम मंजिल, बिल्डिंग नं.1, ओखला इंडस्ट्रीयल एस्टेट, फेस-3, नई दिल्ली - 110020

**ई-नीलामी विक्रय सूचना (सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत)**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("नियम") के नियम 8(6) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफैसी अधिनियम) के तहत बैंक के पास प्रभारित अचल आस्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना**

एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से ऋणी/सह-ऋणीयों/जमानतदारों (ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदा(रों) की मृत्यु के मामले में, कानूरी वारिसों सहित) को सूचना दी जाती है कि आरबीएल बैंक लिमिटेड (**"प्रतिभूत लेनदार/बैंक"**) के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियाँ (सामूहिक रूप से "**सम्पत्ति**" के रूप में सन्दर्भित), जिसका कब्जा नियमों के साथ पठित सरफैसी अधिनियम की धारा 14 के तहत बैंक के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कर लिया गया है, बैंक के बकाया देयताओं और नियमों के नियम 8 एवं 9 के तहत यहां नीचे वर्णित के अनुसार ब्याज सहित नीचे ई-नीलामी अनुसूची के अनुसार संविदा आमन्त्रण के माध्यम से "**जहां है जैसे है**", "**जो कुछ भी है यही है**" तथा "**उपचार रहित आधार**" पर बिक्री की जायेगी।

| क्रं. | ऋणी एवं जमानतदार(रों) का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना के अनुसार राशि / सरफेसी एक्ट के अंतर्गत मांग एवं कब्जा सूचना की दिनांक | आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि | ई-निलामी की तिथी एवं समय | दस्तावेजो सहित बोली प्राप्ति की अंतिम तिथी | प्राधिकृत अधिकारी का नाम/फोन नं./ ई-मेल आईडी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.<br>2.<br>3.<br>4. | **मेसर्स सरस्वती बुक एजेंसी (इसके प्रोप्रा. श्री अमित सहगल के माध्यम से)** संपत्ति नं. 2 (नया नंबर 6/4), धामावाला मोहल्ला, देहरादून- 248001<br>**अमित सहगल (अब दिवंगत) के कानूनी उत्तराधिकारी/प्रतिनिधि** संपत्ति नं. 2 (नया नंबर 6/4), धामावाला मोहल्ला, देहरादून- 248001<br>**श्रीमती मनीषा सहगल** संपत्ति नं. 2 (नया नंबर 6/4), धामावाला मोहल्ला, देहरादून- 248001<br>**श्री मनीष सहगल** संपत्ति नं. 2 (नया नंबर 6/4), धामावाला मोहल्ला, देहरादून- 248001 | "संपत्ति नं. 2 पुराना (नया नंबर 6/4, धामावाला मोहल्ला), देहरादून" **अनुसूची ए** - नगरपालिका नंबर 2, (नया नंबर 6/4) धामावाला मोहल्ला, देहरादून के अंतर्गत आने वाली सभी भूतल संपत्ति, जिसका क्षेत्रफल 48.50 वर्ग मीटर है, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 17.35 वर्ग मीटर है, **जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है:** पूर्व : श्री अमित सहगल एवं अन्य की संपत्ति, जिसका साईड माप 19 फीट 6 इंच है, पश्चिम: अन्य की भूमि, जिसका साईड माप 19 फीट 6 इंच है, उत्तर: अन्य की संपत्ति, जिसका साईड माप 26 फीट 9 इंच है, दक्षिण: 12 फीट चौड़ी गली, जिसका साईड माप 26 फीट 9 इंच है।<br>**अनुसूची बी** - नगरपालिका नंबर 2, (नया नंबर 6/4) धामावाला मोहल्ला, देहरादून के अंतर्गत आने वाली सभी भूतल संपत्ति, जिसका क्षेत्रफल 48.50 वर्ग मीटर है, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 17.35 वर्ग मीटर है, **जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार है:** पूर्व: 4 फीट 9 इंच चौड़ी सड़क, जिसकी साईड माप 19 फीट 6 इंच है, पश्चिम: श्री मनीष सहगल व अन्य की बची हुई संपत्ति, जिसकी साईड माप 19 फीट 6 इंच है, उत्तर: अन्य की संपत्ति, जिसकी साईड माप 26 फीट 9 इंच है, दक्षिण: 12 फीट चौड़ी गली, जिसकी साईड माप 26 फीट 9 इंच है, | **रु. 26,64,869.34/-** (रुपये छब्बीस लाख चौसठ हजार आठ सौ उनसत्तर एवं चौतीस पैसा मात्र) दिनांक 29.10.2024 को<br>**मांग सूचना दिनांक 29.10.2024**<br>**सांकेतिक कब्जा सूचना दिनांक 08.01.2025** | **आरक्षित मूल्य: रु. 1,28,40,984/-** (रुपये एक करोड़ अठाईस लाख चालीस हजार नौ सौ चौरासी मात्र)<br>**ईएमडी राशि: रु. 12,84,098/-** (रुपये बारह लाख चौरासी हजार अंठान्वे मात्र)<br>**बोली वृद्धि राशि: रु. 50,000/-** (रुपये पचास हजार मात्र) | **27.02.2026 प्रात : 11.00 बजे** | दिनांक **26.02.2026** को सायं 05:00 बजे तक या उसके पूर्व | प्राधिकृत अधिकारी : श्रीमती मोनिका गुप्ता संपर्क : 9910570226 ईमेल आईडी: monica.Gupta @rblbank.com<br>अर्पण वोहरा संपर्क : 9015369699 ईमेल आईडी: Arpan.Vohra1 @rblbank.com |

**नियम एवं शर्तें :**
(1) ई-नीलामी विक्रय ई-नीलामी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन होगी। इच्छुक बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली जमा करने और ई-नीलामी में भाग लेने से पहले **https://www.bankeauctions.com** तथा **https://www.rblbank.com/pdf-pages/news** की वेबसाइट पर उपलब्ध नीलामी के विस्तृत नियमों और शर्तों को पढ़ लें।
(2) बोली प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति और विनिर्देश के बारे में निरीक्षण और खुद को संतुष्ट करने की जिम्मेदारी बोलीदाताओं की होगी।
(3) इच्छुक बोलीदाता अपना विवरण और दस्तावेज वेब पोर्टलः **https://www.bankeauctions.com** (यूजर आईडी और पासवर्ड **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत कराकर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है) के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। राशि आरबीएल बैंक लिमिटेड के निम्न लिखित खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से देय होगी :- Auction Proceeds Collection GL, खाता क्रं. **2599001000139998** (IFSC कोड **RATN0000100**) या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से **26-02-2026** को सायं 5:00 बजे तक या उससे पहले देय होगी।
(4) इच्छुक बोलीदाता मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, संपर्क नंबरः 7291981124/25/26 संपर्क व्यक्ति श्री विनोद चौहान मोबाइल नंबरः 9813887931, ई-मेल-आईडीः delhi@c1india.com से ई-नीलामी पर सहायता/ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं, **और संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रश्न के लिए, वे श्रीमती मोनिका गुप्ता, प्राधिकृत अधिकारी (मोबाइल नंबर 9910570226, ईमेलः monica.gupta@rblbank.com) तथा श्री अर्पण वोहरा (मोबा. 9015369699, ईमेलः Arpan.Vohra1@rblbank.com) से संपर्क कर सकते हैं।**
(5) बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के पास किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने, और/या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी को स्थगित/रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है और इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।
(6) सफल बोलीदाता को कन्वीएंस अर्थात स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क इत्यादि, लागू कानून के अनुसार और अन्य ज्ञात/अज्ञात वैधानिक/सरकारी/श्रम बकाया/कर बकाया आदि का भुगतान खरीद प्रतिफल के अतिरिक्त का देय शुल्क/प्रभार वहन करना होगा।
(7) सफल बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के अगले दिन पहले से जमा ईएमडी को समायोजित करने के बाद बोली राशि का 25% और विक्रय के **30वें दिन** या उससे पहले या ऐसी विस्तारित अवधि के भीतर जैसा कि लिखित रूप में और केवल प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर सहमति व्यक्त की गई हो, बोली मूल्य का शेष 75% जमा करेगा। उपर उल्लिखित निर्धारित अवधि के भीतर बोली राशि का 25%/शेष राशि का 75% जमा करने में विफल रहने पर, जमा की गई पूरी राशि (ईएमडी सहित) बिना किसी नोटिस के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति का तुरंत दुबारा विक्रय किया जावेगा। प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी/या सभी बोलियों को अस्वीकार करने या नीलामी विक्रय को स्थगित, स्थगित या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**सरफेसी अधिनियम के तहत 30 दिन की वैधानिक विक्रय सूचना**

एतद्वारा ऋणी/सह-ऋणीयों/जमानतदारों (ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदा(रों) की मृत्यु के मामले में, कानूरी वारिसों सहित) को भावी ब्याज तथा दण्डात्मक एवं अन्य ब्याज तथा ट्रांजेक्शन दस्तावेज के अनुसार राशियों सहित उपर्युक्त राशि को ई-नीलामी की तिथि से पूर्व भुगतान करने के लिए कहा जाता है जिसमें विफल रहने पर सम्पत्ति की नीलामी/विक्रय किया जावेगा।

हस्ता/-
**प्राधिकृत अधिकारी**
**आरबीएल बैंक लि.**

**दिनांक : 23.01.2026**
**स्थान : देहरादून**

## कार्यालय नगर निगम कण्वनगरी, कोटद्वार (पौडी गढवाल)

पत्रांकः– 5010 /नि0अनु0/42नि0का0/ 2025–26 दिनांकः– 21/01/2026

### निविदा सूचना

नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार के पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित निर्माण कार्यो की सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 09/02/2026 को अपराहन 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 25/01/2026 से दिनांक 07/02/2026 को अपराहन 02:00 तक किसी भी कार्यदिवस में निर्धारित ष्शुल्क जमा करने के उपरान्त प्राप्त किये जा सकते है। प्राप्त निविदाऐं दिनांक 09/02/2026 को सायं 04:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। किसी भी दर/निविदा को अस्वीकृत अथवा निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार नगर आयुक्त, नगर निगम कोटद्वार के पास सुरक्षित होगा। सषर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राषि | निविदा प्रपत्र ष्ष् शुल्क +18%GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड न0 1 रतनपुर में एम0एस0 पुलिया व सी0 सी0 का निर्माण कार्य। | 26,800 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'B' and above |
| 2 | वार्ड न0 1 में जयवर्धनपन्त जी के घर से प्रदीप बलूनीजी के घर की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स मार्ग का निर्माण कार्य। | 15,400 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 3 | वार्ड न01 में राजेसिंह के घर से होते हुए नरेष चन्द्र जोषी व गोदाम्बरी जी के घर की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा मार्ग निर्माण कार्य। | 35,600 | 1500+270 | 60 दिन | 45 दिन | 'B' and above |
| 4 | वार्ड न0 2 विषनपुरमेंश्री त्रिलोक सिंह रावत के घर से पवित्री देवीजी के घर की ओरइन्टरलॉकिंगटाईल्स द्वारासडक का निर्माणकार्य। | 40,400 | 1500+270 | 60 दिन | 45 दिन | 'B' and above |
| 5 | वार्ड न0 7 मे पार्वती प्राथमिक विद्यालय से लगते हुए सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 35,600 | 1500+270 | 60 दिन | 45 दिन | 'B' and above |
| 6 | वार्ड न0 10 में गुड्डी भारद्वाज जी के घर से इरफान के घर की ओर इन्टर लॉकिंग टाईल्स द्वारा सडक का निर्माण कार्य। | 50,400 | 1500+270 | 60 दिन | 45 दिन | 'A' |
| 7 | वार्ड न0 18 षिवपुरी में मुख्य मार्ग से दीपक गौडजी के घर की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सडक का निर्माण कार्य। | 15,600 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 8 | वार्ड न0 18 षिवपुर में क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 17,000 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 9 | वार्ड न0 19 दिव्या कालोनी में बीरबल सिंह रावतजी के घर से अर्जुन सिंह चौहानजी के घर की ओरइन्टर लॉकिंग टाईल्स द्वारा सडक का निर्माण कार्य। | 18,000 | 1000+180 | 60दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 10 | वार्ड न0 20 पदमपुर में सजवाण जनरल स्टोर से बर्थवालजी के घर की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा सडक का निर्माण कार्य। | 18,800 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | 'C' and above |
| 11 | वार्ड नं0 21 चौधरी मोहल्ले में नरेन्द्र सिंह नेगी के घर से जगदीश प्रसाद कोटनाला के घर की ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 8500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 12 | वार्ड नं0 23 में नरेन्द्र सिह रावत के घर से नरेश चन्द्र नैथानी के घर की ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 24600.00 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | B and above |
| 13 | वार्ड नं0 23 सदभावना कॉलोनी में मुख्य मार्ग से श्री विनोद रावत के घर की ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 52000.00 | 1500+270 | 60 दिन | 45 दिन | A and above |
| 14 | वार्ड नं0 23 दलीप बिहार कॉलोनी में अरूण कुमार के घर से मुख्य मार्ग की ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 20500.00 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 15 | वार्ड नं0 24 में गजेन्द्र मोहन धस्माना को घर से कैलाश कुकरेती जी की गौशाला की ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण | 18000.00 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 16 | वार्ड नं0 25 में सिद्व बली अपार्टमेन्ट के प्रागणन में इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 10800.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 17 | वार्ड नं0 27 जिवानन्द पुर में पार्क के दोनों ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 10000.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 18 | वार्ड नं0 27 दुर्गापुर में सीमा देवी के घर से सुरेन्द्र सिह के घर तक इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 12400.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 19 | वार्ड नं0 27 जिवानन्दपुर में भूमिया मंदिर वाली रोड से शशी के घर तक इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 7500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 20 | वार्ड नं0 27 दुर्गापुर में राजेन्द्र सिह नेगी के घर के सामने से बीना देवी के घर तक इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 17000.00 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 21 | वार्ड नं0 27 जिवानन्दपुर में श्री जयवीर के घर के सामने सी0सी0 सडक का निर्माण कार्य। | 2500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 22 | वार्ड नं0 27 में रमेंश उपाध्याय के घर से चन्द्रश शेखर उपाध्याय के घर तक नाली पर आर0सी0सी0 स्लैब चैम्बर का निर्माण कार्य। | 6700.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 23 | वार्ड नं0 27 में बी0एल0 रोड जीवानन्दपुर में शोर्य चक्र विजेता शहीद शिवसिह नेगी 7 गढवाल राइफल की स्मृति में भव्य द्वार का निर्माण कार्य। | 14200.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 24 | वार्ड नं0 28 में सतीचौड जगत सिह भंडारी के घर से श्री धर तिवारी के घर तक इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 4000.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 25 | वार्ड नं0 28 में मुकेश देव लाल के घर से धमण्डपुर मार्ग तक इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 35800.00 | 1500+270 | 60 दिन | 45 दिन | B and above |
| 26 | वार्ड नं0 29 धमण्ड पुर राकेश कुमार के घर से अनिलकुमार के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 6500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 27 | वार्ड नं0 29 धमण्ड पुर कुकरेती कॉलोनी के सामने पुष्पा देवी के घर से भारत रावत के घर तक सी0सी0मार्ग का निर्माण कार्यं। | 6000.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 28 | वार्ड नं0 30 मवाकोट में शिव सिहरावत के घर के निकट जगदेव बाबा गदेरे में पुलिया का निर्माण कार्य। | 22600.00 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 29 | वार्ड नं0 30 सैनिक कॉलोनी नन्दपुर में श्री संजय पाल के घर से श्री राजेन्द्ररावत जी के घर की ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 21000.00 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 30 | वार्ड नं0 30 नन्दपुर में कैलेश चन्द्रबर्थवाल के घर से संजय नेगी जी के घर की ओर इन्टर लॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 30000.00 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | B and above |
| 31 | वार्ड नं0 32 आर्दशकॉलोनी शिवराजपुर में मुख्य मार्ग से गणेश के घर से इंद्रादेवी के घर से राकेश के घर से सतीश के घर की ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 47000.00 | 1500+270 | 60 दिन | 45 दिन | B and above |
| 32 | वार्ड नं0 32 तल्लामोटा ढाक मुख्य मार्ग से मोहन सिह रावत के घर से भगवती मैदोला के घर तक इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 4300.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 33 | वार्ड नं0 33 लछमपुर में टयूवैल से मनोज रावत के घर की ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 23500.00 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 34 | वार्ड नं0 33 लछमपुर के अंतर्गतमाताजी के मंदिर का सौन्दर्यकरण का कार्य। | 6000.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 35 | वार्ड नं0 36 में लोकमणिपुर में मुख्य मार्ग से कैलाशचन्द्र जोशी के घर तक सी0सी0 मार्ग का निर्माण कार्य। | 4300.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 36 | वार्ड नं0 39 झण्डी चौड पश्चिमी में रोड से सुरेन्द्र सिह नेगी के घर तक नाली पर आर0सी0सी0 स्लैब का निर्माण कार्य। | 4500.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 37 | वार्ड नं0 37 झण्डी चौड पश्चिमी मेंबबीता देवी के घर से मनोज सिह के घर की ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य | 30300.00 | 1500+270 | 60 दिन | 45 दिन | B and above |
| 38 | वार्ड नं0 37 झण्डी चौड पश्चिमी में दीपक वृजमोहन आनंद धडियाल के घर से होत हुए अक्षय बुडाकोटि जी के घर की ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 26300.00 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | B and above |
| 39 | वार्ड नं0 38 उमरावपुर में मुख्य मार्ग से मयंक खर्कवाल के घर की ओर इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 30800.00 | 1500+270 | 60 दिन | 45 दिन | B and above |
| 40 | वार्ड नं0 40 जशोधर पुर नरेन्द्रप्रसाद के घर से भगवानसिह जी के घर तक इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 20400.00 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 41 | वार्ड नं0 40 जशोधरपुर भगवान सिह के घर से पवन सिह तक इन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण | 16000.00 | 1000+180 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |
| 42 | वार्ड नं0 40 जशोधर पुर विजय डोडियाल के घर से अनिलरावत के घर तकइन्टरलॉकिग टाईल्स का निर्माण कार्य। | 12800.00 | 500+90 | 60 दिन | 45 दिन | c and above |

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी, कोटद्वार

# भारत में टी-20 विश्व कप नहीं खेलेगा बांग्लादेश

● **बीसीबी, बांग्लादेशी क्रिकेटरों और सरकार के खेल सलाहकार के बीच बैठक के बाद सामने आया फैसला**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश ने भारत में टी-20 विश्वकप नहीं खेलने का फैसला किया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी), बांग्लादेशी क्रिकेटरों और सरकार के खेल सलाहकार के बीच ढाका में गुरुवार को बैठक के बाद यह फैसला सामने आया है। वे भारत में विश्वकप मैच नहीं खेलना चाहते हैं और अपने कार्यक्रम को श्रीलंका में कराना चाहते है। बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा कि हम श्रीलंका में खेलने की अपनी योजना के साथ आईसीसी के पास जाएंगे। उन्होंने हमें 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन एक वैश्विक संस्था सही में ऐसा नहीं कर सकती। आईसीसी 20 करोड़ लोगों को विश्वकप मैच देखने से वंचित करेगी। यह उनका अपना नुकसान है। आईसीसी श्रीलंका को सह मेजबान बता रहा है लेकिन वह सह मेजबान नहीं है। यह एक हाईब्रिड मॉडल है। मैंने आईसीसी बैठक में कुछ बातें सुनी थी जो चौंकाने वाली थीं। सरकार के सलाहकार आसिफ नजरुल ने कहा हम उम्मीद करते है कि आईसीसी हमें श्रीलंका में खेलने का मौका देगा। हमारी सरकार ने भारत न जाने का यह फैसला किया है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बांग्लादेश की भारत से उसके टी-20 विश्व कप मैच शिफ्ट करने की मांग कल खारिज कर दी थी। आईसीसी ने बीसीबी से बांग्लादेश सरकार को यह बताने के लिए कहा था कि अगर बांग्लादेश टी-20 विश्व कप में अपने मैच खेलने के लिए भारत जाने से इनकार करता रहता है, तो टूर्नामेंट में उसकी जगह किसी दूसरी टीम को ले लिया जाएगा। इस फैसले के बाद वोटिग हुई, जिसमें आईसीसी बोर्ड के ज्यादातर सदस्य रिप्लेसमेंट के पक्ष में थे। बीसीसीआई के आईपीएल टीम कोलकाता नाईट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को रिलीज करने के निर्देश के बाद बांग्लादेश ने भारत में खेलने को लेकर सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए यह मांग की थी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने लगातार सरकार की सुरक्षा चिताओं को ही अपना आधार बनाया है और भारत में खिलाड़ियों की जान को खतरा बताया है। बीसीबी ने कई दफा आईसीसी से गुजारिश की थी कि उनके मैचों का आयोजन श्रीलंका में कराया जाए। पिछले सप्ताह हुई बैठक के दौरान तो बांग्लादेशी बोर्ड ने एक अजीबोगरीब प्रस्ताव तक दे डाला। उन्होंने मांग की कि बांग्लादेश को ग्रुप-सी से निकाल. कर ग्रुप-बी में भेज दिया जाए और आयरलैंड की जगह उन्हें दे दी जाए, क्योंकि आयरलैंड को अपने ग्रुप स्टेज के सभी मुकाबले श्रीलंका में ही खेलने हैं। हालांकि, आईसीसी ने इस मांग को सिरे से खारिज कर दिया था और इससे पहले आए इसी तरह के अन्य सुझावों को भी कोई तवज्जो नहीं दी। भारत में नहीं खेलने से बांग्लादेश को वित्तीय नुकसान भी होगा। बीसीबी को आईसीसी से मिलने वाली पांच लाख अमेरिकी डॉलर की तैयारी फीस नहीं मिलेगी। साथ ही खिलाड़ी भी इनामी राशि से वंचित रहेंगे, जो न्यूनतम तौर पर पूरी टीम में बंटने वाले दो लाख अमेरिकी डॉलर हो सकते थे और मैच जीतने की सूरत में यह रकम और बढ़ सकती थी।

## हमें आईसीसी से न्याय नहीं मिला: नजरुल



**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश सरकार के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने गुरुवार को कहा कि आईसीसी ने उन्हें भारत और श्रीलंका में होने वाले आगामी टी 20 विश्व कप में हिस्सा लेने के संबंध में उचित न्याय नहीं दिया। कल, आईसीसी ने बांग्लादेश की भारत से श्रीलंका में वेन्यू बदलने की अपील को खारिज कर दिया, और इसके बजाय बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को उनकी भागीदारी पर फैसला लेने के लिए 24 घंटे का समय दिया।

आईसीसी ने स्कॉटलैंड को भी स्टैंडबाय पर रखा है, अगर बांग्लादेश आखिरकार टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए भारत जाने को तैयार नहीं होता है। नजरुल, जिन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ बैठक की थी, ने पत्रकारों से कहा कि वे अपना रुख बदलने को तैयार नहीं हैं।आसिफ ने कहा कि मुझे लगता है कि हमें आईसीसी से न्याय नहीं मिला। हम वर्ल्ड कप खेलेंगे या नहीं, यह पूरी तरह से सरकार का फैसला है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हाल के दिनों में भारत में ऐसा कुछ नहीं हुआ है जिससे यह लगे कि वहां (सुरक्षा के लिहाज से) चीजें बदल गई हैं। हमें उम्मीद है कि आईसीसी हमें न्याय देगा।

# नोवाक जोकोविच जीत के साथ तीसरे दौर में

**मेलबर्न, वार्ता।** सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को इटली के फांसेस्को मास्ट्रेली को सीधे सेटों में हराकर 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में जगह बनाई। यहां रॉड लेवर एरिना में खेले गए मुकाबले में सर्बियाई चौथी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जोकोविच को एकल में 6-3, 6-2, 6-2 से जीत हासिल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने पहले सेट में 3-0 की बढ़त बनाकर कोर्ट पर अपना दबदबा बनाया। मास्ट्रेली ने कुछ प्रतिरोध दिखाया, कई ब्रेक पॉइंट बचाए और शक्तिशाली सर्व और तीन ऐस लगाकर जोकोविच को सेट के लिए सर्व करने पर मजबूर किया। दूसरे सेट में भी पैटर्न वैसा ही रहा, जोकोविच ने 3-2 के बाद बढ़त बनाई और 6-2 से सेट जीत लिया। तीसरे सेट में, जोकोविच ने मुक. ाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली, एक तनावपूर्ण पांचवें गेम में सर्व ब्रेक करके 4-1 से आगे हो गए। मास्ट्रेली ने देर से वापसी की कोशिश किया, लेकिन जोकोविच की सटीकता और निरंतरता निर्णायक साबित हुई, क्योंकि उन्होंने इतालवी खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाकर जीत पूरी की। जोकोविच ने एक अनजान विरोधी के बारे में कहा कि आजकल मेरे साथ ऐसा अक्सर होता है।फिर भी, सम्मान हमेशा रहता है और मैं किसी को कम नहीं आंकता। उसके पास एक बड़ी सर्व है और बड़े स्टेज पर उसके पास अभी भी अनुभव की कमी है, लेकिन उसके पास गेम है जिससे वह बहुत आगे जा सकता है और रैंकिग में ऊपर जा सकता है, इसलिए मैं उसे इसके लिए शुभकामनाएं देता हूं। जोकोविच तीसरे राउंड में नीदरलैंड के बोटिक से भिड़ेंगे। इस बीच चीन की वांग शिन्यू ने 24वीं सीड एलेना के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए तीसरे राउंड में जगह बनाई और महिला सिंगल्स ड्रॉ के आखिरी 32 में पहुंचने वाली एकमात्र चीनी खिलाड़ी बन गईं। वांग एक सेट और एक ब्रेक से पीछे थीं, लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाते हुए दो घंटे 20 मिनट में 4-6, 6-4, 6-4 से जीत हासिल की।

# इगा लगातार 24वें ग्रैंड स्लेम के तीसरे राउंड में



● **इगा स्वियाटेक ने महिलए एकल में चेक गणराज्य की मैरी बोजकोवा को सीधे सेटों में हराया**

**मेलबर्न, वार्ता।** पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियाटेक गुरुवार को महिला एकल के मुकाबले में चेक गणराज्य की मैरी बोजकोवा को सीधे सेटों में हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में जगहा बना ली। वह लगातार 24वें ग्रैंड स्लेम के तीसरे दौर में पहुंची हैं। यहां एक घंटा 19 मिनट तक चले मुकाबले में नंबर दो सीड स्वियाटेक ने बोजक. ोवा पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। इस जीत से वह लगातार सातवें साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे राउंड में पहुंच गईं। इस नतीजे के साथ स्वियाटेक ओपन एरा में एक ही दशक के पहले 24 महिला एकल ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में राउंड ऑफ 32 में पहुचने वाली पहली डब्ल्यूटीए टूर खिलाड़ी बन गईं।

मैच के बाद स्वियाटेक ने कहा कि आज खेलना बहुत अच्छा लगा। निश्चित रूप से हालात भी आसान नहीं थे। मुझे नहीं पता कि आप लोगों को ऐसा महसूस हुआ या नहीं, लेकिन कोर्ट पर बहुत तेज हवा चल रही थी। मुझे उसके हिसाब से एडजस्ट करना पड़ा, और मैं परफॉर्मेंस से सच में बहुत खुश हूं। स्वियाटेक तीसरे राउंड में नंबर 31 सीड रूस की एना कालिस्काया का सामना करेंगी। इस बीच तीन अमेरिकी खिलाड़ियों ने आसान जीत के साथ तीसरे राउंड में जगह बनाई। डिफेंडिग चैंपियन मैडिसन कीज और नंबर 6 सीड जेसिका पेगुला दोनों ने राउंड 2 में अपने ही देश की खिलाड़ियों को आसानी से हराया, जिसमें कुल मिलाकर सिर्फ आठ गेम हारे, जबकि नंबर 4 सीड अमांडा एनिसिमोवा ने कैटरीना सिनियाकोवा पर सीधे सेटों में जीत हासिल की। पेगुला ने पूर्व टॉप 10 खिलाड़ी कोको वांडेवेड़ो से कहा कि यह खराब था कि उन्हें न सिर्फ एक और अमेरिकी खिलाड़ी, बल्कि अपनी डबल्स पार्टनर, वर्ल्ड नंबर 37 मैककार्टनी केसलर के खिलाफ खेलना पड़ा, 6-0, 6-2 से जीत के बाद।

पेगुला, जिन्होंने पिछले साल ऑस्टिन, टेक्सास में डब्ल्यूटीए 250 के फाइनल में केसलर को हराया था, ने रॉड लेवर एरिना में सिर्फ 58 मिनट में जीत हासिल करने के रास्ते में पहले आठ गेम जीते।

# बीबीएल फाइनल के बाकी मैचों में नहीं खेलेंगे बाबर आजम

**सिडनी, वार्ता।** बाबर आजम बीबीएल फ़ाइनल के बाकी मैचों में नहीं खेलेंगे, सिडनी सिक्सर्स ने घोषणा की है कि उन्हें नेशनल टीम कैंप के लिए पाक लौटना होगा। सिक्सर्स ने गुरुवार को यह घोषणा की, एससीजी में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ अपने चैलेंजर फ़ाइनल से ठीक 24 घंटे पहले, जिसमें जीतने वाली टीम रविवार को पर्थ में बीबीएल फ़ाइनल में पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ खेलेगी। बाबर शुरू में पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध थे और उन्हें जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ पाक की तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए नहीं चुना गया था। ऑस्ट्रेलिया 29 जनवरी से शुरू होने वाली तीन टी-20 में पाक के साथ खेलेगा, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के सभी



● **बाबर शुरू से पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध थे और उन्हें जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ पाक की तीन मैचों की सीरीज के लिए नहीं चुना गया**

स्क्वाड सदस्य जो अभी भी बीबीएल में शामिल हैं, वे फ़ाइनल के बाद तक अपनी बीबीएल टीमों के साथ रहेंगे, बाकी स्क्वाड 24 जनवरी को प्री-टूर कैंप के लिए यूएई के लिए उड़ान भरेगा। बयान में कहा गया हैकि सिडनी सिक्सर्स को आज सूचित किया गया है कि सिक्सर्स के ओपनर बाबर को आगामी अंतर्राष्ट्रीय मैचों की तैयारी शुरू होने के कारण अपने राष्ट्रीय टीम के साथियों के साथ कैंप में शामिल होने के लिए पाक लौटना होगा। नतीजतन, बाबर तुरंत ऑस्ट्रेलिया से रवाना होंगे और बीबीएल/15 फ़ाइनल सीरीज के बाकी मैचों के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। सिक्सर्स की जनरल मैनेजर ने पुष्टि की कि उन्होंने शुरू में बाबर के पूरा टूर्नामेंट खेलने की योजना बनाई थी हेन्स ने एक बयान में कहा कि सिडनी सिक्सर्स बाबर को ऑस्ट्रेलिया में अपने समय के दौरान क्लब का प्रतिनिधित्व करने का अवसर देने के लिए तहे दिल से आभारी हैं।

हालांकि हमने शुरू में बाबर के फाइनल में पूरे समय उपलब्ध रहने की योजना बनाई थी, लेकिन वह हमारे ग्रुप के एक बहुत ही वैल्यूएबल सदस्य रहे हैं, और हम पूरी तरह समझते हैं कि पाक के नेशनल कैंप की शुरुआत का मतलब है कि अब आने वाले मैचों के लिए तैयारियां चल रही हैं।

CMYK



### नगर निगम जनसुनवाई कार्यक्रम में समस्याओं का लगा अंबार

# जल भराव को लेकर मेयर प्रतिनिधि व पार्षद प्रतिनिधि में नोंक-झोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम द्वारा वार्ड संख्या 1 शेरपुर और 2आदर्श नगर के निवासियों के लिए 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारा' जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेयर अनीता अग्रवाल और मुख्य नगर आयुक्त राकेश चंद्र तिवारी ने अधिकारियों के साथ जनता की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में जल निकासी, नाला निर्माण और अतिक्रमण जैसे मुद्दे प्रमुखता से छाए रहे।

शिविर में नगर निगम और अन्य विभागों के उच्चाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें सहायक नगर आयुक्त शिवानी सलार, कर अधीक्षक एसपी गुप्ता, निर्माण विभाग के जेई गुरदयाल सिंह, जल संस्थान की एई प्रीति सिंह, पीडब्ल्यूडी से एई दीपा सिंह और सिंचाई विभाग से विपिन सैनी शामिल थे। अधिकारियों ने मौके पर ही जनता की शिकायतों को पंजीकृत कर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। वार्ड संख्या 1 व 2 की मुख्य मांगें-नाला निर्माण: वार्ड 1 के पार्षद प्रतिनिधि अमित कुमार ने मलकपुर चुंगी से न्यू आदर्श नगर और फिर पठारपुरा से होते हुए नदी तक बड़े नाले के निर्माण



की मांग की। उन्होंने बताया कि इस नाले के बिना क्षेत्र को जलभराव से मुक्ति मिलना असंभव है। जलभराव व अवैध कब्जा: वार्ड 2 के पार्षद सचिन कश्यप ने जलभराव की विकट समस्या उठाई। उन्होंने निगम की विवादित भूमि पर हो रहे अवैध कब्जों और वहां संचालित

**❖जल निकासी, नाला निर्माण व अतिक्रमण जैसे मुद्दों की गूंज**

अवैध नर्सरी का कड़ा विरोध करते हुए अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। शिविर में हुई तीखी नोकझोंक...कार्यक्रम के दौरान उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब वार्ड संख्या 14 के पार्षद प्रतिनिधि अनुराग त्यागी अपने समर्थकों के साथ जलभराव की समस्या लेकर पहुंचे। उन्होंने नगर निगम पर वार्ड की अनदेखी का आरोप लगाया। इस दौरान मेयर प्रतिनिधि ललित मोहन अग्रवाल और पार्षद प्रतिनिधि के बीच तीखी बहस हुई। मेयर प्रतिनिधि ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कुछ लोग राजनैतिक द्वेष के चलते शिविर की व्यवस्था को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निगम हर वार्ड के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जा रहा है। मेयर अनीता अग्रवाल ने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि, ष्जनता की समस्याओं का समाधान हमारी



प्राथमिकता है। जल निकासी और नाला निर्माण की फाइलों पर तेजी से कार्य किया जाएगा और अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया जाएगा। मुख्य नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सात दिनों के भीतर समस्याओं की स्टेटस रिपोर्ट पेश की जाए।

# पुलिस ने दबोचे दो वाहन चोर रॉयल इनफील्ड बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जनपद में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत कोतवाली रुड़की पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। चोरी कर अपने शौक पूरे करने वाले दो शातिर वाहन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई रॉयल एनफील्ड बुलेट बरामद की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 20 जनवरी 2026 को वादी मुकदमा हरीश चन्द्र शर्मा पुत्र सुनील शर्मा, निवासी शिवाजी कॉलोनी ढंडेरा, द्वारा कोतवाली रुड़की में एक लिखित तहरीर दी गई। तहरीर में बताया गया कि दिनांक 18 जनवरी 2026 को दोपहर लगभग 3 बजे शिव चौक बुचड़ी फाटक के पास स्थित श्मशान घाट क्षेत्र से उनकी रॉयल एनफील्ड मेट्योर 350 मोटरसाइकिल संख्या न्ज्ञ17ब्- 9544 अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। तहरीर के आधार पर कोतवाली रुड़की में मुकदमा संख्या 25/2026 पंजीकृत किया गया। वाहन चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक मनीष उपाध्याय द्वारा अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की तथा स्थानीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। डिजिटल और मैनुअल पुलिसिंग के संयोजन से प्राप्त सुरागों के आधार पर पुलिस ने गोल चौराहे के पास से दो संदिग्धों को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई रॉयल एनफील्ड मेट्योर 350 मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम, जिशान पुत्र फुरकान, निवासी ढंडेरा, साबरी मस्जिद के पास, कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार , हिमांशु पुत्र सोमपाल, निवासी ढंडेरा, साबरी मस्जिद के पास, कोतवाली रुड़की, जनपद हरिद्वार। पुलिस टीमउप निरीक्षक ध्वजवीर सिंह, हेड कांस्टेबल यूनुस बेग,कांस्टेबल गुलबहार शामिल रहे

## पुलिस ने दो वारंटी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** न्यायालय द्वारा जारी वारण्टों की तामील कर अभियुक्तगण के विरुद्ध गंगनहर पुलिस की निरन्तर प्रभावी कार्यवाही मैं एक वारण्टी को धर दबोचा है। वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चला कर गठित टीम द्वारा फरार चल रहे वारंटी प्रवीण पुत्र वेद प्रकाश निवासी ग्राम माजरी थाना गागलहेड़ी जिला सहारनपुर उम्र 32 वर्ष को भगवानपुर जनपद हरिद्वार से गिरफ्तार किया गया वारंटी को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। आरोपी को पकडने वाली पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक मनीष कवि व कांस्टेबल अर्जुन आदि शामिल शामिल रहे।

### इमाम हुसैन की विलादत पर लंगर बांटकर दिया

# सामाजिक सौहार्द व मोहब्बत का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बृहस्पतिवार को मौला अली इब्ने अबी तालिब (अ.स.) के फरजंद, हजूर-ए-अकरम पैगम्बर मोहम्मद के लख्ते-जिगर, नवासा-ए-रसूल, नौजवानाने जन्नत के सरदार, हक, इंसाफ और कुर्बानी के अमर प्रतीक इमाम हुसैन (अ.स.) की विलादत पूरी अकीदत, एहतराम और खुशी के माहौल में मनाई गई। इस पावन अवसर पर अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसाइटी (रुड़की चैप्टर) की ओर से रामपुर रोड स्थित उमर कॉलोनी के बाहर एक विशाल आम लंगर का आयोजन किया गया। इस नेक पहल में सभी धर्मों के लोगों, आसपास के नागरिकों, स्थानीय दुकानदारों तथा अंजुमन से जुड़े जिम्मेदार साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आयोजन को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर अंजुमन के सचिव कुंवर शाहिद ने बताया कि इमाम हुसैन (अ.स.) का जीवन इंसानियत, सब्र, त्याग और जुल्म के खिलाफ डटकर खड़े रहने की एक अनुपम मिसाल है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में भाईचारे, आपसी मोहब्बत और इंसानी मूल्यों को मजबूत करते हैं और यही इमाम हुसैन (अ.स.) की शिक्षाओं का मूल संदेश है। लंगर कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने राजमा-चावल और देसी घी के हलवे का लंगर ग्रहण किया तथा इमाम हुसैन (अ.स.) के प्रति अपनी गहरी अकीदत, श्रद्धा



और सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर हैदर उर्स आसिफ अली, सुहैल खघन (कैटरर्स), सलमान अहमद, शहजाद अहमद, बिलाल खघन, राशिद अहमद (केबल ऑपरेटर), अमजद अली (ठेकेदार), रामपाल सिंह, साहिल मलिक, शादाब कुरैशी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने वाला सराहनीय प्रयास बताया।

# बच्चों के विवाद में भिडे दो पक्ष, आधा दर्जन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर क्षेत्र के नागल प्लुनी गांव में बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। दोनो पक्षों में लाठी डंडे ईंट पत्थर चले। झगड़े में दोनो पक्षो के 5 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा।

पिरान कलियर थाना क्षेत्र के नागल प्लुनी गांव में मंगलवार को दो पक्षों के बच्चों को बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ़ी की दोनो पक्षो में मारपीट शुरू हो गई। उसके बाद दोनों पक्षो में खूब जमकर लाठी डंडे ईंट पत्थर चलने लगे।गांव में अफरा तफरी मच गई।झगड़े में एक पक्ष रियासत,साहिब और गफ्फार और दूसरे पक्ष की और सेशहजाद और मुजफ्फर घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस और आसपास के लोगों ने मामला शांत कराया। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा।वहीं एक पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर दी गई है। थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के 5 लोग घायल हो गए है। घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया हैं।मामले की जांच की रही हैं।

# बिजली के बिल पर सरचार्ज माफ करने को लेकर लक्सर विद्युत कार्यालय पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** अधिशासी अभियंता कार्यालय विद्युत विभाग लक्सर पर सैकंडो फरियादीयो के साथ कार्यालय पर पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री किया प्रदर्शन बिजली के बल पर सर चार्ज माफ करें राज्य सरकार नहीं तो पब्लिक को साथ लेकर सड़कों पर होगा संग्राम जिसके जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी

पूर्व राज्य मंत्री रविंद्र आनंद ने कहा कि पिछले वर्ष बाढ़ के कारण किसानों मजदूरों व्यापारियों को बाढ़ के कारण बहुत भारी नुकसान हो गया था जिसको सरकार के द्वारा सभी नेताओं ने आकर 3 महीने का बिजली बिल माफ करने की घोषणा की थी उन्होंने कहा बिजली बिल तो माफ बहुत दूर की बात है बिजली के बिलों पर लगा हुआ सर चार्ज भी यह सरकार माफ नहीं कर रही है उन्होंने यह भी कहा कि बिल ₹1000 का और सर चार्ज ₹2000 का इस तरह से बिल किसी के ऊपर 50 हजार किसी के 1 लाख किसी का दो लाख जिसकी आमदनी कुछ भी नहीं है वह कहां से सरकार को बिल देगा उन्होंने कहा या तो उत्तराखंड सरकार लोगों के बिजली बिलों पर लगाया हुआ सर चार्ज माफ कर दे अन्यथा सड़क पर हजारों लोगों के साथ संग्राम होगा जिसकी जिम्मेदारी




सरकार की होगी वहीं फरियादियों में एक महिला के द्वारा कहा गया कि मैं विधवा औरत हूं कहां से बिल जमा करूं कोई आमदनी नहीं है अगर उत्तराखंड सरकार बिजली के बिलों पर लगा हुआ सर चार्ज माफ कर दे तो किसी से मांग कर बिजली का बिल जमा किया जा सकता है

## कलियर में दो बाइक सवार युवक का मोबाइल छीनकर हुए फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर पुल पर बात करते हुए जा रहे एक युवक से दो बाईक सवार युवकों ने झप्पटा मारकर आईफोन छीनकर फरार हो गए।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार मंगलौर निवासी शारिक ने बताया कि बुधवार की रात करीब 9 बजे वह कलियर पुरानी गंगनहर के पुल से पैदल कलियर की ओर जा रहा था। इसी दौरान वह अपने आईफोन फोन से बातचीत कर रहा था। तभी पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवक आए और झपट्टा मारकर उसके हाथ से मोबाइल फोन छीनकर नए पुल से होते हुए कांवड़ पटरी के रास्ते रुड़की की ओर फरार हो गए।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। एसओ रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच कर रही हैं।साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# नौचंदी जुमेरात पर दरगाहों पर उमड़ी जायरीनों की भारी भीड़ उमड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर में नोचन्दी जुमेरात के अवसर पर दरगाह साबिर पाक, दरगाह इमाम साहब, किलकिलि साहब, पीर गैब अली साहब और अब्दाल साहब पर जायरीनों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही जियारत का सिलसिला शुरू हो गया जो देर शाम तक जारी रहा।

नोचन्दी जुमेरात इस्लामी कैलेंडर के अनुसार महीने की पहली जुमेरात होती है, जिसे जायरीन बेहद मान्यता रखते हैं। बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, पंजाब, दिल्ली, सहारनपुर, हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों और जिलों से बड़ी संख्या में जायरीन कलियर पहुंचे और दरगाह साबिर पाक में चादर पेश कर देश में अमन-चौन की दुआएं मांगी।दरगाह परिसर से लेकर पिपल चौक और मुख्य बाजारों तक जायरीनों की भीड़ देखी गई। एसएसआई सुनील पंत ने बताया कि भीड़भाड़ को देखते हुए दरगाह परिसर सहित कई महत्वपूर्ण स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया था।

# पुलिस ने युवक को 315 बोर तमंचा व कारतूस के साथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से हरिद्वार पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत थाना झबरेड़ा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को अवैध अस्लाह के साथ गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद हरिद्वार के निर्देशानुसार जनपद भर में संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों एवं सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 21 जनवरी 2026 को थाना झबरेड़ा पुलिस टीम ग्राम शेरपुर पुलिया के पास चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति की गतिविधियाँ संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर तथा एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके से ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान संसार सिंह पुत्र ऋषिपाल, निवासी ग्राम शेरपुर खेलमऊ, थाना झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रोहित कुमार, हेड कांस्टेबल हरेंद्र सिंह तथा कांस्टेबल नसीबुद्दीन शामिल रहे। स्थानीय स्तर पर पुलिस की इस कार्रवाई को अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## जंगल में चरने गई वनगुर्जर की भैंसें चोरी

**रुड़की।** जंगल में चरने गई वन गुर्जरों की दो भैंसें चोरी हो गई। सीसीटीवी में कुछ लोग भैंसों को लोडर वाहन में ले जाते नजर आए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के तिलकपुरी डेरा निवासी वन गुर्जर सफरूद्दीन ने पुलिस को बताया कि वह पशुपालक है और तिलकपुरी गांव के बाहर जंगल में डेरे पर रहता है। 11 जनवरी को वह अपनी 8 भैंसों को जंगल में चराने के लिए लेकर गया था। इस दौरान कुछ काम पड़ने पर वह भैंसों को चरता हुआ छोड़कर डेरे पर आ गया। कुछ देर बाद जब वह वापस पहुंचा तो उसकी दो भैंस गायब थी।

# आबादी के करीब हाथी दिखने से लोगों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर क्षेत्र में आबादी के समीप जंगली हाथी दिखाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया है। जवाईखेड़ा मोहल्ले बके पास आबादी से सटे खेतों में हाथी के अचानक आ जाने से किसानों और स्थानीय लोगों में भय का माहौल बन गया है। खेतों में काम कर रहे किसानों ने हाथी को देखते ही भागकर अपनी जान बचाई, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई। हाथी की मौजूदगी से किसानों की फसलों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। भय के कारण किसान अपने खेतों में जाने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन हाथी आबादी क्षेत्र में घुस आते हैं, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।स्थानीय लोगों और किसानों ने वन विभाग से हाथी को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़े जाने की मांग की है। रेंजर शैलेंद्र नेगी ने बताया कि हाथी पथरी के जंगल से भटककर आबादी की ओर आ गया है। हाथी की तलाश में वन विभाग की टीम लगी हुई है और उसे सुरक्षित रूप से आबादी से दूर जंगल की ओर भेजा जाएगा।

### बीएसएम इंटर कॉलेज के मैनेजमेंट ने गरीब छात्रो को बाटें स्वेटर

# आर्थिक रूप से गरीब बच्चों की हमेशा संस्थान करता रहा है मदद : ममतेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बी.एस.एम इंटर कॉलेज रुड़की में आज आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को नि:शुल्क स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बी.एस.एम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष, बी.एस.एम इंटर कॉलेज के प्रबंधक परम ममतेश कुमार शर्मा व विशिष्ट अतिथि के रूप में डिग्री कॉलेज के सचिव रजनीश कुमार शर्मा की गरिमामई उपस्थिति रही।

मुख्य अतिथि ममतेश कुमार शर्मा एवं रजनीश कुमार शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष निर्धन गरीब छात्रों को नि:शुल्क स्वेटर वितरित की जाती है। पूर्व में इस नेक कार्य को बी. एस.एम शिक्षण संस्थान के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट, पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार प्रत्येक वर्ष विद्यालय में पढ़ रहे प्रत्येक गरीब छात्र को स्वेटर वितरित किया करते थे अत: उनकी इस सोच को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी इस कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में गरीब परिवारों के छात्र अध्ययनरत हैं कई छात्रों की



पारिवारिक स्थिति ऐसी है कि वे शीतकाल में अपने लिए स्वेटर तक नहीं खरीद सकते अत: ऐसे जरूरतमंद छात्रों को चिन्हित कर प्रबंध समिति द्वारा स्वेटर वितरित की जाती है। गरीब छात्रों के अध्ययन में किसी भी प्रकार की कमी न रहने पाए इसलिए जरूरत

**❖विद्यालय द्वारा छात्रों को निशुल्क अनेकों पाठ्य सामग्रियों को कराया जाता है उपलब्ध**

के अनुसार प्रत्येक छात्र का ध्यान रखा जाता है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने कहा कि विद्यालय में विभिन्न वर्गों के छात्र आते हैं बहुत से ऐसे छात्र हैं जो गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवार में से हैं। ऐसे छात्रों की शिक्षा में उनकी पारिवारिकआर्थिक स्थिति अवरोध पैदा न करे इसलिए छात्रों की हर उस आवश्यकता का ध्यान रखा जाता है जिससे वह अपने अध्ययन को जारी रख सकें। विद्यालय एवं प्रबंध समिति द्वारा छात्रों को निशुल्क अनेकों पाठ्य सामग्रियों को उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि अनेकों गरीब छात्रों की फीस भी माफ की जाती है। इस अवसर पर कार्यक्रम में अमित कपिल, डॉ. अभय ढौंडियाल, प्रमोद कुमार शर्मा, डी. एन. पाण्डेय,



संगीता गौड़, डॉ. उदयन, कमल मिश्रा, विशाल कुमार शर्मा, विकास गौतम, नीरज कुमार वर्मा, विशेष कुमार, जितेश कुमार, विनय कुमार, मोहित कुमार, संजय, देवराज, नितिन मिश्रा, अंकित कौशिक आदि मौजूद रहे।

CMYK

शाह टाइम्स

सम्पादकीय


शुक्रवार, 23 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# राहुल के आरोप

कांग्रेस महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को जिस तरह सरकार ने खत्म किया है, उसको लेकर वह पीएम मोदी पर सीधे निशाना साध रही है। गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय संवाद को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा चाहती है कि देश में लोकतंत्र, संविधान और एक व्यक्ति एक वोट की अवधारणा खत्म हो और आजादी से पहले वाला हिन्दुस्तान फिर से वापस लाया जाए। वह यह भी कहते हैं कि यह इसी सोच का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को मनरेगा के तहत मिले अधिकार को खत्म करने का काम किया है। मनरेगा रोजगार की गारंटी और सम्मान से जीने का अधिकार देता था और इसके पीछे उसकी सोच थी कि जिसे भी काम की जरूरत हो वह सम्मान के साथ व अधिकार के साथ काम मांग सके। कांग्रेस ने साफ किया कि वह सरकार को अपने मिशन में कामयाब नहीं होने देगी और इसके लिए बराबर लड़ेगी। उन्होंने याद भी दिलाया कि अब से पहले मोदी सरकार किसानों के खिलाफ काले कानून लेकर आई थी, जिससे किसानों ने रोक दिया जो अन्याय किसानों के साथ किया जाता था वही मजदूरों के साथ किया जा रहा है। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि किस तरह दबाव के चलते किसानों के तीन काले कानून वापस लिए गए थे। राहुल गांधी मोदी सरकार को किसान विरोधी व मजदूर विरोधी बता रहे हैं। अपने तर्क में वह यह कहते हुए दिखाई देते हैं कि यह सबकुछ पूंजीपतियों के इशारे पर हो रहा है, क्योंकि भाजपा ऐसी व्यवस्था चाहती है जो देश की आजादी से पहले बनी हुई थी। उनकी मंशा है कि हिन्दुस्तान के चुने हुए लोगों के पास शक्ति हो और वह जिस तरह से चाहें देश को चलाएं। मोदी सरकार गरीबों को कुचलने और उन्हें चलाने का अधिकार भाजपा, अडाणी व अंबानी को देना चाहती है। इसके पीछे उसकी सोच यह है कि जब सारे अधिकार उन्हें मिल जाएंगे, तब गरीब पूरी तरह से देश के अमीरों पर निर्भर हो जाएगा। गरीब उनकी बात मानेगा, नहीं मानने पर वह भूखा मरेगा। यही ये लोग चाहते हैं। इसलिए गरीबों के रोजगार का अधिकार देने वाले मनरेगा को खत्म किया गया है। वह देश की आजादी से पहले राजा-महाराजाओं की सरकार जिस तरह चलती थी उसी तरह सरकार चलाना चाहते हैं, जहां संविधान के लिए कोई जगह नहीं है। राहुल गांधी लोगों से आह्वान भी करते हैं वह इस लड़ाई में कांग्रेस का साथ दें। वह पूरे विपक्ष को भी एकजुट रखकर इस लड़ाई को लड़ने की बात भी कह रहे हैं। राहुल गांधी के इन तमाम आरोपों को केवल राजनीति से प्रेरित रहकर खारिज नहीं किया जा सकता। आखिर मनरेगा जैसी योजना में संशोधन की क्या जरूरत थी। उस वक्त तो और भी नहीं जब संशोधन करने की कहीं से भी आवाज न उठ रही हो। मजदूरों को लेकर राजनीति करना ठीक नहीं है।

## मनरेगा बचाने की लड़ाई बहुत लंबी




भाजपा और आरएसएस का संबंध अमीरों से है और गरीबों की पीड़ा को वे नहीं समझते हैं, इसलिए गरीबों को गुलाम बनाए रखने के इरादे से ग्रामीण श्रमिकों के हित की महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) कानून को खत्म करने का कदम उठाया गया है, मनरेगा बचाने की लड़ाई बहुत लंबी है और इस लड़ाई को एक जगह पर बैठकर या सिर्फ नारे लगाकर नहीं लड़ा और जीता जा सकता है, सरकार मनरेगा खत्म करने का कानून संसद के शीतकालीन सत्र में लाई थी और कांग्रेस ने इसका जमकर विरोध किया था, अब जल्द ही बजट सत्र शुरू होने वाला है और कांग्रेस शीतकालीन सत्र की तरह ही बजट सत्र में भी इस मुद्दे को उठाएगी और सरकार के इस कदम का विरोध करेगी, कांग्रेस इस लड़ाई को तब तक लड़ती रहेगी, जब तक इस कानून को बहाल नहीं किया जाता है। **-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

# अंतरिक्ष में वायरस में होने वाले परिवर्तन महत्वपूर्ण अध्ययन का विषय

अंतरिक्ष मानव सभ्यता के लिए केवल तारों और ग्रहों का रहस्यमय विस्तार नहीं है, बल्कि यह जीवन की परिभाषा, उसके व्यवहार और उसके विकास को समझने की एक अनोखी प्रयोगशाला भी है। जैसे-जैसे मनुष्य अंतरिक्ष में अधिक समय बिताने लगा है, वैसे-वैसे यह प्रश्न भी गंभीर होता जा रहा है कि वहां मौजूद सूक्ष्मजीव, विशेष रूप से वायरस, किस प्रकार व्यवहार करते हैं। पृथ्वी पर वायरस पहले से ही जीवन के सबसे रहस्यमय रूपों में गिने जाते हैं, और जब यही वायरस अंतरिक्ष जैसे अत्यधिक भिन्न वातावरण में पहुंचते हैं, तो उनके भीतर होने वाले परिवर्तन वैज्ञानिकों के लिए गहन अध्ययन का विषय बन जाते हैं। अंतरिक्ष में विक. सित या परिवर्तित वायरस को अक्सर स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस कहा जाता है, और यह अवधारणा भविष्य की अंतरिक्ष यात्राओं, मानव स्वास्थ्य और जैविक सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बनती जा रही है।

वायरस पृथ्वी पर हर जगह पाए जाते हैं हवा में, पानी में, मिट्टी में और यहां तक कि हमारे शरीर के भीतर भी। वे जीवित और निर्जीव के बीच की एक अनोखी कड़ी माने जाते हैं, क्योंकि वे स्वयं स्वतंत्र रूप से प्रजनन नहीं कर सकते, बल्कि किसी जीवित कोशिका का सहारा लेते हैं। पृथ्वी का वातावरण, गुरुत्वाकर्षण, तापमान और विकिरण का स्तर वायरस के व्यवहार को प्रभावित करता है, लेकिन अंतरिक्ष में ये सभी कारक नाटकीय रूप से बदल जाते हैं। वहां सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण, तीव्र कॉस्मिक विकिरण, सीमित पोषण और अलग प्रकार की जैविक परिस्थितियां मौजूद होती हैं। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि वायरस भी इन परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने लगें। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर किए गए अनेक प्रयोगों से यह सामने आया है कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में सूक्ष्मजीवों का व्यवहार बदल जाता है। बैक्टीरिया और वायरस दोनों ही अंतरिक्ष में अलग ढंग से बढ़ते और विकसित होते हैं। कुछ अध्ययनों में यह पाया गया है कि अंतरिक्ष में मौजूद वायरस अधिक सक्रिय हो सकते हैं या उनके संक्रमण की क्षमता में बदलाव आ सकता है। यह परिवर्तन किसी जादुई प्रक्रिया का परिणाम नहीं, बल्कि जैविक अनुकूलन की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है। जब कोई जीव या सूक्ष्मजीव नए वातावरण में पहुंचता है, तो उसका जीनोम धीरे-धीरे उन परिस्थितियों के अनुसार ढलने लगता है। कॉस्मिक विकिरण अंतरिक्ष का एक प्रमुख कारक है, जो पृथ्वी के वातावरण में मौजूद ओजोन परत द्वारा काफी हद तक रोका जाता है। अंतरिक्ष में यह सुरक्षा कवच नहीं होता। यह विकिरण वायरस के डीएनए या आरएनए में उत्परिवर्तन कर सकता है। कुछ उत्परिवर्तन वायरस को कमजोर बना सकते हैं, जबकि कुछ उसे अधिक अनुकूल और कभी-कभी अधिक खतरनाक भी बना सकते हैं। यही कारण है कि वैज्ञानिक अंतरिक्ष में वायरस के विकास को लेकर सतर्क रहते हैं।



यह केवल अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य का सवाल नहीं है, बल्कि पृथ्वी पर वापस लौटने वाले अंतरिक्ष यानों के साथ संभावित जैविक जोखिम का भी प्रश्न है। स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस की अवधारणा केवल सैद्धांतिक नहीं है। कई प्रयोगों में देखा गया है कि अंतरिक्ष में रखे गए वायरस पृथ्वी पर लौटने के बाद अपने मूल रूप से कुछ अलग व्यवहार करते हैं। कुछ वायरस अधिक तेजी से कोशिकाओं को संक्रमित करते पाए गए, जबकि कुछ की प्रतिरक्षा प्रणाली से बचने की क्षमता में बदलाव देखा गया। इसका अर्थ यह नहीं है कि हर अंतरिक्ष-विकसित वायरस खतरनाक ही होगा, लेकिन यह अवश्य दर्शाता है कि अंतरिक्ष जैविक विकास को एक नई दिशा दे सकता है। मानव शरीर स्वयं भी अंतरिक्ष में बदलता है। लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने से अंतरिक्ष यात्रियों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर हो सकती है। ऐसे में यदि कोई वायरस अधिक सक्रिय या अनुकूलित रूप में मौजूद हो, तो संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। यही कारण है कि अंतरिक्ष मिशनों में जैविक निगरानी को अत्यधिक महत्व दिया जाता है। अंतरिक्ष यात्रियों के शरीर में मौजूद वायरस, जैसे कि हर्पीस वायरस, अंतरिक्ष में अधिक बार सक्रिय होते देखे गए हैं। यह इस बात का संकेत है कि अंतरिक्ष का वातावरण वायरस और मेजबान दोनों के बीच के संतुलन को बदल सकता है। स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस का अध्ययन केवल जोखिमों तक सीमित नहीं है। इसके सकारात्मक पहलू भी हो सकते हैं। अंतरिक्ष में वायरस के व्यवहार को समझकर वैज्ञानिक नई दवाओं, वैक्सीन और जैव-प्रौद्योगिकी के नए रास्ते खोल सकते हैं। यदि यह समझ में आ जाए कि सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण या विकिरण वायरस की संरचना को कैसे बदलता है, तो उसी ज्ञान का उपयोग पृथ्वी पर रोगों के उपचार में किया जा सकता है। कुछ वैज्ञानिक मानते हैं कि अंतरिक्ष अनुसंधान से प्राप्त जानकारी कैंसर चिकित्सा, जीन थेरेपी और प्रतिरक्षा विज्ञान में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। इसके अतिरिक्त, स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस जीवन की उत्पत्ति से जुड़े प्रश्नों को भी नई दृष्टि से देखने का अवसर देते हैं। कुछ सिद्धांतों के अनुसार, जीवन के मूल घटक अंतरिक्ष से पृथ्वी पर आए होंगे। यदि वायरस अंतरिक्ष में विकसित हो सकते हैं, तो यह संभावना और भी मजबूत होती है कि जीवन के सरल रूप ब्रह्मांड में व्यापक रूप से मौजूद हों। यह विचार हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि पृथ्वी पर जीवन शायद अकेला नहीं है, बल्कि ब्रह्मांड के अन्य हिस्सों में भी सूक्ष्म स्तर पर जीवन पनप रहा हो सकता है। अंतरिक्ष में जैविक सुरक्षा एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। जैसे-जैसे मानव मंगल, चंद्रमा और उससे आगे की यात्राओं की योजना बना रहा है, वैसे-वैसे यह सुनिश्चित करना आवश्यक हो जाता है कि हम अपने साथ पृथ्वी के वायरस को अनियंत्रित रूप से अन्य ग्रहों पर न ले जाएं। इसी प्रकार, किसी अन्य ग्रह से संभावित जैविक तत्वों को पृथ्वी पर लाने से पहले भी सावधानी बरतनी होगी। स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस इस संदर्भ में एक चेतावनी की तरह हैं, जो हमें यह याद दिलाते हैं कि जीवन और जैविक पदार्थ अत्यंत अनुकूलनशील होते हैं। अंतरिक्ष में वायरस का विकास हमें यह भी सिखाता है कि प्रकृति सीमाओं को नहीं मानती। जहां जीवन के लिए परिस्थितियां अत्यंत कठोर प्रतीत होती हैं, वहां भी जैविक तत्व अपने अस्तित्व के रास्ते खोज लेते हैं। यह अनुकूलनशीलता ही जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है। वायरस, जो स्वयं जीवन की सीमाओं पर खड़े होते हैं, अंतरिक्ष में जाकर इस सत्य को और भी स्पष्ट कर देते हैं। भविष्य में स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस पर शोध और अधिक गहन होगा। नई तकनीकों, जैसे कि उन्नत जीनोमिक विश्लेषण और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, की सहायता से वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश करेंगे कि अंतरिक्ष में कौन-से उत्परिवर्तन होते हैं और उनके दीर्घकालिक प्रभाव क्या हो सकते हैं। यह शोध न केवल अंतरिक्ष विज्ञान को आगे बढ़ाएगा, बल्कि पृथ्वी पर मानव स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और जैविक संतुलन को समझने में भी सहायक होगा। अंततः, स्पेस-एवॉल्व्ड वायरस की अवधारणा हमें यह एहसास कराती है कि अंतरिक्ष केवल भौतिक अन्वेषण का क्षेत्र नहीं है, बल्कि यह जैविक और दार्शनिक प्रश्नों का भी मंच है। यह हमें जीवन की नाजुकता और उसकी अद्भुत अनुकूलन क्षमता दोनों से परिचित कराता है। जैसे-जैसे मनुष्य अंतरिक्ष की ओर अपने कदम बढ़ाता जाएगा, वैसे-वैसे यह आवश्यक होगा कि वह न केवल तकनीकी रूप से, बल्कि जैविक और नैतिक रूप से भी तैयार हो। अंतरिक्ष में विक. सित वायरस इस यात्रा के मूक साक्षी हैं, जो हमें लगातार यह याद दिलाते हैं कि जीवन जहां भी जाता है, वहां परिवर्तन और विकास अनिवार्य होते हैं।

**-साभार**

# भू-तापीय ऊर्जा स्वच्छ ऊर्जा की नई दावेदार

**भूकंप का खतरा में मुख्य चिंता हाइड्रोलिक फ्रैक्चरिंग से होने वाले भूकंपों की है। स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया में ऐसे प्रोजेक्ट्स को भूकंपीय गतिविधियों के कारण बंद करना पड़ा था। इस समस्या से निपटने के लिए फेर्वो जैसी कंपनियां अमेरिकी ऊर्जा विभाग के सख्त दिशानिर्देशों का पालन कर रही हैं। वे लगातार भूकंपीय गतिविधियों की निगरानी करती हैं और अगर झटके सुरक्षित सीमा से अधिक होते हैं, तो संचालन बंद कर देती हैं। बोरहोल ड्रिलिंग की लागत बहुत अधिक होती है-प्रति बोरहोल लाखों डॉलर। हालांकि ड्रिलिंग तकनीकों में तेल और गैस उद्योग से प्रेरित हुए सुधार ने EGS को अधिक दक्ष और किफायती बना दिया है।**

लंबे समय तक नजरअंदाज की गई भूतापीय ऊर्जा इन दिनों स्वच्छ ऊर्जा का एक आशाजनक विकल्प बनकर उभर रही है। जहां अमेजॉन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी टेक्नो-कंपनियां हाल ही में परमाणु ऊर्जा समझौतों के लिए सुर्खियां बटोर रही हैं, वहीं मेटा और गूगल जैसी कंपनियां नई पीढ़ी की भूतापीय तकनीक में भारी निवेश कर रही हैं। दरअसल, पारंपरिक भूतापीय प्रणालियां धरती के गर्भ में मौजूद प्राकृतिक गर्म पानी के चश्मों पर निर्भर हैं। दूसरी ओर, नई पीढ़ी की भूतापीय प्रणाली, जिन्हें एन्हांस्ड जियोथर्मल सिस्टम्स कहा जाता है, में जमीन में कई किलोमीटर गहरी बोरिंग करके पानी और रेत को उच्च दबाव पर डालकर चट्टानों में दरारें बनाई जाती हैं। इन दरारों से पानी गुजरते हुए चट्टानों की गर्मी से तपता है और भाप के रूप में सतह पर लौटता है। इस भाप का उपयोग बिजली बनाने में किया जाता है। वास्तव में, नई पीढ़ी की भूतापीय तकनीक को बढ़ावा देने में कंपनियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। ह्यूस्टन स्थित फेर्वो एनर्जी कंपनी ऊटा में 2000 मेगावॉट क्षमता का भूतापीय संयंत्र बना रही है। यह क्षमता दो बड़े परमाणु रिएक्टरों के बराबर है। 2028 तक यह संयंत्र गूगल जैसे ग्राहकों को 400 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति करेगा।

मेटा के साथ साझेदारी में सेज जियोसिस्टम्स, 2027 तक मेटा के डैटा सेंटर्स को 150 मेगावॉट तक भूतापीय ऊर्जा प्रदान करने वाली है। कनाडाई कंपनी एवर फ्रैंकिंग (चट्टान तोड़े) बगैर क्लोज्ड-लूप प्रणाली बनाएगी, जिसमें पानी भूमिगत सील्ड पाइपों में घूमता है। एवर का पहला व्यावसायिक संयंत्र जर्मनी में



अगले वर्ष से शुरू होगा, जो स्थानीय कस्बों को ऊष्मा और बिजली की आपूर्ति करेगा।

**चुनौतियां और समाधान**

भूकंप का खतरा में मुख्य चिंता हाइड्रोलिक फ्रैक्चरिंग से होने वाले भूकंपों की है। स्विट्जरलैंड और दक्षिण कोरिया में ऐसे प्रोजेक्ट्स को भूकंपीय गतिविधियों के कारण बंद करना पड़ा था। इस समस्या से निपटने के लिए फेर्वो जैसी कंपनियां अमे. रिकी ऊर्जा विभाग के सख्त दिशानिर्देशों का पालन कर रही हैं। वे लगातार भूकंपीय गतिविधियों की निगरानी करती हैं और अगर झटके सुरक्षित सीमा से अधिक होते हैं, तो संचालन बंद कर देती हैं।

**लागत की चुनौती**

बोरहोल ड्रिलिंग की लागत बहुत अधिक होती है-प्रति बोरहोल लाखों डॉलर। हालांकि ड्रिलिंग तकनीकों में तेल और गैस उद्योग से प्रेरित हुए सुधार ने EGS को अधिक दक्ष और किफायती बना दिया है। साथ ही, भूतापीय ऊर्जा की एक बड़ी खासियत है कि यह दिन-रात लगातार बिजली बनाती है। यह स्थिरता इसे सौर और पवन जैसे अनियमित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का महत्वपूर्ण पूरक बनाती है।

**बाजार और संभावनाएं**

भूतापीय ऊर्जा की सफलता काफी हद तक भौगोलिक स्थिति पर निर्भर करती है। जिन क्षेत्रों में ज्वालामुखीय गतिविधि अधिक हैं या जहां पृथ्वी की पर्पटी पतली है जैसे पश्चिमी अमे. रिका वहां गर्म चट्टानें सतह के करीब होती हैं, जिससे ऊर्जा उत्पादन आसान और किफायती हो जाता है। अध्ययन बताते हैं कि अगर ऊर्जा संयंत्रों को बदलती ऊर्जा मांगों के अनुसार अनुकूल बनाया जाए, तो पश्चिमी अमेरिका में भूतापीय ऊर्जा परमाणु ऊर्जा की तुलना में अधिक किफायती हो सकती है। बहरहाल, भूतापीय ऊर्जा के सामने अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन यह सतत और स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करने की क्षमता रखती है, जो इसे भविष्य के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती है।

**-स्रोत फीचर्स**

# साइबर अपराध का बढ़ता आतंक और लाचार सरकारी तंत्र



रजनीश कपूर

साइबर अपराध आज की डिजिटल दुनिया में एक ऐसी महामारी बन चुका है जो न केवल आम आदमी की मेहनत की कमाई को चंद मिनटों में उड़ा देता है, बल्कि समाज के सबसे कमजोर वर्गोंरू बुजुर्गों और अशिक्षितोंको भी अपना शिकार बनालेता है। हाल ही में दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में रहने वाले एक बुजुर्ग एनआरआई दंपत्ति, ओम तनेजा और डॉ. इंदिरा तनेजा, के साथ हुई घटना इसकी एक दर्दनाक मिसाल है। यह दंपत्ति अमेरिका से 2014 में अपनी मातृभूमि की सेवा करने के इरादे से भारत लौटे थे, लेकिन साइबर ठगों ने उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर दो सप्ताह से अधिक समय तक मानसिक रूप से प्रताड़ित कर 14.85 करोड़ रुपये ठग लिए। यह दिल्ली में हुई अब तक के सबसे बड़े साइबर फ्रॉड मामलों में से एक है, जहां ठगों ने खुद को दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई), मुंबई पुलिस और सीबीआई अधिकारी बताकर दंपति को मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग्स से जुड़े झूठे आरोपों में फंसाया। इस घटना ने न केवल इस दंपत्ति की जीवनभर की बचत छीन ली, बल्कि पूरे देश में साइबर सुरक्षा की कमजोरियों को उजागर कर दिया है।



इस मामले में मुंबई पुलिस और सीबीआई के फर्जी अधिकारियों ने उन्हें डर धमका कर 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा, जहां वे घर से बाहर नहीं निकल सकते थे और लगातार निगरानी में रहने को मजबूर थे। ठगों ने धमकी दी कि अगर वे सहयोग नहीं करेंगे, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा और उनके बच्चे भी फंस जाएंगे। दंपत्ति, जो शिक्षित और अमेरिका में दशकों तक काम कर चुके थे, डर के मारे इनकी हर गैरकानूनी शर्तों पर सहमत हो गए। उन्होंने अपनी म्यूचुअल फंड और बचत खातों से 8 अलग-अलग ट्रांसफर में 14.85 करोड़ रुपये 'वेरिफिकेशन' के नाम पर ठगों के खातों में ट्रांसफर कर दिए, जिसमें हर ट्रांसफर लगभग 2 करोड़ का हुआ। गौरतलब है कि यह कोई इकलौता मामला नहीं है, भारत में 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2022 से 2024 के बीच ऐसे मामले तीन गुना बढ़कर 1,23,000 हो गए और पीड़ितों से करोड़ों रूपए ठगे गए। उदाहरण के तौर पर, मुंबई में एक 86 वर्षीय महिला से 20 करोड़ रुपये ठगे गए, जहां ठगों ने खुद को अधिकारियों के रूप में पेश किया। बेंगलुरु में एक महिला टेकी से 32 करोड़ रुपये की ठगी हुई, जो इनसाइडर ट्रेडिंग और इन्वेस्टमेंट स्कैम से जुड़ी थी। मुंबई में एक 72 वर्षीय व्यवसाई और उनकी पत्नी से 58 करोड़ रुपये उड़ाए गए, जहां ठगों ने उन्हें दो महीने तक 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा। दिल्ली में ही एक और बुजुर्ग व्यवसाई महिला से 6।9 करोड़ रुपये ठगे गए। यह मामले दिखाते हैं कि ठग बुजुर्गों और शिक्षितों को निशाना बनाते हैं, क्योंकि वे डर और अकेलेपन का फायदा उठाते हैं।

कुल मिलाकर, 2025 में केवल दिल्ली में ही 1,250 करोड़ रुपये की साइबर ठगी हुई और पूरे भारत में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। सवाल उठता है कि आज के टेक्निकल युग में देश का सिस्टम क्यों फेल हो रहा है? अपराधी मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्व एशियाकंबोडिया, म्यांमार, लाओस और चीनसे ऑपरेट करते हैं, जहां वे भारतीयों को ट्रैफिक कर 'स्लेव कंपाउंड्स' में साइबर अपराध करवाते हैं। फर्जी कॉल्स, फेक आईडी और एआई का इस्तेमाल कर वे भारतीय सिस्टम को चकमा देते हैं। जानकारों के अनुसार, भारतीय पुलिस में कुशल कर्मचारियों की कमी, पुरानी इंफ्रास्ट्रक्चर और कानूनी खामियां इसका एक बड़ा कारण हैं। जांच धीमी है, क्योंकि अपराध सीमा पार से हो रहे हैं और पैसा विदेशी खातों में जाता है। बैंक वाले ट्रांसफर को रोकने में असफल रहते हैं, क्योंकि पीड़ित खुद ही पैसा ट्रांसफर करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि बिना अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के अपराधियों को पकड़ना मुश्किल है। अपराधी कम जोखिम में ज्यादा कमाई करते हैं और पकड़े जाने की दर काफी कम है। सोचने वाली बात है कि क्या सरकार केवल जागरूकता फैलाने तक ही सीमित है? नहीं, लेकिन सरकार द्वारा किए जाने वाले प्रयास अपर्याप्त हैं। गृह मंत्रालय ने इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर I4C स्थापित किया है, जहां नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल और हेल्पलाइन 1930 काम करते हैं। अब तक 9.42 लाख सिम और 2।63 लाख आईएमईआई ब्लॉक किए गए। सिटीजन फाइनेंशियल साइबर फ्रॉड रिपोर्टिंग सिस्टम ने 5,489 करोड़ रूपए बचाए। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में जागरूकता फैलाई और विज्ञापन, रेडियो, मेट्रो में अभियान चलाए। 26 दिसंबर 2025 को इंटर-डिपार्टमेंटल कमिटी बनी, जो गूगल, व्हाट्सएप जैसी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है। फाइनेंशियल फ्रॉड के लिए नई एसओपी बनी और एआई-बेस्ड फ्रॉड डिटेक्शन पर जोर दिया जाने लगा। लेकिन शायद इतना सब भी काफी नहीं। इसके लिए कड़े चेक सिस्टम होने चाहिए। बैंक में असामान्य ट्रांसफर पर अलर्ट और अंतर्राष्ट्रीय समझौतों जैसे यूएन साइबरक्राइम ट्रीटी को दृढ़ करना भी जरूरी है। गौरतलब है कि ऐसे में आम आदमी क्या करे? सबसे पहले, याद रखें कि भारत में 'डिजिटल अरेस्ट' जैसा कोई कानून नहीं है। कोई कॉल आए तो उसकी जांच करें, पुलिस स्टेशन जाकर सूचना दें और इसे चेक करें। किसी भी स्थिति में पैसे ट्रांसफर न करें, ओटीपी शेयर न करें। अपने घर परिवार में बुजुर्गों को शिक्षित करें, अकेले न छोड़ें। सरकारी जागरूकता अभियान के अनुसार यदि आप भी साइबर फ्रॉड के शिकार होते हैं तो तुरंत 1930 पर कॉल करें या cyber-crime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। बैंक को सूचित कर ट्रांसफर फ्रीज करवाएं। एफआईआर दर्ज कराएं और कोर्ट ऑर्डर से पैसा वापस पा सकते हैं। जैसे कि बेंगलुरु में एक दंपत्ति ने अपने 1.4 करोड़ रिकवर किए। जागरूकता फैलाएं, क्योंकि परहेज इलाज से बेहतर होता है। ऐसी घटनाएं साइबर अपराध की गंभीरता दर्शाती है। सरकार को जागरूकता से आगे बढ़कर सख्त चेक सिस्टम, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और तकनीकी अपग्रेडेशन पर फोकस करना चाहिए। अन्यथा, 'डिजिटल इंडिया' का सपना एक डरावना सपना बन जाएगा। आम आदमी की सुरक्षा राज्य की जिम्मेदारी है, समय है कड़े कदम उठाने का।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यूरोपीय यूनियन ने भारत से रक्षा समझौते को दी मंजूरी

## अगले हफ्ते दिल्ली में डील होगी, ईयू बोलाः आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने भारत के साथ नए रक्षा समझौते (सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट) को मंजूरी दे दी है। अगले हफ्ते नई दिल्ली में होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में इस पर साइन होंगे। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने यूरोपीय संसद में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा यह साझेदारी एक बड़े रणनीतिक एजेंडे का हिस्सा होगी।

इस एजेंडे में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), डिफेंस एंड सिक्योरिटी डील, साइबर सिक्योरिटी, समद्री सुरक्षा और काउंटर टेररिज्म शामिल है। यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन भारत आ रहे हैं। वे 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। भारत-ईयू शिखर सम्मेलन अगले दिन 27 जनवरी को होगा। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने



■ ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट को मंजूरी देने का ऐलान किया

सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट को मंजूरी देने का ऐलान किया। कलास ने बताया कि भारत और ईयू के बीच सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट से आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि इससे समुद्री सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी जैसे सेक्टर्स में सहयोग बढ़ेगा। कलास ने कहा कि यूरोप भारत के साथ एक नए और मजबूत एजेंडे पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत, यूरोप की आर्थिक मजबूती के लिए बहुत जरूरी होता जा रहा है। भारत आ रहे ईयू के प्रतिनिधिमंडल में लगभग 90 सदस्य शामिल होंगे। इनमें काजा कलास, ट्रेड कमिश्नर मारोस सेफकोविक और कई डायरेक्टर्स रहेंगे। भारत और ईयू के बीच 27 जनवरी को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर साइन हो सकते हैं। इसके लिए दोनों देश कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करेंगे। पहले यूरोपीय संसद को हां करनी होगी। यूरोपीय काउंसिल की मंजूरी के बाद ट्रेड कमिश्नर सेफकोविक इसे भारत के सामने साइन के लिए पेश करेंगे। समिट के दौरान भारत और ईयू 2030 तक के लिए एक राजनीतिक एजेंडा भी पेश करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिलहाल दोनों देश अभी कार्बन बार्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (सीबीएएम) जैसे विवादित मुद्दों पर सहमति बनाने के लिए बात कर रहे हैं। सीबीएएम के तहत स्टील और सीमेंट जैसे उत्पादों पर कार्बन टैरिफ के लिए बनाए गए नियम है। अगर कोई देश बहुत प्रदूषण करके सामान बनाता है। फिर उसे यूरोप में लाया जाता है, तो यूरोप उस पर अतिरिक्त टैक्स लगाता है। ईयू ने इस पालिसी को लेकर अब तक कोई बदलाव नहीं किया है। दोनों देश इसका हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं। कलास ने कहा है कि आज की खतरनाक दुनिया में मिलकर काम करना दोनों के लिए फायदेमंद होगा। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से बाजार खुलेगा, जिससे देशों के सामान पर टैक्स और रुकावटें कम होंगी। इसकी वजह से ज्यादा कंपनियां और व्यापारी एक-दूसरे के देश में सामान बेच और खरीद सकते हैं।



जम्मू। गणतंत्र दिवस से पहले जम्मू-अखनूर-पूंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर गश्त करते सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सदस्य संख्या 15 से 25 की जाएः भारत

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समयबद्ध सुधारों को लागू करने में हो रही देरी के प्रति आगाह करते हुए सुझाव दिया है कि अफ्रीका एवं एशिया प्रशांत को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने के लिए स्थाई तथा अस्थाई सीटों की संख्या बढ़ाकर 15 से 25 की जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने बुधवार को जी-4 (भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान) की ओर से बयान देते हुए कहा कि सुरक्षा परिषद में उन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व बधया जाना चाहिए जिनका प्रतिनिधित्व नहीं है या बहुत कम है।

## ग्रीस में खराब मौसम के कारण दो लोगों की मौत

**एथेंस।** ग्रीस में खराब मौसम के कारण बुधवार को दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार दक्षिणी ग्रीस के पेलोपोन्नीस पेनिनसुला में एस्ट्रोस किनौरियास बंदरगाह पर तेज लहरों में बह जाने और सिर में गंभीर चोटें आने के कारण एक तटरक्षक अधिकारी की मौत हो गई। ग्रीक नेशनल ब्रॉडकास्टर ईआरटी ने बताया कि दक्षिणी एथेंस के सबअर्ब ग्लीफाडा में बाढ़ के पानी में एक महिला की कार बह जाने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि देश के बड़े हिस्से मौसम के इस बदलाव से प्रभावित हुए जिससे भारी बारिश, तेज हवाएं और पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई। एटिका सहित कम से कम छह इलाकों को 'रेड कोड' इमरजेंसी की स्थिति में रखा गया और निवासियों को अलर्ट मिले जिनमें उनसे घर के अंदर रहने और आधिकारिक निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर एटिका और अन्य प्रभावित इलाकों में स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया। पूरे देश में यातायात में रुकावट की खबरें आईं, कई गाड़ी चलाने वाले बुरी तरह प्रभावित इलाकों में फंस गए जबकि देश भर के बंद. रगाहों पर नाव सेवाएं रोक दी गई।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का यू-टर्न

## यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ नहीं लगाएंगे, ग्रीनलैंड समझौते पर नाटो चीफ के साथ की बातचीत

**दावोस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने से पीछे हट गए हैं। ये टैरिफ 1 फरवरी से लगने वाले थे। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दावोस में नाटो चीफ जनरल मार्क रुट के साथ बातचीत के बाद यह फैसला लिया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनकी नाटो चीफ के साथ ग्रीनलैंड को लेकर होने वाले समझौते की बुनियादी बातें तय हो गई हैं। अगर यह समझौता पूरा होता है, तो यह अमेरिका और नाटो के सभी देशों के लिए फायदेमंद होगा। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका, नाटो और दूसरे देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे, जिसमें ग्रीनलैंड भी शामिल रहेगा।

हालांकि ट्रम्प ने इस समझौते की पूरी जानकारी देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि मामला थोड़ा मुश्किल है और इसकी पूरी जानकारी बाद में दी जाएगी। ट्रम्प और नाटो के बीच ग्रीनलैंड फ्रेमवर्क के तहत कई बिंदुओं पर सहमति बनी है। इसके तहत ग्रीनलैंड और पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा नाटो और अमेरिका मिलकर करेंगे। ट्रम्प ने पत्रकारों से कहा कि यह डील जल्द सार्वजनिक की जाएगी। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को ग्रीनलैंड में कुछ सीमित इलाकों में अपने सैन्य ठिकाने बनाने की अनुमति मिलेगी। इन ठिकानों का इस्तेमाल जमीन, समुद्र और हवा तीनों मोर्चों पर निगरानी और रक्षा के लिए होगा। इसके साथ ही नाटो, अमेरिका के प्रस्तावित 'गोल्डन डोम' मिसाइल डिफेंस सिस्टम में भी सहयोग करेगा। फेमवर्क में यह भी शामिल है कि ग्रीनलैंड के खनिज संसाधनों पर अमेरिका के साथ साझेदारी होगी। रूस और चीन को इस इलाके में आर्थिक या सैन्य पकड़ बनाने से रोका जाएगा। सीबीएस न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस समझौते में अमेरिका के ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण या मालिकाना हक में लेने की कोई बात नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, इस ढांचे के तहत ग्रीनलैंड की सुरक्षा मौजूदा 1951 के अमेरिका-डेनमार्क समझौते से भी ज्यादा मजबूत की जाएगी। 1951 में अमेरिका और डेनमार्क के बीच एक रक्षा समझौता हुआ था। इसके तहत अमेरिका को ग्रीनलैंड में सैन्य ठिकाने बनाने की इजाजत मिली थी। उस समय कई बेस बने, लेकिन आज सिर्फ एक बेस पिटुफिक स्पेस बेस एक्टिव है। सीबीएस न्यूज के सूत्रों के मुताबिक इस समझौते के तहत सबसे अहम बात ये होगी कि अमेरिका, ग्रीनलैंड का मालिक नहीं बनेगा। वह हर फैसले डेनमार्क और ग्रीनलैंड की सहमति से ही लेगा। नाटो ने भी इस समझौते के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। गठबंधन की प्रवक्ता एलिसन हार्ट ने कहा कि ट्रम्प और मार्क रुट की मुलाकात बहुत फायदेमंद रही। उनके मुताबिक, आगे होने वाली बातचीत का मकसद यही होगा कि नाटो के देश मिलकर आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करें। साथ ही डेनमार्क, ग्रीनलैंड और अमेरिका के बीच बातचीत जारी रहेगी, ताकि रूस और चीन ग्रीनलैंड में कभी भी कोई ठिकाना न बना सकें। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुस. ेन ने भी बयान जारी कर कहा कि दिन की शुरुआत भले अच्छी नहीं रही हो, लेकिन अंत बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि डेनमार्क इस बात का स्वागत करता है कि ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को बलपूर्वक लेने की बात से इनकार किया और यूरोप के साथ व्यापार युद्ध को फिलहाल रोक दिया। ट्रम्प ने ट्रुथ पर लिखा कि ग्रीनलैंड से जुड़े गोल्डन डोम मामले पर और चर्चा जारी है।



■ अमेरिका, नाटो और दूसरे देश मिलकर पूरे आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा पर काम करेंगे जिसमें ग्रीनलैंड भी शामिल रहेगाः ट्रम्प

### ट्रम्प ने जंग सुलझाने वाला बोर्ड ऑफ पीस किया लॉन्च


■ पाकिस्तानी पीएम मौजूद थे भारत से कोई नहीं, 60 देशों को न्योता भेजा 20 पहुंचे

**दोहा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को दावोस में जंग सुलझाने के लिए बनाए गए 'बोर्ड आफ पीस' को लान्च किया। उन्होंने कहा कि इस बोर्ड का शुरुआती मकसद गाजा में हुए युद्धविराम को मजबूत करना है, लेकिन आगे चलकर यह दूसरे ग्लोबल विवादों में भी भूमिका निभा सकता है। व्हाइट हाउस ने इस बोर्ड में शामिल होने के लिए 60 देशों को न्योता भेजा था, लेकिन सिर्फ 20 देश ही हस्ताक्षर समारोह में मौजूद रहे। इसमें पाकिस्तान पीएम शहबाज शरीफ के अलावा सऊदी अरब, कतर, यूएई, अर्जेंटीना और पराग्वे के नेता मौजूद थे। भारत से कोई हस्ताक्षर समारोह में शामिल नहीं हुआ। वहीं अमेरिका के सहयोगी माने जाने वाले ज्यादातर यूरोपीय देश भी इस समारोह से गायब रहे। पहले माना जा रहा था कि कार्यक्रम में 35 देशों के नेता शामिल हो सकते हैं। ट्रम्प ने पिछले साल सितम्बर 2025 में पहली बार गाजा युद्ध खत्म करने की योजना पेश करते हुए इस बोर्ड का प्रस्ताव रखा था। ट्रम्प के साथ मंच पर कई देशों के नेता मौजूद रहे। तस्वीर में ट्रम्प इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो। ट्रम्प ने पहली बार पिछले साल सितम्बर 2025 में गाजा युद्ध खत्म करने की योजना पेश करते हुए इस बोर्ड का प्रस्ताव रखा था।

## यूरोपीय देशों के राजदूतों से मिले एस. जयशंकर

**नई दिल्ली।** यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन की अगले सप्ताह भारत यात्रा से पहले विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने गुरुवार को यहां यूरोपीय संघ के देशों के राज. दूतों के साथ मुलाकात की और वैश्विक परिस्थितियों पर चर्चा की। यूरोपीय राजनयिकों के साथ मुलाकात के बाद डा. जयशंकर ने कहा कि दुनिया भर में मौजूदा अस्थिरता और अनिश्चितता के माहौल में भारत और यूरोपीय संघ के बीच मजबूत संबंध जरूरी हैं।

इन संबंधों से वैश्विक व्यवस्था को स्थिरता मिलेगी। विद. ेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि आज यूरोपीय संघ के देशों के राजदूतों के साथ बातचीत कर खुशी हुई। उनसे दुनिया की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की, जहां अस्थिरता और अनिश्चितता नई सामान्य स्थिति बन गई है। उन्होंने कहा कि बात. चीत में उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत संबंधों की आवश्यकता पर बल दिया। डा. जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच संबंध मजबूत आपूर्ति शृंखलाओं पर सहयोग के माध्यम से वैश्विक अर्थव्यवस्था के जोखिम को कम करेंगे, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत, समुद्री डकैती रोधी



■ विदेश मंत्री ने कहा भारत-यूरोपीय संघ संबंधों से वैश्विक व्यवस्था होगी स्थिर

अभियानों और विकास परियोजनाओं जैसे सार्वजनिक हित के कार्यों के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में भरोसा जगाएंगे और व्यापार, आवागमन तथा सुरक्षा साझेदारी को सशक्त बनाकर वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करेंगे। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर कोस्टा और सुडेर लेयन की यात्रा का भारत में उत्सुक्ता से इंतजार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि यूरोपीय संघ के दोनों शीर्ष नेता इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। इसके बाद वे 27 जनवरी को संयुक्त रूप से भारत-यूरोपीय शिखर सम्मेलन की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सह-अध्यक्षता करेंगे।

# बांग्लादेश में पाक समर्थक इस्लामिक पार्टी सरकार बनाएगी!

**ढाका।** बांग्लादेश में अगले महीने होने वाले आम चुनाव में एक बड़ा राजनीतिक उलटफेर देखने को मिल सकता है। लंबे समय तक राजनीति से बाहर रही पाकिस्तान समर्थक कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी पहली बार सरकार बनाने के बेहद करीब पहुंचती नजर आ रही है।

हाल ही में हुए दो अलग-अलग सर्वे में जमात देश की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वह पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को कड़ी टक्कर दे रही है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को 300 सीटों संसदीय पर आम चुनाव होंगे। जमात-ए-इस्लामी वही पार्टी है जिसने 1971 में बांग्लादेश की

■ जमात-ए-इस्लामी सर्वे में दूसरे नंबर पर पहुंची देश की आजादी का विरोध किया था

आजादी का विरोध किया था और पाकिस्तानी सेना का साथ दिया था। देश की आजादी के बाद 1972 में इस पर बैन लगा दिया गया था। यह बैन 1975 में हटाया गया और 1979 में जियाउर रहमान के शासन में पार्टी को चुनाव में भाग लेने की अनुमति मिली। अमेरिकी संस्था इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीटयूट (आईआरआई) ने दिसम्बर में कराए गए एक सर्वे में बताया था कि बीएनपी को 33 प्रतिशत और जमात को 29 प्रतिशत लोगों का समर्थन मिला है। वहीं जनवरी में किए गए एक जाइंट सर्वे में बीएनपी को 34.7 प्रतिशत और जमात को 33.6 प्रतिशत समर्थन मिला था। यह सर्वे नरेटिव, प्रोजेक्शन बीडी, इंटरनेशनल इंस्टीटयूट आफ ला एंड डिप्लोमेसी (आईआईएलडी) और जगोरन फाउंडेशन ने मिलकर किया था। जमात के प्रमुख शफीकुर रहमान का कहना है कि उनकी पार्टी अब विरोध और टकराव की राजनीति नहीं बल्कि लोगों के हितों की राजनीति कर रही है। उन्होंने मेडिकल कैंप लगाने, बाढ़ पीड़ितों की मदद करने और आंदोलन में मारे गए लोगों के परिवारों को सहायता देने की बात कही। एक्सपट्र्स का मानना है कि लोगों में पिछली सरकार की नीतियों को लेकर गुस्सा है, जिसका फायदा जमात को मिला।

# भारत को टैरिफ से ज्यादा पाल्यूशन से खतराः हार्वर्ड प्रोफेसर

## गीता गोपीनाथ ने कहाः हर साल 17 लाख लोग मर रहे, फिर भी ध्यान नहीं

**दावोस।** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर गीता गोपीनाथ ने पाल्यूशन को भारत के लिए टैरिफ से ज्यादा बड़ा खतरा बताया है। उन्होंने ये बयान दावोस में भारतीय मीडिया से बात करते हुए दिया। गीता यहां वर्ल्ड इकोनामिक फोरम की मीटिंग में शामिल होने पहुंची थीं। उन्होंने कहा कि जब नए कारोबार और आर्थिक विकास की बात होती है, तो चर्चा ज्यादातर व्यापार, टैरिफ और नियमों तक सीमित रहती है, जबकि प्रदूषण को उतनी अहमियत नहीं दी जाती।

उन्होंने कहा कि भारत में प्रदूषण एक बड़ी चुनौती है और इसका असर अब तक लगाए गए किसी भी टैरिफ से कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड बैंक की 2022 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल करीब 17 लाख लोगों की मौत प्रदूषण के कारण होती है। यह देश में होने वाली कुल मौतों का लगभग 18 प्रतिशत है। गीता गोपीनाथ ने बताया कि इतनी बड़ी संख्या में लोगों की मौत से परिवारों पर असर पड़ता है, कामकाजी



■ वर्ल्ड बैंक की 2022 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल करीब 17 लाख लोगों की मौत प्रदूषण के कारण होती है

लोगों की संख्या घटती है और देश के लंबे समय के विकास को नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण की वजह से लोगों की काम करने की क्षमता घटती है, इलाज पर खर्च बढ़ता है और देश की आर्थिक गतिविधियों पर बुरा असर पड़ता है। इससे विकास की रफ्तार धीमी होती है। गीता गोपीनाथ ने कहा कि प्रदूषण सिर्फ भारत की अंदरूनी समस्या नहीं है, बल्कि यह उन विदेशी निवेशकों के लिए भी चिंता का विषय है जो भारत में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे हैं। गीता गोपीनाथ ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय निवेशक जब भारत में कारोबार शुरू करने और यहां रहने की योजना बनाते हैं, तो वे पर्यावरण को भी ध्यान में रखते हैं। खराब हवा और खराब रहने की स्थिति, खासकर स्वास्थ्य से जुड़े खतरे, निवेशकों को रोक सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यह चिंता उन भारतीयों के लिए और भी ज्यादा है जो रोज प्रदूषित शहरों में रहते और काम करते हैं। प्रदूषण पर कंट्रोल और नियमों में ढील जैसे मुद्दों पर तुरंत पालिसी लेवल पर कदम उठाने की जरूरत है। भारत जब खुद को एक ग्लोबल आर्थिक और मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के तौर पर पेश कर रहा है, तब ये बातें साफ करती हैं कि साफ शहर और बेहतर जीवन स्थितियां बहुत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण से निपटना सिर्फ पर्यावरण से जुड़ा मामला नहीं है, बल्कि यह लोगों की जान बचाने, आर्थिक विकास बढ़ाने और भारत को विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक बनाने से जुड़ा है। भारत में वायु प्रदूषण अब सिर्फ एक पर्यावरण की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह लोगों की जान और देश की अर्थव्यवस्था दोनों के लिए बड़ा खतरा बन चुका है। अंतर्राष्ट्रीय रिपोर्ट लैंसेट काउंटडाउन आन हेल्थ एंड क्लाइमेट चेंज ने 29 अक्टूबर 2025 को जारी रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2022 में भारत में पीएम 2.5 नामक बारीक प्रदूषक कणों के कारण 17 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई। ये 2010 के मुकाबले 38 प्रतिशत ज्यादा हैं। इनमें से करीब 44 प्रतिशत मौतें कोयला और पेट्रोलियम जैसे जीवाश्म ईंधनों (फासिल फ्यूल) के जलने से हुई।

# ग्रीनलैंड पर 50 साल पुरानी दलील से फंसा डेनमार्क

## अमेरिका ने हमला किया, तो नाटो दूर रहेगा, एक्सपर्ट बोलेः यह डेनमार्क के कर्मों का फल

**नुउक।** डेनमार्क इस समय एक अजीब और मुश्किल हालात में फंसा हुआ है। उसका सामना किसी दुश्मन देश से नहीं, बल्कि अपने ही सहयोगी देश अमेरिका से है। राष्ट्रपति ट्रम्प ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कई धमकियां दे चुके हैं।

ग्रीनलैंड आधिकारिक तौर पर डेनमार्क का हिस्सा है और वह भी अमेरिका की तरह नाटो मेंबर है। यानी ऐसे हालात पैदा हो गए हैं जहां पर नाटो का ही एक मेंबर देश, दूसरे मेंबर देश को मिलिट्री एक्शन की धमकी दे रहा है। डेनमार्क की ऐसी हालात को लेकर ग्रीस के पूर्व वित्त मंत्री और अर्थशास्त्री यानिस वारोफाकिस ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यह ग्रीनलैंड के कर्मों का फल है। उन्होंने कहा कि नाटो बाहरी दुश्मनों से बचाने के लिए है, लेकिन भीतर के दुश्मनों से हिफाजत के लिए नहीं है। जब 1974 में नाटो के दो मेंबर देशों ग्रीस और तुर्की के बीच साइप्रस को लेकर जंग के हालात बने थे, तब डेनमार्क ने यह कहा था कि नाटो का काम किसी मेंबर देश को दूसरे मेंबर देश से बचाना नहीं है। नाटो की स्थापना 1949 में सोवियत संघ से बचाव के लिए हुई थी।

इसके नियमों का आर्टिकल-5 कहता है कि अगर किसी एक सदस्य पर हमला होता है, तो उसे सभी पर हमला माना जाएगा। लेकिन समस्या यह है कि अगर हमला नाटो के अंदर से ही हो, तो क्या होगा? इस पर नाटो के नियम साफ नहीं हैं। ट्रम्प काफी समय से यूरोप और नाटो देशों को भड़काने वाले बयान दे रहे हैं। वे बार-बार ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण में लेने की बात कर चुके हैं। यूरोप के कई नेताओं और विशेषज्ञों का कहना है कि अगर अमे. रिका ने सच में ताकत के बल पर ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की कोशिश की, तो यह नाटो के लिए अंत की शुरुआत हो सकती है। यूरोपीय देशों ने डेनमार्क के समर्थन में प्रतीकात्मक तौर पर सैनिक भेजे हैं। ब्रिटेन ने सिर्फ एक सैनिक और नार्वे ने दो सैनिक भेजे। यह कदम सैन्य नहीं, बल्कि राजनी. तिक संदेश था। हालांकि इससे भी ट्रम्प नाराज हो गए और उन्होंने डेनमार्क के समर्थन में खड़े यूरोपीय देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। साइप्रस एक छोटा सा आइलैंड है, लेकिन इसकी भौगोलिक और राजनीतिक अहमियत बहुत बड़ी रही है। यह यूरोप, एशिया और मिडिल ईस्ट के बीच स्थित है। लंबे समय तक साइप्रस पर ब्रिटेन का शासन था और 1960 में यह ब्रिटेन से आजाद हुआ। आजादी के समय साइप्रस की आबादी दो हिस्सों में बंटी हुई थी। तब करीब 80 प्रतिशत आबादी ग्रीक मूल की थी और लगभग 18 प्रतिशत तुर्की मूल की। दोनों समुदायों के बीच पहले से तनाव था, इसलिए आजादी के साथ ही एक खास व्यवस्था बनाई गई।



■ नाटो बाहरी दुश्मनों से बचाने के लिए है, लेकिन भीतर के दुश्मनों से हिफाजत के लिए नहीं है

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरुष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर